बैंक ऑफ महाराष्ट्र
Bank of Maharashtra
भारत सरकार का उद्यम
एक परिवार एक बैंक

AX1/ISD/STEX/51/2025-26 Date: 02nd July, 2025

The General Manager Department of Corporate Services, BSE Ltd., P.J Towers, Dalal Street, Fort, Mumbai-400 001	The Vice President Listing Department, National Stock Exchange of India Ltd., Exchange Plaza, Bandra Kurla Complex, Bandra (East), Mumbai-400 051
BSE Scrip Code: 532525	NSE Scrip Code: MAHABANK

Dear Sir/ Madam,

Subject: **Revised Annual Report of the Bank for the FY 2024-25.**

We refer to our letter no. AX1/ISD/STEX/40/2025-26 dated 07.06.2025, vide which Bank has submitted the Annual Report for the FY 2024-25. We have noticed some inadvertent errors in the Annual Report already filed, the details of the same are mentioned hereunder:

1. On Page no. 173, Schedule 16, Operating Expenses, point no. VII, words “including branch auditors“ are added with “Auditors Fees and Expenses” to provide clarity.

2. On Page no. 185, Schedule 18, Table of Regulatory Capital, point no. 1, words “including CCB” are deleted from words “Common Equity Tier 1 capital (CET 1)” for the sake of clarity.

3. On Page no. 226, Table of Exposures, point no. 1, Residential Mortgages, words “Exposure would also include non-fund based (NFB) Limits” are added at the end to provide clarity.

4. On Page no. 232, Table of Quantitative Disclosures, under the heading “Market to Market positions”, the amount of the “Asset” for the FY 2024-25 to be read as “0.02” and the amount of “Credit Exposure” for FY 2024-25 to be read as “639.05”. However, the total amount will remain the same.

5. On Page no. 232, Table of Standard Provision on derivative exposure, the amount of “Credit Exposure on Foreign Exchange Derivative and Total” of the table is revised as “639.05” on account of typographical error.

We are attaching the Revised Annual Report with the aforementioned changes. Copy of Revised Annual Report 2024-25 of the Bank is also available on Bank’s website i.e., https://bankofmaharashtra.in/annual-reports. This is for your information and records.

Yours faithfully,
For Bank of Maharashtra

VISHAL SETHIA
Digitally signed by VISHAL SETHIA
Date: 2025.07.02 12:36:14 +05'30'

(Vishal Sethia)
Company Secretary

Confidential

बैंक ऑफ महाराष्ट्र
Bank of Maharashtra

बैंकिंग की नई उड़ान, सुनहरे भविष्य का निर्माण

Defining New Orbit of Banking

SHAPING THE FUTURE



वार्षिक रिपोर्ट | ANNUAL REPORT: 2024-25

बैंक ऑफ महाराष्ट्र
Bank of Maharashtra

पुरस्कार व सम्मान
AWARDS & ACCOLADES

























अनुक्रमणिका INDEX

क्र. No.	विषय सूची	Contents	पृष्ठ क्र. Page No.
1.	निदेशक मंडल	Board of Directors	1
2.	सीवीओ और महाप्रबंधक	CVO & General Managers	2
3.	प्रबंध निदेशक एवं सीईओ का कथन	Statement of Managing Director & CEO	3
4.	मुख्य कार्य - निष्पादन संकेतक	Key Performance Indicators	13
5.	प्रगति एक नज़र में	Progress at a glance	15
6.	निदेशकों की रिपोर्ट	Directors' Report	16
7.	प्रबंधन चर्चा और विश्लेषण	- Management Discussion and Analysis	16
	- वर्ष 2024-25 का कार्य निष्पादन	- Performance Highlights 2024-25	19
	- प्राथिमकता क्षेत्र ऋण	- Priority Sector Lending	23
	- अग्रणी बैंक योजना	- Lead Bank Scheme	43
	- सहायक कंपनियां / संयुक्त उद्यम और प्रायोजित संस्थाए	- Subsidiaries/Joint Ventures and Sponsored Institutions	44
	- निगमित सामाजिक दायित्व	Corporate Social Responsibility	82
	- राजभाषा नीति का कार्यान्वयन	- Implementation of Official Language Policy	83
	- निदेशकों की जिम्मेदारी का कथन	- Directors' Responsibility Statement	91
	- निदेशक मंडल में परिवर्तन	- Changes in the Board of Directors	91
	- बीआरएसआर रिपोर्ट	- BRSR Report	92
	- आभार	- Acknowledgements	92
8.	कॉर्पोरेट गवर्नेंस रिपोर्ट	Corporate Governance Report	103
9.	तुलनपत्र	Balance Sheet	159
10.	लाभ व हानि लेखा	Profit & Loss Account	161
11.	महत्वपूर्ण लेखा नीतियां	Significant Accounting Policies	174
12.	खातों हेतु टिप्पणियां	Notes to Accounts	185
13.	नकदी प्रवाह का विवरण	Cash Flow Statement	249
14.	लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट	Auditors' Report	250
15.	बेसल III प्रकटन	Basel III Disclosures	267
16.	समेकित वित्तीय विवरण	Consolidated Financial Statements	268

निवेशक शिकायतों के लिए कृपया संपर्क करें:
श्री विशाल सेठिया
कंपनी सचिव
निवेशक सेवाएं विभाग
1501, लोकमंगल,शिवाजी नगर, पुणे -411005
ई-मेल : investor_services@mahabank.co.in
फोन : 020- 25511360

For Investor Grievances, please contact:
Mr. Vishal Sethia
Company Secretary
Investor Services Department
1501, Lokmangal, Shivaji Nagar, Pune -411005
Email : investor_services@mahabank.co.in
Phone : 020- 25511360

सांविधिक लेखा परीक्षक STATUTORY AUDITORS

कृते मेसर्स कीर्तने एंड पंडित एलएलपी
एफआरएन - 105215W/W100057
सनदी लेखाकार
For M/s. Kirtane & Pandit LLP
FRN- 105215W/W100057
Chartered Accountants

कृते मेसर्स सुंदरम एंड श्रीनिवासन
एफआरएन- 004207S
सनदी लेखाकार
For M/s. Sundaram & Srinivasan
FRN- 004207S
Chartered Accountants

कृते मेसर्स जी डी आप्टे एंड कं.
एफआरएन- 100515W
सनदी लेखाकार
For M/s. G D Apte & co.
FRN- 100515W
Chartered Accountants

कृते मेसर्स मनुभाई एंड शाह एलएलपी
एफआरएन-106041W/ W100136
सनदी लेखाकार
For M/s. Manubhai & Shah LLP
FRN-106041W/ W100136
Chartered Accountants

बैंक ऑफ महाराष्ट्र
Bank of Maharashtra

निदेशक मंडल / BOARD OF DIRECTORS

31 मार्च, 2025 की स्थिति के अनुसार / As on 31st March, 2025



श्री निधु सक्सेना
प्रबंध निदेशक एवं सीईओ
Shri Nidhu Saxena
Managing Director & CEO



श्री आशीष पाण्डेय
कार्यपालक निदेशक
Shri Asheesh Pandey
Executive Director



श्री रोहित ऋषि
कार्यपालक निदेशक
Shri Rohit Rishi
Executive Director



डॉ. अभिजीत फुकन
सरकार नामित निदेशक
Dr. Abhijit Phukon
Government Nominee Director



श्री संजीव प्रकाश
आरबीआई नामित निदेशक
Shri Sanjeev Prakash
RBI Nominee Director



श्री प्रवीण कुमार
शेयरधारक निदेशक
Shri Praveen Kumar
Shareholder Director

सीवीओ और महाप्रबंधक / CVO AND GENERAL MANAGERS

31 मार्च, 2025 की स्थिति के अनुसार / As on 31st March, 2025



श्री अमित श्रीवास्तव (सीवीओ)
Shri Amit Srivastava (CVO)



श्री वी. पी. श्रीवास्तव
Shri V. P. Srivastava



श्रीमती चित्रा दातार
Mrs. Chitra Datar



श्री ए. एफ. कबाडे
Shri A. F. Kabade



श्री दिवेश दिनकर
Shri Divesh Dinkar



श्री दिनकर संकपाळ
Shri Dinkar Sankpal



श्री मनोज करे
Shri Manoj Kare



श्री राजेश सिंह
Shri Rajesh Singh



सुश्री अपर्णा जोगळेकर
Ms Aparna Joglekar



श्री के. राजेश कुमार
Shri K. Rajesh Kumar



श्री देवदत्त रोकडे
Shri Devdatta Rokade



श्री अमित कुमार शर्मा
Shri Amit Kumar Sharma



श्री मिलिंद घारड
Shri Milind Gharad



श्री दिनेश सुरेश तांबट
Shri Dinesh Suresh Tambat



श्री प्रदीप श्रीवास्तव
Shri Pradeep Srivastava



श्री मुकेशचंद्र उपाध्याय
Shri Mukeshchandra Upadhyay



डॉ. मोहम्मद जावेद कासिम मोहनवी
Dr. Mohd Javed Qasim Mohnavi



श्री शुभाशीष रॉय
Shri Subhasish Roy



श्रीमती संतोष दुलड़
Mrs. Santosh Dular



श्री गिरीश मोहनराव थोरात
Shri Girish Mohanrao Thorat



श्री शिरीष संतोषराव साळवे
Shri Shirish Santoshrao Salway



निधु सक्सेना
प्रबंध निदेशक एवं सीईओ

Nidhu Saxena
Managing Director & CEO

प्रबंध निदेशक एवं सीईओ का कथन

प्रिय शेयरधारक,

आपके बैंक की 22वीं वार्षिक साधारण बैठक में हम आप सभी का हार्दिक स्वागत करते हैं। आपके अटूट समर्थन और विश्वास के साथ, आपके बैंक ने प्रगति और सेवा के शानदार 90 वर्ष पूरे कर लिए हैं। वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान आपके बैंक के कार्य-निष्पादन की मुख्य विशेषताएं आपके सामने रखना मेरे लिए सौभाग्य और अत्यंत प्रसन्नता की बात है।

आर्थिक और बैंकिंग परिदृश्य:

वैश्विक अर्थव्यवस्था, जिसने सुदृढ़ अनुकूलता के नोट के साथ वर्ष 2025 में प्रवेश किया था, बढ़ते व्यापारिक तनाव के दायरे तथा समय और टैरिफ की गहनता संबंधी संवर्धित अनिश्चितता के भंवर में फंस गई है। हालांकि, यह पुष्टि हो गई कि व्यापार-युद्ध और बढ़ते टैरिफ का, विकास तथा ईंधन मुद्रास्फीति पर हानिकारक प्रभाव, केवल प्रत्यक्ष रूप से शामिल देशों पर ही नहीं, बल्कि संपूर्ण वैश्विक अर्थव्यवस्था पर पड़ सकता है। सुदीर्घ भू-राजनैतिक तनाव, उन्नत अर्थव्यवस्थाओं के बीच मौद्रिक नीति की अलग-अलग ट्रेजेक्टरी तथा व्यापार और नीतिगत बढ़ी हुई अनिश्चितताओं ने वित्तीय बाजार में अस्थिरता को बढ़ा दिया है।

भारत की प्रगति की कहानी ऐसे अशांत वातावरण के बीच आशा की किरण बनी हुई है। हमारा बजट, 'विकसित भारत' के दृष्टिकोण के अनुरूप सर्वसमावेशी, दीर्घकालिक आर्थिक विकास को बढ़ावा देते हुए राजकोषीय अनुशासन के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। चार प्रमुख विकास इंजनों - कृषि, एमएसएमई, निवेश और निर्यात पर रणनीतिक ध्यान देने के साथ-साथ रोजगार की स्थिति में सुधार, केंद्रीय बजट में कर राहत, स्वस्थ कृषि गतिविधियों के साथ मुद्रास्फीति को कम करना, बेहतर आर्थिक दृष्टिकोण के लिए सहायक सिद्ध हुए हैं।

Statement of Managing Director & CEO

Dear Shareholder,

We would like to extend a very warm welcome to each one of you to the 22nd Annual General Meeting of your Bank. With your unwavering support and trust, your Bank has completed 90 glorious years of growth, and service. It is a privilege and a matter of immense pleasure on my part to place the highlights of your Bank's performance during the Financial Year 2024-25 before you.

Economic and Banking Overview:

The global economy, which entered 2025 on a strong note of resilience, is caught in a storm of escalating trade tensions and a heightened wave of uncertainty around the scope, timing, and intensity of tariffs. What is more certain, however, is that trade wars and escalating tariffs could have a deleterious impact on growth and fuel inflation, not just in the countries directly involved but for the global economy. Lingering geopolitical tensions, divergent trajectories of monetary policy across advanced economies, and elevated trade and policy uncertainties have exacerbated financial market volatility.

India's growth story remains a beacon of hope amid the turbulent times. The Budget reaffirms the Government's commitment to fiscal discipline while fostering inclusive, long-term economic growth in line with the vision of 'Viksit Bharat'. With a strategic focus on four key growth engines – agriculture, MSMEs, investment, and exports along with improving employment conditions, tax relief in the Union Budget, moderating inflation with healthy agricultural activity bode well for an improved economic outlook.

आपके बैंक का वित्तीय कार्य-निष्पादन:

मुझे यह बताते हुए प्रसन्नता हो रही है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में; आपके बैंक ने सभी परिचालन पहलुओं और निष्पादन मेट्रिक्स में असाधारण प्रगति प्रदर्शित की है। हमने अपनी सतत वृद्धि जारी रखी है और उद्योग के मानकों से कहीं आगे बढ़कर प्रदर्शन किया है।

व्यवसाय

- कुल व्यवसाय 31.03.2024 के ₹4,74,411 करोड़ से 15.30% बढ़कर 31.03.2025 को ₹5,46,979 करोड़ हो गया।
- कुल जमाराशियां 31.03.2024 के ₹2,70,747 करोड़ से 13.44% बढ़कर 31.03.2025 को ₹3,07,143 करोड़ हो गई।
- कासा जमाराशियां 31.03.2024 के ₹1,42,774 करोड़ से 14.63% बढ़कर 31.03.2025 को ₹1,63,657 करोड़ हो गई।
- सकल अग्रिम 31.03.2024 के ₹2,03,664 करोड़ से 17.76% बढ़कर 31.03.2025 को ₹2,39,837 करोड़ हो गए।

लाभप्रदता

- निवल लाभ वित्तीय वर्ष 24 के ₹4,055 करोड़ से 36.12% बढ़कर 31.03.2025 को ₹5,520 करोड़ तक पहुँच गया।
- परिचालन लाभ वित्तीय वर्ष 24 के ₹8,005 करोड़ से 16.41% बढ़कर वित्तीय वर्ष 25 में ₹9,319 करोड़ हो गया।
- निवल ब्याज आय (एनआईआई) वित्तीय वर्ष 24 के ₹9,822 करोड़ से 18.77% बढ़कर वित्तीय वर्ष 25 में ₹11,666 करोड़ हो गईं।
- निवल ब्याज मार्जिन (एनआईएम) में 8 आधार अंकों का सुधार हुआ, जो वित्तीय वर्ष 24 के 3.92% की तुलना में वित्तीय वर्ष 25 में 4% तक पहुँच गया।
- शुल्क-आधारित आय वित्तीय वर्ष 24 के ₹1,582 करोड़ से 10% बढ़कर वित्तीय वर्ष 25 में ₹1,741 करोड़ हो गई।

दक्षता अनुपात

- लागत-से-आय अनुपात वित्तीय वर्ष 24 के 37.55% की तुलना में वित्तीय वर्ष 25 में 38.37% रहा।
- परिसंपत्तियों से आय (आरओए) वित्तीय वर्ष 24 के 1.50% से बढ़कर वित्तीय वर्ष 25 में 1.75% हो गई।
- इक्विटी पर आय (आरओई) वित्तीय वर्ष 25 में 22.92% पर मजबूत बनी रही।
- प्रति कर्मचारी कुल व्यवसाय वित्तीय वर्ष 24 के रु.35 करोड़ की तुलना में वित्तीय वर्ष 25 में सुधरकर ₹37.44 करोड़ हो गया।

Financial Performance of Your Bank

I am delighted to share that in the Financial Year 2024-25; your Bank demonstrated exceptional advancement across all operational aspects and performance metrics. We have continued our sustainable growth and exhibited a performance, which has exceeded the industry benchmarks.

Business

- Total Business grew by 15.30% to ₹5,46,979 crore as on 31.03.2025 from ₹4,74,411 crore as on 31.03.2024.
- Total Deposits increased by 13.44% to ₹3,07,143 crore as on 31.03.2025 from ₹2,70,747 crore as on 31.03.2024.
- CASA Deposits rose by 14.63% to ₹1,63,657 crore as on 31.03.2025 from ₹1,42,774 crore as on 31.03.2024.
- Gross Advances grew by 17.76% to ₹2,39,837 crore as on 31.03.2025, from ₹2,03,664 crore as on 31.03.2024.

Profitability

- Net Profit increased by 36.12%, reaching ₹5,520 crore as on 31.03.2025, compared to ₹4,055 crore in FY24.
- Operating Profit grew by 16.41% to ₹9,319 crore in FY25 from ₹8,005 crore in FY24.
- Net Interest Income (NII) rose by 18.77% to ₹11,666 crore in FY25, up from ₹9,822 crore in FY24.
- Net Interest Margin (NIM) improved by 8 basis points, reaching 4% in FY25 compared to 3.92% in FY24.
- Fee-based income increased by 10% to ₹1,741 crore in FY25 from ₹1,582 crore in FY24.

Efficiency Ratios

- Cost-to-Income Ratio stood at 38.37% in FY25, compared to 37.55% in FY24.
- Return on Assets (ROA) improved to 1.75% in FY25, from 1.50% in FY24.
- Return on Equity (ROE) remained healthy at 22.92% in FY25.
- The Total business per employee improved to ₹ 37.44 Cr. in FY25 as against ₹ 35 Cr. in FY24.

आस्ति गुणवत्ता:

पोर्टफोलियो क्वालिटी में सुधार संबंधी हमारे केंद्रित प्रयासों के परिणामस्वरूप, आपके बैंक का एनपीए अनुपात अब उद्योग के सबसे बेहतरीन में से एक है।

- सकल एनपीए 31.03.2024 के 1.88% से घटकर 31.03.2025 को 1.74% हो गया।
- निवल एनपीए 31.03.2024 के 0.20% की तुलना में 31.03.2025 को घटकर 0.18% हो गया।
- प्रावधान कवरेज अनुपात (पीसीआर) 31.03.2024 के 98.34% की तुलना में 31.03.2025 को 98.26% पर मजबूत बना रहा।

पूंजी पर्याप्तता:

- आपके बैंक ने अपनी मजबूत पूंजी स्थिति को बनाए रखा है, जिसने विनियामक सीमाओं को आसानी से पार कर लिया है। हमारा कुल बेसल III पूंजी पर्याप्तता अनुपात (CRAR), 15.83% के कॉमन इक्विटी टियर-1 अनुपात के साथ और बेहतर होकर 20.53% रहा।

लाभांश:

- मुझे आपको यह बताते हुए प्रसन्नता हो रही है कि आपके बैंक ने 31 मार्च 2025 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए बैंक के निवल लाभ से पूर्णतः प्रदत्त ₹ 10 के प्रत्येक इक्विटी शेयर पर ₹1.50 का लाभांश प्रस्तावित किया है। वर्तमान वर्ष का लाभांश यानी 15% पिछले वर्ष घोषित लाभांश की तुलना में अधिक है।

डिजिटल रूपांतरण:

आपका बैंक झंझट-रहित सेवाओं की सुविधा देने और ग्राहकों के साथ-साथ कर्मचारियों के लिए बैंकिंग अनुभव को आसान बनाने के उद्देश्य से अपने डिजिटल बुनियादी ढांचे को लगातार बेहतर बना रहा है। बैंकिंग अनुभव के संवर्धन के लिए बैंक अत्याधुनिक तकनीक को अपना रहा है और डिजिटलीकरण के क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए, सर्वश्रेष्ठ उत्पादों और सेवाएं के साथ, मार्केट प्लेयर्स से सार्थक सहयोग कर रहा है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में बैंक द्वारा किए गए कुछ उल्लेखनीय प्रयास इस प्रकार हैं:

- बैंक ने संपूर्ण एंड-टू-एंड डिजिटलीकरण प्रक्रिया के साथ पीएम स्वनिधि ऋण प्रोसेस के लिए सीधी प्रक्रिया (एसटीपी) आरंभ करने का ऐतिहासिक कदम उठाया है। बैंक ने डिजिटल मुद्रा, डिजिटल पर्सनल लोन, कार्यशील पूंजी का ऑटो रिन्यूअल, डिजिटल पीएम विश्वकर्मा स्कीम, एमएसएमई के लिए ई-जीएसटी स्कीम, डिजिटल गोल्ड लोन और डिजिटल कार लोन आदि ग्राहकों से जुड़ी एसटीपी यात्राओं को भी सक्षम बनाया है। हमारी कुछ नए प्रस्ताव आरंभ करने की योजना है, जिसमें डिजिटल कॉर्पोरेट सैलरी अकाउंट खोलना, अर्जित सैलरी एडवांस, एटीएल डेयरी लोन, किसान तत्काल लोन आदि शामिल हैं, जो भविष्य में आपके बैंक की डिजिटल सुविधाओं को नए सिरे से परिभाषित करेंगे।
- ग्राहक ऑनबोर्डिंग को आसान बनाने के लिए आपके बैंक ने

Asset Quality:

Our focused endeavors to improve portfolio quality have resulted in NPA ratios of your Bank, which is now among the industry's finest.

- Gross NPA reduced to 1.74% as on 31.03.2025, from 1.88% as on 31.03.2024.
- Net NPA declined to 0.18% as on 31.03.2025, compared to 0.20% as on 31.03.2024.
- Provision Coverage Ratio (PCR) remained robust at 98.26% as on 31.03.2025, as against 98.34% as on 31.03.2024.

Capital Adequacy:

- Your Bank continues to maintain a robust capital position, surpassing regulatory thresholds with ease. Our Total Basel III Capital adequacy ratio (CRAR) further improved to 20.53 % with Common Equity Tier 1 ratio of 15.83 %.

Dividend:

- I am happy to inform you that your Bank has proposed a dividend of ₹ 1.50 per every fully paid-up equity share of ₹10 from the Bank's net profit for the financial year ended 31st March 2025. The current year dividend i.e.,15% is higher than that declared in the previous year.

Digital Transformation:

Your Bank has been consistently improving its digital infrastructure with an aim to facilitate hassle-free services and improve the ease of banking experience for customers as well as staff. Bank is onboarding state of the art technology to enhance the banking experience and making meaningful collaborations with market players to excel in the digitalization realm, with best-in-class products and services. Some of the notable measures undertaken by the bank in FY 2024-25 are as under.

- The Bank took a historic stride by introducing straight through process (STP) journey for PM SVANidhi loan with complete end-to-end digitalization process. The bank has also enabled several customers facing STP journeys viz. Digital Mudra, Digital Personal loan, Auto Renewal of Working Capital, Digital PM Viswakarma Scheme, E-GST scheme for MSMEs, Digital Gold loan and Digital Car loan etc. We also have a healthy pipeline of new offerings which includes opening of Digital Corporate Salary Account, earned salary advance, ATL dairy loan, Kisan Tatakal loan etc. which will redefine your Bank's digital facilities in future.
- Your bank has taken a big leap in terms of ease of

वीडियो-केवाईसी लागू करते हुए एक बड़ा कदम उठाया है, जो ग्राहकों को भौतिक दस्तावेज़ीकरण की आवश्यकता के बिना कहीं से भी खाता खोलने की अपनी पूर्ण सुरक्षित और अनुपालित वीडियो केवाईसी प्लेटफ़ॉर्म सुविधा प्रदान करता है। इसने ग्राहक सुविधा को बढ़ा दिया है और अब वे अपनी सुविधानुसार रविवार और अवकाश के दिन भी अपने खाते खोल सकते हैं। साथ ही, आपके बैंक ने खाता सुरक्षा और ग्राहक सुविधा बढ़ाने के लिए, ऑनलाइन खाता नामांकन सुविधा भी प्रदान की है।

customer onboarding by implementing Video-KYC which facilitates customers through its secure and fully compliant Video KYC platform to open accounts remotely without the need for physical documentation. This has enhanced the customer convenience as they can now open their accounts at their convenience which includes Sundays and holidays. Further, your bank has enabled online account nomination facility to enhance account security and customer convenience.

- मोबाइल बैंकिंग और इंटरनेट बैंकिंग का उपयोग करते हुए, ग्राहक आसानी से फिक्स्ड डिपॉजिट (ईएफडी) और आवर्ती जमा (आरडी) खाते खोल और प्रबंधित कर सकते हैं। इस कदम से बैंक के व्यवसाय में भी काफी वृद्धि हुई है। इन चैनलों के माध्यम से बैंक तत्काल ऋण सुविधा चाहने वाले ग्राहकों की जरूरतों के अनुसार उनकी जमाराशियों पर ऋण भी दे रहा है।

- Further, while using Mobile Banking and Internet Banking, customers can seamlessly open and manage Fixed Deposit (eFD) and Recurring Deposit (RD) accounts. This move has substantiated to Bank's business significantly as well. Through these channels Bank is also offering loan against deposit to cater to the needs of customer seeking instant facility.

- आपके बैंक ने अब तक 78 से अधिक प्रक्रियाओं में रोबोटिक प्रोसेस ऑटोमेशन (RPA) का कार्यान्वयन किया है, जिससे परिचालन संबंधी व्यवधानों को दूर करने और विभिन्न क्षेत्रों में समुचित संचालन प्रणाली सुनिश्चित करने में मदद मिली है। एक उदाहरण पेश करते हुए, आपके बैंक ने RPA तकनीक कार्यान्वित करके महाराष्ट्र सरकार की ओर से "नमो शेतकरी निधि योजना" को सक्षम किया है। बैंक अपनी परिचालन दक्षता के संवर्धन के लिए कई अन्य तयशुदा प्रक्रियाओं में RPA को लागू करने हेतु प्रक्रियाधीन है।

- Your Bank has implemented Robotic Process Automation (RPA) in more than 78 processes so far, which has helped in removing operational redundancy and ensuring an agile operation system in various segments. In a glowing testimony, your bank by implementing RPA Technology has enabled "Namo Shetkari Nidhi Yojna" on behalf of Govt. Of Maharashtra. Bank is in the process of implementing RPA in several other identified processes to augment its operational efficiency further.

- आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) के बढ़ते अनुप्रयोग को ध्यान में रखते हुए, आपके बैंक ने AI-संचालित इंटरैक्टिव वॉयस असिस्टेंट कॉलिंग सुविधा को सफलतापूर्वक लागू किया है। साथ ही, लागत प्रभावी तरीके से बेहतर दक्षता और ग्राहक अनुभव के साथ हमारी आउटबाउंड कॉलिंग सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए नवाचार को बढ़ावा देते हुए इसने हमारी डिजिटल सेवाओं को और मजबूत किया है। आपके बैंक ने रिटेल आवास ऋण श्रेणी में अनर्जक आस्ति (एनपीए) की प्रवृत्तियों, ऋण वसूली और दबावग्रस्त ऋणों का पूर्वानुमान लगाने के लिए एआई-संचालित पूर्वानुमान विश्लेषण का भी सफलतापूर्वक कार्यान्वित किया है।

- Considering the growing application of Artificial Intelligence (AI), your Bank has successfully implemented AI-driven interactive voice assistant calling solution. This has given a strong boost to our digital services while driving innovation to improve our outbound calling services with improved efficiency and customer experience in a cost-effective manner. Your Bank has also successfully implemented AI-powered Predictive Analysis to forecast Non-Performing Asset (NPA) trends, debt recovery prediction, and stress prediction in the retail housing loan segment.

- हमने अपनी कार्यक्षमताओं का विस्तार करते हुए कई अतिरिक्त सेवाओं को शामिल किया है, जिसमें बैंकिंग को ग्राहकों की उंगलियों पर ले जाते हुए मोबाइल बैंकिंग में 30, इंटरनेट बैंकिंग में 06 और वाट्सएप बैंकिंग में 19 विविध सेवाएं शामिल हैं। नई पीढ़ी के उपयोगकर्ताओं को ध्यान में रखते हुए वाट्सएप बैंकिंग को भी नया स्वरूप दिया गया है।

- We have significantly expanded our functionalities incorporated additional services, which includes 30 in Mobile Banking, 6 in Internet Banking and 19 in WhatsApp Banking with multiple facilities encompassing banking at the fingertip. WhatsApp banking also has whole new dimension keeping in view of the new generation users.

- बैंक के यूपीआई चैनल में महत्वपूर्ण सेवाओं को सक्षम करके संवर्धित किया गया है, जिसमें यूपीआई लाइट की शुरूआत, पिन की आवश्यकता के बिना तीव्र और कम लागत लेन-देन को सक्षम करना, ग्राहक सुविधा में सुधार करना शामिल है।

- Bank's UPI channel has been enhanced significantly by enabling vital services which includes introduction of UPI Lite, enabling faster and low-value transactions without the need for a PIN, improving customer convenience.

- आपके बैंक ने बैंक के सभी एटीएम में नवीनतम तकनीक लागू करते हुए उन्हें आसानी से पहुंच योग्य बना दिया है और बैंकिंग सेवाओं को आधुनिक बनाया है, जिसमें दिव्यांगों के अनुकूल सुविधाओं वाले

- Your Bank has ensured enhanced accessibility and modernize banking services by replacing all ATMs of the Bank with the latest technology which includes ATMs /

एटीएम/रि-साइक्लर शामिल हैं। स्व-अद्यतन पासबुक कियोस्क और मल्टीफंक्शन कियोस्क विभिन्न महत्वपूर्ण स्थानों पर लगाए गए हैं। बैंक ने परिचालन दक्षता को संवर्धित करते हुए 500 से अधिक नए एटीएम और कैश रि-साइक्लर स्थापित करके अपने एटीएम नेटवर्क का उल्लेखनीय विस्तार किया है।

- सर्वोत्तम बैंकिंग सेवाओं का लाभ प्रदान करने के लिए आपका बैंक, बैंकिंग उद्योग के प्लेयर्स के साथ सार्थक सहयोग की संभावनाएं तलाश रहा है। बैंक ने अब तक रणनीतिक रूप से वित्तीय सेवा सुविधाओं सहित 139 से अधिक फिनटेक (वित्तीय प्रौद्योगिकी) समूहों को शामिल किया है और विभिन्न तकनीकी पहलों के लिए 15 से अधिक फिनटेक के साथ कार्य कर रहा है।

- समन्वित ग्राहक अनुभव के लिए, आपके बैंक ने ग्राहकों की दैनिक जीवन शैली को समृद्ध करने के लिए वित्तीय सेवाओं को नए फीचर्स के साथ जोड़ने हेतु लाइफस्टाइल बैंकिंग एप्लिकेशन का विकास किया है।

- डिजिटलीकरण के क्षेत्र में आपके बैंक द्वारा किए गए इन सभी प्रयासों के शानदार परिणाम परिलक्षित हुए हैं और 31.03.2025 को डिजिटल बिजनेस ज़ोन के माध्यम से आपके बैंक ने ₹6,700 करोड़ से अधिक का नया व्यवसाय सफलतापूर्वक संग्रहित किया है।

ग्राहक केंद्रितता:

- आपका बैंक ग्राहक केंद्रितता के लिए प्रतिबद्ध है क्योंकि यह हमारे बुनियादी मूल्यों में गहराई से समाहित है। आपके बैंक ने बैंकिंग अनुभव को सहज बनाने के लिए विभिन्न अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी संचालित सेवाओं को अपनाया है और यह ग्राहकों की बदलती अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए अभूतपूर्व प्रयास जारी रखे हुए है।

- अधिकतम ग्राहकों तक पहुंचने और उन्हें हमारे प्रीमियम बैंकिंग अनुभवों से परिचित कराने हेतु विभिन्न डिजिटलीकरण पहलों के अलावा, आपके बैंक ने पूरे देश में अपनी वृद्धिगत उपस्थिति दर्ज की है।

- वर्ष 2024-25 में ही आपके बैंक ने 120 शाखाएँ खोली हैं, जिनमें भारत के सर्वोच्च न्यायालय में खोली गई अत्याधुनिक शाखा भी शामिल है, जिससे वित्तीय वर्ष 2025 में हमारी शाखाओं की संख्या 2606 पहुंच गई है। बैंक को पहले ही मंजूरी मिल चुकी है और वह बहुत जल्द गिफ्ट सिटी, गांधीनगर, गुजरात में आईएफएससी बैंकिंग इकाई (IBU) स्थापित करने जा रहा है।

- हमारा वर्तमान नेटवर्क अब 50 अंचलों, 2606 शाखाओं, 2402 एटीएम और 6005 व्यवसाय प्रतिनिधियों (BC) के साथ 28 राज्यों और 07 केंद्र शासित प्रदेशों में फैला हुआ है, जिसमें बैंक मित्रों द्वारा सेवा प्रदान किए जाने वाले 155 ग्राहक सेवा प्वाइंट्स (CSP) भी शामिल हैं। बीसी एक महत्वपूर्ण चैनल हैं और हम इनकी संख्या में वृद्धि कर रहे हैं। शीघ्र ही, यह संख्या 10,000 तक पहुँचाने की हमारी योजना है।

Recyclers with disability friendly features. Self-update Passbook Kiosks and Multifunction Kiosks are strategically deployed at various locations. Bank has expanded its ATM network significantly by installing over 500+ new ATMs & Cash Recyclers brining marked changes in the operational efficiency.

- Your Bank is exploring possibilities for meaningful collaborations with the industry players for leveraging best banking services. Bank has strategically on boarded more than 139 Fintechs (Financial Technology) with a suite of financial services and working with more than 15 Fintechs for various technological initiatives.

- To have an integrated customer experience, your Bank has undertaken development of lifestyle banking application to combine financial services with features to enrich daily lifestyle.

- All these efforts made by your Bank in the digitalization realm is reaping great results as your Bank through its Digital Business Zone has successfully mobilized business of over ₹6,700 Cr. as of 31.03.2025.

Customer Centricity:

- Your Bank is committed to customer centricity as it is deeply imbibed in our core values. Your Bank has adopted various cutting-edge technology driven services to make banking experience seamless and continues to undertake groundbreaking efforts to meet the evolving customer expectations.

- In addition to various digitalization initiatives with a motto to reach out to maximum number of customers and enable them with our premium banking experience, your bank has extended its footprints across the country.

- In 2024-25 alone your bank has opened 120 branches which includes state of the art branch in Supreme Court of India taking our number of branches to 2606 in FY-25. Bank has already received the approval and is in the process of setting up IFSC Banking Unit (IBU) at Gift City, Gandhinagar, Gujarat very soon.

- Our current network is now spread across 28 states and 7 Union Territories with 50 Zones, 2606 Branches, 2402 ATMs and 6005 Business Correspondents (BC) which includes 155 customer Service Points (CSPs) serviced by the Bank Mitras. BCs are an important channel, and we are ramping up the numbers and planning to reach the count to 10,000 very soon.

- साथ ही, आपके बैंक ने हाउसिंग फाइनेंस शाखा, मिड-कॉरपोरेट शाखा, कॉरपोरेट फाइनेंस शाखा, एग्री हाई-टेक शाखा आदि जैसी विशेषीकृत शाखाओं की संख्या बढ़ाने पर भी जोर दिया है, जिससे हमारे ग्राहकों को निर्बाध ऋण संवितरण का लाभ प्राप्त हुआ है।

- आपका बैंक चैटबॉट, वाट्सएप बैंकिंग, ऑनलाइन नामांकन सुविधा, वीडियो केवाईसी आदि जैसी सर्वोत्तम बैंकिंग सेवाओं का लाभ प्रदान कर रहा है, जो हमारे ग्राहकों के बैंकिंग अनुभव को समृद्ध करने के साथ ही सुविधाजनक समग्र बैंकिंग आनंद में भी संवर्धन कर रहा है।

हमारी जनशक्ति:

बैंक ऑफ महाराष्ट्र में, हमारी जनशक्ति हमारी सबसे बड़ी ताकत है, जो अपने समर्पण और नवोन्मेषी प्रयासों के साथ संगठन को निरंतर उत्कृष्टता की ओर ले जा रही है। हमें गर्व है कि हम 28% महिला कर्मचारियों के साथ एक वैविध्यपूर्ण और समावेशी कार्यबल को बढ़ावा देते हुए, कम प्रतिनिधित्व वाले समूहों को सशक्त बनाने के लिए विशिष्ट पहलें कर रहे हैं।

युवाओं को सशक्त बनाने और खेलों में लैंगिक समानता को बढ़ावा देने के सरकार के दृष्टिकोण के अनुरूप, आपके बैंक ने भारत की पहली पूर्ण महिला वॉलीबॉल टीम की भर्ती की है, जिसमें असाधारण रूप से प्रतिभाशाली खिलाड़ी शामिल हैं, जिन्हें राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खेलने का अनुभव है और उन्होंने विश्व टूर्नामेंटों में भारत का प्रतिनिधित्व किया है। साथ ही, बैंक ने विभिन्न संवर्गों में 265 विशेषज्ञ अधिकारियों और कार्यपालकों की भर्ती करके अपनी कार्य-क्षमताओं का संवर्धन किया है, जिससे विविध क्षेत्रों में विशेषज्ञता के साथ सक्षम और प्रवीण कार्यबल अब हमें उपलब्ध है।

अपनी समुन्नत मानव संसाधन प्रबंधन प्रणाली (HRMS) के माध्यम से, हम अपने कर्मचारियों को उनकी सेवा यात्रा के हर चरण में अपेक्षित सहयोग प्रदान करनेवाली प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित कर रहे हैं। 37 वर्ष की औसत कर्मचारी आयु वाले युवा और जोशीले संगठन के रूप में, पेशेवर विकास के लिए हमारी प्रतिबद्धता व्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रमों, नेतृत्व विकास पहलों और उद्योग सहयोगों में परिलक्षित होती है, जो यह सुनिश्चित करती है कि हमारी टीम नवोन्मेष और विशेषज्ञता के क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ रहे। मानसिक बल सुदृढ़ीकरण, कार्य-निष्पादन से जुड़े प्रोत्साहन और महिलाओं के लिए बेहतर लाभों सहित, विभिन्न कल्याणकारी उपायों की श्रृंखला द्वारा समर्थित हमारा व्यक्ति-प्रथम (People First) दृष्टिकोण, एक ऐसे कार्यस्थल सृजन के हमारे मिशन को रेखांकित करता है, जो प्रत्येक कर्मचारी को समुचित महत्व देता है और उनके गुणों का संवर्धन करता है।अपने कर्मचारियों को सुविधाजनक और आरामदायक आवासीय सुविधा प्रदान करने के लिए, बैंक ने पुणे में 40 आवासीय फ्लैट खरीदे हैं, ताकि कर्मचारियों को नए आवास खोजने की चुनौतियों का सामना न करना पड़े और उन्हें सहजता से निवास की सुविधा प्राप्त हो सके।

एक साथ मिलकर, हम एक ऐसे भविष्य की ओर अग्रसर हैं, जिसे योग्यता, जुनून और साझा सफलताएं परिभाषित करती हैं, ताकि हम अपने ग्राहकों को बैंकिंग की सर्वोत्तम सेवाएँ प्रदान कर सकें।

- Further, Your Bank has also given thrust on increasing specialized branches like Housing Finance Branch, Mid-Corporate branch, Corporate Finance Branch, Agri Hi-Tech branch etc. which have benefited our customers immensely with seamless delivery.

- Your bank is leveraging best banking services like chatbots, WhatsApp banking, online nomination facility, Video KYC etc. which is adding fillip to our customer experience and enhancing customer delight.

Our People:

At Bank of Maharashtra, our people are our greatest strength, driving the organization towards excellence with their dedication and innovation. We pride ourselves on fostering a diverse and inclusive workforce with women comprising 28%, and targeted initiatives to empower underrepresented groups.

In a move that aligns with the government's vision of empowering youth and promoting gender equality in sports, your Bank has recruited India's first all-women volleyball team constituting exceptionally talented players who played at National/ International level and represented India in the world tournaments. Further, the Bank has enhanced its capabilities by recruiting 265 specialist officers and executives across different cadres, ensuring a well-equipped and highly skilled workforce with expertise in diverse domains.

Through our advanced Human Resource Management System (HRMS), we streamline processes to support employees at every stage of their journey. As a young and agile organization with an average employee age of 37, our commitment to professional growth is reflected in extensive training programs, leadership development initiatives, and industry collaborations, ensuring our team remains at the forefront of innovation and expertise. Complemented by a range of welfare measures including mental health support, performance-linked incentives, and enhanced benefits for women, our people-first approach underscores our mission to create a workplace that values and nurtures every individual. To facilitate convenient and comfortable housing for its employees, the bank has purchased 40 residential flats in Pune, effectively addressing the challenges of finding new accommodations and ensuring a smooth living experience.

Together, we are building a future defined by competence, passion, and shared success to deliver best in class services to our customers.

पर्यावरणीय, सामाजिक और अभिशासनिक (ईएसजी) पद्धतियां:

आपका बैंक कुल राजस्व (टॉप-लाइन) के साथ-साथ निवल लाभ (बॉटम-लाइन) में भी शानदार प्रदर्शन कर रहा है, इसलिए हम आपको भरोसा दिलाते हैं कि हमारा हर कार्य एक सतत विकासशील और सुदृढ़ बैंक निर्माण के हमारे उत्तरदायित्व के अनुरूप ही होगा। हम अपने कार्बन फुट-प्रिंट को सीमित करने, बैंकिंग सेवाओं को समाज के अंतिम छोर के व्यक्ति तक पहुँचाने और हाशिए पर मौजूद समुदाय के प्रति सामाजिक दायित्व निभाने के इरादे से अपने बैंकिंग व्यवसाय को पूरी जिम्मेदारी से संचालित कर रहे हैं।

Environmental, Social & Governance (ESG) Practices:

As your Bank is excelling in both topline as well as bottom-line, we are ensuring that our every action transpires to our responsibility towards building a sustainable Bank. We are carrying out our business in a responsible manner with an intent to limit our carbon footprint, making the banking service available to the person standing at the last mile and carrying out social responsibility towards the marginal community.

पर्यावरणीय पहलें:

- आपके बैंक की "महा ग्रीन पहल" एक ईएसजी पहल है, जिसका उद्देश्य हमारे संगठन में सभी इकाइयों के सक्रिय सहयोग को प्रोत्साहित करना है। आपका बैंक पर्यावरण अनुकूल क्षेत्रों को ऋण प्रदान करने को बढ़ावा देने के लिए इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी), सौर परियोजनाओं, पीएम-सूर्य घर योजना, ग्रीन हाउसिंग पहलों के वित्तपोषण के लिए तैयार की गई 'महाबैंक ग्रीन फाइनेंसिंग' के अंतर्गत ऋण उत्पादों की एक श्रृंखला प्रस्तुत कर रहा है।
- आपका बैंक पर्यावरण के अनुकूल ई-कचरे को सक्रिय रूप से रि-साइकिल कर रहा है और सैकड़ों टन कार्बन उत्सर्जन को कम कर रहा है।
- स्थायित्व की हमारी प्रतिबद्धता के भागस्वरूप, विशेषकर हमारे स्वामित्व वाले परिसरों में सौर पैनलों की स्थापना करते हुए, आपके बैंक ने नवीकरणीय ऊर्जा सोल्यूशन्स में निवेश किया है।
- आपका बैंक दैनंदिन गतिविधियों के डिजिटलीकरण और ई-मीटिंग जैसी विभिन्न पहलों द्वारा समर्पित रूप से, कागज़ के उपयोग को निरंतर कम कर रहा है।
- कार्बन फुटप्रिंट को कम करने की दिशा में एक कदम उठाते हुए, आपका बैंक अब तिमाही आधार पर स्कोप-1 और स्कोप-2 ग्रीन हाउस गैस (जीएचजी) उत्सर्जन की सक्रिय निगरानी और रिपोर्टिंग कर रहा है।
- आपके बैंक ने पर्यावरण अनुकूल गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के लिए नीतियों और रणनीतियों को तैयार करने के लिए एक कार्यपालक स्तर की समिति (ग्रीन सेल) भी स्थापित की है।

Environmental initiatives:

- Through “Maha Green Pehal”, an ESG initiative by your Bank, which aims to encourage active participation of all units within the organisation. Under ‘Mahabank Green Financing’ your bank is offering a range of loan products tailored for financing Electric Vehicles (EVs), Solar projects, PM-Surya Ghar scheme, Green housing initiatives in order to promote lending to environment-friendly sectors.
- Your Bank is recycling the eco-friendly E-Waste proactively and reducing carbon emission by hundreds of tons.
- As part of our commitment to sustainability, your Bank has invested in renewable energy solutions, specifically through the installation of solar panels at our owned premises.
- Your Bank is dedicatedly reducing paper usage through various initiatives such as digitalization of activities and e-meetings.
- As a step towards reducing the carbon footprints, your Bank is now actively monitoring and reporting Scope 1 and Scope 2 Green House Gas (GHG) emissions on a quarterly basis.
- Your Bank has also established an executive level committee (Green Cell) to frame policies and strategies to encourage environment friendly activities.

सामाजिक पहलें:

- सभी भारतीयों के समावेशी विकास को बढ़ावा देने के लिए आपका बैंक, समर्पित रूप से पूरे देश में वित्तीय समावेशन की सुविधा प्रदान कर रहा है। आपके बैंक का लक्ष्य सभी क्षेत्रों के व्यक्तियों को सशक्त बनाना और यह सुनिश्चित करना है कि वित्तीय सेवाएं देश के हर कोने तक पहुंचे।
- मुझे यह बताते हुए प्रसन्नता हो रही है कि आपके बैंक ने क्रांतिकारी जेएएम (जन धन-आधार-मोबाइल) ट्रिनिटी मिशन में सक्रिय रूप से सहभागिता करते हुए, अपनी सहायक संस्था महाराष्ट्र ग्रामीण बैंक के साथ मिलकर 2024-25 में 9.49 लाख जन धन खाते खोले हैं। यह उपलब्धि वित्तीय समावेशन का विस्तार करने और प्रत्येक व्यक्ति की आवश्यक बैंकिंग सेवाओं तक पहुँच सुनिश्चित करने की हमारी अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाती है। आपका बैंक अपने विभिन्न चैनलों के माध्यम से ग्राहकों के आधार और मोबाइल नंबर की अधिकतम सीडिंग का हर संभव प्रयास कर रहा है। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना और अटल पेंशन योजना जैसी जन सुरक्षा (JSY) योजनाओं को सुविधाजनक रूप से उपलब्ध कराने में आपके बैंक ने उल्लेखनीय योगदान दिया है।
- आपका बैंक किसानों और वंचित वर्ग की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए नए उत्पाद तैयार करने हेतु निरंतर प्रयासरत रहता है। आपके बैंक का कृषि ऋण पोर्टफोलियो 31.03.2024 की तुलना में 16.71% की वृद्धि के साथ 31.03.2025 को ₹ 35,547 करोड़ तक पहुँच गया। हमारी प्राथमिकता क्षेत्र ऋण बही वित्तीय वर्ष 24 की तुलना में 10% की वृद्धि के साथ वित्तीय वर्ष 25 में ₹ 94,805 करोड़ हो गई। इसके अलावा, महिला लाभार्थियों को ऋण देने में 31.03.2025 तक 29% की वृद्धि हुई और यह ₹19,542 करोड़ हो गया, जिससे उन्हें विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत उत्पादों की एक व्यापक श्रृंखला उपलब्ध कराई गई।

- समावेशी विकास को बढ़ावा देने तथा एक बेहतर और समतावादी समाज के निर्माण में योगदान देने की दृष्टि से, आपके बैंक ने महिला सशक्तिकरण, खेल और कौशल विकास, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, पर्यावरण, वन्यजीव संरक्षण, स्वच्छता, अनुसंधान और विकास परियोजनाओं आदि में सीएसआर गतिविधियों के माध्यम से उल्लेखनीय योगदान दिया।

- पर्यावरण संरक्षण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता स्वरूप,आपके बैंक ने भारत की प्रोजेक्ट टाइगर पहल को बढ़ावा देते हुए, रणथम्भौर टाइगर रिजर्व को अपना सहयोग प्रदान करने की प्रतिबद्धता दर्शाई है तथा अभयारण्य की बढ़ती बाघ आबादी की रक्षा में सहायक,अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरणों से सुसज्जित बचाव वाहन उपलब्ध कराया है। इसके अतिरिक्त, हमने केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान (पूर्ववर्ती भरतपुर पक्षी अभयारण्य), भरतपुर को इलेक्ट्रिक कार्ट्स उपलब्ध कराई हैं, जिससे अभयारण्य में पर्यावरणिक सुसज्ज परिवहन को बढ़ावा मिलेगा।

Social Initiatives:

- Your Bank is dedicatedly leveraging financial inclusion to foster inclusive growth for all Indians, spanning across the country. Your Bank aims to empower individuals from all walks of life, ensuring that access to financial services reaches every corner of the country.
- I am happy to share that adding proactively to the revolutionary JAM (Jan Dhan- Aadhar-Mobile) trinity Mission your Bank and its associate Maharashtra Gramin Bank have collectively opened 9.49 lakh Jan Dhan accounts in 2024-25. This accomplishment reflects our unwavering commitment to expanding financial inclusion and ensuring that every individual has access to essential banking services. Your Bank is putting all out efforts through its various channels to maximize seeding of Aadhar and Mobile number of customers. Your Bank's efforts stands out in facilitating Jan Suraksha (JSY) Schemes - Pradhan Mantri Jeevan Jyoti Bima Yojana, Pradhan Mantri Suraksha Bima Yojana and Atal Pension Yojana.
- Your Bank endeavors constantly to devise products to meet the needs of agriculturists and marginalized segment. Your Bank's Agriculture credit portfolio reached to ₹ 35,547 crore as of 31.03.2025 with a growth of 16.71% over 31.03.2024. Our priority sector loan book stood at ₹ 94,805 crore in FY 25 with a 10% growth over FY24. Moreover, lending to women beneficiaries enhanced by 29% to ₹19,542 Cr as on 31.03.2025, facilitating them with a wide range of products under different schemes.

- With a vision to foster inclusive growth and contribute to building a better and equitable society, your bank has contributed significantly through CSR activities to women empowerment, sports & skill development, healthcare, education, environment, wildlife conservation, sanitation, research & development projects among others.

- As part of our commitment to environmental conservation, your Bank in alignment with India's Project Tiger initiative, has pledged its support to the Ranthambore Tiger Reserve, providing rescue vehicle equipped with state of art medical equipment to help protect the sanctuary's thriving tiger population. Additionally, we have provided Electric Carts to Keoladeo National Park (erstwhile Bharatpur Bird Sanctuary), Bharatpur, enhancing sustainable transportation within the sanctuary.

निगमित अभिशासन पहलें:

- आपका बैंक, बैंकिंग सेवाएँ प्रदान करने में निष्पक्ष व्यवहार को प्राथमिकता देता है। हमने भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी की रोकथाम के लिए जीरो टॉलरेंस दृष्टिकोण के साथ एक मजबूत नीति लागू की है, जो हमारे सभी परिचालनों में पारदर्शिता और अखंडता सुनिश्चित करती है।
- हमारे शीर्ष प्रबंधन और प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिकों के लिए नैतिक और पारदर्शी अभिशासन के साथ-साथ, बैंकिंग में नैतिकता पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए। ये कार्यक्रम निष्ठा और जवाबदेही के साथ व्यवसाय करने की हमारी प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हैं
- 31 मार्च, 2025 को, हमारे कुल कार्यबल का 28% हिस्सा महिला कर्मचारी हैं, जो हमारे संगठन में लैंगिक समावेशिता और विविधता को बढ़ावा देने के हमारे समर्पण को दर्शाता है।
- भारतीय बैंकिंग कोड और मानक बोर्ड (BCSBI) द्वारा प्रकाशित ग्राहक अधिकार संहिता के अनुपालन में आपके बैंक ने बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने के दौरान निष्पक्ष व्यवहार को प्राथमिकता देते हुए अपनी 'ग्राहक अधिकार नीति' निर्धारित की है।

Corporate Governance Initiatives:

- Your Bank prioritizes the adoption of fair practices in providing banking services. We have established a robust policy for the prevention of corruption and bribery with a zero tolerance approach, ensuring transparency and integrity in all our operations.
- Training programs on ethical and transparent governance, as well as ethics in banking, have been conducted for our top management and key managerial personnel. These programs underscore our commitment to conducting business with integrity and accountability.
- As of March 31, 2025, women employees constitute 28% of our total workforce, reflecting our dedication to promoting diversity and gender inclusivity within our organization.
- In adherence to the Code of Customer Rights published by BCSBI your Bank has set out its 'Customer Rights Policy' while prioritizing fair practices during extending banking services.

हमारे पुरस्कार और सम्मान:

- पिछले एक साल में, बैंक को कई प्रतिष्ठित पुरस्कार और सम्मान प्राप्त हुए हैं। ये सम्मान हमारे मूल्यवान ग्राहकों और हितधारकों के भरोसे एवं विश्वास का प्रमाण हैं, जो हमें अपनी सेवा के हर पहलू में उत्कृष्टता और नवाचार के उच्चतम मानकों को बनाए रखने की प्रेरणा देते हैं।
- बिजनेस टुडे के बेस्ट बैंक अवार्ड्स में बैंक को प्रतिष्ठित "सर्वश्रेष्ठ मध्यम श्रेणी का बैंक" पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
- बैंक को डन एंड ब्रैडस्ट्रीट बीएफएसआई और फिनटेक समिट 2025 में भारत के 'सार्वजनिक क्षेत्र के अग्रणी मध्यम श्रेणी के बैंक' के रूप में मान्यता प्रदान की गई।
- आपके बैंक को ईएसजी एवं स्थायित्व पहलों तथा परिचालन दक्षता में उत्कृष्टता के लिए आईबीईएक्स पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
- हमें लगातार पिछले वर्ष से 'आईबीए प्रौद्योगिकी पुरस्कार' के अंतर्गत सात अलग-अलग श्रेणियों में पुरस्कार प्राप्त करने पर गर्व है।
- आपके बैंक को एसोचैम द्वारा आयोजित 11वें एमएसएमई एक्सीलेंस पुरस्कार 2025 में "सर्वश्रेष्ठ एमएसएमई ऋणदाता (पीएसयू) विजेता" पुरस्कार भी प्राप्त हुआ।

Our Awards and Accolades:

- Over the past year, the Bank has had the honour of receiving multiple prestigious awards and accolades. These distinctions stand as a testament to the trust and confidence of our valued customers and stakeholders which motivates us to uphold the highest standards of excellence and innovation in every aspect of our service.
- The Bank was honored with the prestigious best Mid-sized Bank award in the Best Bank Awards by Business Today.
- The Bank has been recognized as India's 'Leading Mid-Sized Public Sector Bank' at the Dun & Bradstreet BFSI & FinTech Summit 2025.
- Your Bank was conferred with IBEX Award for excellence in ESG & Sustainability initiatives and Operational Efficiencies.
- We were proud to receive 'IBA Technology Award' under seven different categories for the consecutive year.
- Your Bank also received "Best MSME Lending (PSU) Winner Award" in 11th MSME Excellence Awards 2025 hosted by ASSOCHAM.

भविष्य की ओर

- बैंक ऑफ महाराष्ट्र में, हम विश्वास, प्रगति और सेवा के 90 वर्षों की शानदार यात्रा का जश्न मना रहे हैं। इस प्रेरक यात्रा को पूरा करने के साथ-साथ आपका बैंक आज उत्कृष्टता का मानदंड बन गया है और इसने राष्ट्र निर्माण में अपनी उल्लेखनीय भूमिका निभाई है। मैं अपने सभी हितधारकों के सतत समर्थन और बैंक की भावी स्वर्णिम यात्रा में बैंक की टीम का नेतृत्व करने का दायित्व मुझे सौंपने के लिए अत्यंत आभारी हूँ।

- प्रगति और लाभ के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ स्थायित्व और नई ऊंचाइयों को छूने का हमारा संकल्प पहले से कहीं अधिक मजबूत हो गया है। वृद्धिशील अर्थव्यवस्था की गति के अनुरूप राष्ट्र के विकास में योगदान देने के लिए हम अपने संसाधनों का सर्वोत्तम उपयोग कर रहे हैं। भावी चुनौतियों का सामना करने की भी हमारी पूरी तैयारी है। हम तकनीकी क्षमताओं और भविष्य के अनुरूप उपयोगी डेटा के साथ-साथ समरूप और स्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास हेतु अपने प्रयासों में अभिवृद्धि कर रहे हैं। हमारा उद्देश्य डिजिटलीकरण से प्रेरित एक मजबूत, विश्वसनीय व्यवसाय मॉडल का निर्माण करना और बेहतर ग्राहक अनुभव विकसित करना है।

- अपनी तकनीकी क्षमताओं में संवर्धन के साथ ही, हम अपनी भौगोलिक उपस्थिति का विस्तार करने तथा उत्पाद नवोन्मेष और आय के नए स्रोत तलाशने के लिए प्रतिबद्ध हैं। रणनीतिक पहलों के माध्यम से हम अपने विकास पथ पर तेजी से आगे बढ़ रहे हैं और औद्योगिक रुझानों में हमने अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। एक सुदृढ़ बैंक की छवि बनाए रखने के अपने प्रयासों के साथ-साथ, हम अपने हितधारकों के सतत लाभ संवर्धन को सुनिश्चित करने हेतु वित्तीय और गैर-वित्तीय, दोनों ही क्षेत्रों के प्रबंधन में सदैव सतर्क रहते हैं।

- हम अपने सभी हितधारकों से प्राप्त अटूट समर्थन के लिए उनका आभार व्यक्त करते हैं, जिसके चलते आपका बैंक, विकसित भारत का लक्ष्य प्राप्त करने की हर भारतीय की आकांक्षा को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए तत्पर है।

भवदीय,

निधु सक्सेना
प्रबंध निदेशक एवं सीईओ

Way Forward:

- At Bank of Maharashtra, we proudly celebrate 90 glorious years of trust, growth, and service of the Bank. Your Bank stands as a hallmark of excellence while traversing this inspiring journey and remains an integral player of nation building. I am immensely grateful to all our stakeholders for their unwavering support and entrusting me to lead this team on the exciting future journey.

- Our resolve to scale greater heights with sustainability remain strong more than ever as we excel in our growth and profit trajectory. We are proactively harnessing our resources to contribute to the growth of the nation, in line with growing pace of the economy. We are also gearing up to address the challenges that future holds. We are intensifying our efforts to develop resilient and scalable infrastructure, along with future-ready data and technological capabilities. Our aim is to build a robust sustainable business model driven with digitalisation and cultivate superior customer experiences.

- In addition to enhancing our technological prowess, we are committed to expanding our geographical presence and exploring new avenues for product innovation and revenue generation. Through strategic initiatives we are accelerating our growth trajectory and staying in the forefront of industry trends. As we strive to create a sustainable Bank, we remain vigilant in managing both financial and non-financial metrics to ensure consistent value creation for our stakeholders.


- We extend our gratitude to all our stakeholders, for the continued support as your Bank is ready to play a pivotal role in the aspiration of every Indian for achieving the goal of Viksit Bharat.

Yours sincerely,

Nidhu Saxena
Managing Director & CEO

कुल व्यवसाय
Total Business
Last 5 Years


(रु. करोड़ में)
(₹ in Crore)



		वि.व. FY21	वि.व. FY22	वि.व. FY23	वि.व. FY24	वि.व. FY25
Gross Advances	सकल अग्रिम	1,07,654	1,35,240	1,75,120	2,03,664	2,39,837
Total Deposit	कुल जमाराशि	1,74,006	2,02,294	2,34,083	2,70,411	3,07,143
Total Business	कुल व्यवसाय	2,88,659	3,37,534	4,09,202	4,74,411	5,46,979
C/D Ratio (%)	सी/डी अनुपात (%)	61.87	66.85	74.81	75.22	78.09

कासा जमाराशि
CASA Deposit
Last 5 Years

(रु. करोड़ में)
(₹ in Crore)




	वि.व. FY21	वि.व. FY22	वि.व. FY23	वि.व. FY24	वि.व. FY25
चालू-Current	18,543	28,179	28,301	34,968	46,313
बचत-Saving	75,402	88,857	96,660	1,07,806	1,17,344
कासा-CASA	93,945	1,17,035	1,24,961	1,42,774	1,63,657
कासा %-CASA%	53.99	57.85	53.38	52.73	53.28

सकल अग्रिम
Gross Advances

(रु. करोड़ में)
(₹ in Crore)


Last 5 Years




		वि.व. FY21	वि.व.FY22	वि.व. FY23	वि.व. FY24	वि.व. FY25
खुदरा क्षेत्र	Retail Sector	28,651	35,422	43,433	51,727	64,853
कृषि क्षेत्र	Agriculture Sector	16,202	18,968	23,400	30,456	35,547
एमएसएमई क्षेत्र	MSME Sector	23,133	26,279	33,244	42,117	48,369
कॉर्पोरेट और अन्य	Corporate & Others	39,668	54,570	75,044	79,364	91,068
सकल अग्रिम	Gross Advances	1,07,654	1,35,240	1,75,120	2,03,664	2,39,837
आरएएम %-	RAM (%)	63.15	59.65	57.15	61.03	62.03

Profitability लाभप्रदता

(रु. करोड़ में)
(₹ in Crore)




Gross and Net NPA (%) सकल एवं निवल एनपीए



Interest Income ब्याज आय

(रु. करोड़ में)
(₹ in Crore)



		वि.व. FY21	वि.व.FY22	वि.व. FY23	वि.व. FY24	वि.व. FY25
अग्रिम पर ब्याज-	Interest on Advances	7,154	8,232	11,486	15,826	19,292
निवेश पर ब्याज-	Interest on Investment	4,153	4,385	4,267	4,461	5,360
अन्य ब्याज आय-	Other Interest Income	561	403	146	208	296
कुल ब्याज आय-	Total Interest Income	11,869	13,019	15,898	20,495	24,947

प्रगति एक नजर में - Progress at a Glance

(राशि ₹ करोड़ में)/ (Amount in ₹ crore)

	वि. व. FY21	वि. व. FY22	वि. व. FY23	वि. व. FY24	वि. व. FY25
प्रदत्त पूंजी Paid up Capital	6560	6731	6731	7081	**7692**
आरक्षितियां Reserves	5573	7154	8880	12593	**20798**
कुल जमाराशियां Total Deposits	174006	202294	234083	270747	**307143**
वृद्धि % Growth %	15.95	16.26	15.71	15.66	**13.44**
कुल जमाराशियों में कासा का अंश CASA Share in Total deposits(%)	53.99	57.85	53.38	52.73	**53.28**
सकल अग्रिम Gross Advances	107654	135240	175120	203664	**239837**
वृद्धि % Growth %	13.45	25.62	29.49	16.30	**17.76**
रिटेल अग्रिम Retail Advances	28651	35422	43433	51727	**64853**
प्राथमिकता क्षेत्र अग्रिम Priority Sector Advances	49109	42640	66844	84281	**94805**
कृषि Agriculture	16202	18968	23400	30456	**35547**
सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यम Micro, Small & Medium Enterprises	23133	26279	33244	42117	**48369**
अल्पसंख्यक वर्ग को अग्रिम Advances to Minority Sections	3814	4481	5723	9187	**13916**
अजा/अजजा वर्ग को अग्रिम Advances to SC / ST Sections	2911	4234	5442	5942	**6998**
निर्यात ऋण Export Credit	1311	1385	1715	2168	**2374**
कुल आय Total Income	14494	15672	18179	23493	**28402**
कुल व्यय Total Expenditure	10536	10824	12080	15487	**19083**
परिचालन लाभ Operating Profit	3958	4848	6099	8005	**9319**
निवल लाभ Net Profit	550	1152	2602	4055	**5520**
शाखाओं की संख्या Number of Branches	1915	2022	2203	2489	**2606**
एटीएम की संख्या Number of ATMs	1950	2128	2330	1901	**2402**
प्रमुख निष्पादन अनुपात (%) Key Performance Ratios (%)					
पूंजी पर्याप्तता अनुपात बेसल III(%) **Capital Adequacy Ratio- Basel III(%)**	14.49	16.48	18.14	17.38	**20.53**
प्रति शेयर आय (रु. में) Earning Per Share (in Rs)	0.88	1.72	3.87	5.78	**7.48**
प्रति शेयर बही मूल्य Book Value Per Share	12.22	15.12	18.97	24.26	**33.65**
प्रति कर्मचारी व्यवसाय Business Per Employee	21.45	26.53	31.53	35.14	**37.44**
प्रति कर्मचारी लाभ (₹ लाख में) Profit Per Employee (₹ in lakhs)	4.19	9.05	20.05	30.04	**37.83**
औसत आस्तियों पर आय Return on Average Assets	0.30	0.55	1.10	1.50	**1.75**
लागत से आय अनुपात Cost to Income Ratio	47.39	44.20	39.14	37.55	**38.37**
सकल अनर्जक आस्ति अनुपात Gross NPA ratio	7.23	3.94	2.47	1.88	**1.74**
निवल अनर्जक आस्ति अनुपात Net NPA ratio	2.48	0.97	0.25	0.20	**0.18**
प्रावधान कवरेज अनुपात Provision Coverage Ratio	89.86	94.79	98.28	98.34	**98.26**
समायोजित निवल बैंक ऋण से प्राथमिकता ऋण Priority Credit to Adjusted Net Bank Credit	54.23	40.89	56.77	50.17	**46.75**

निदेशकों की रिपोर्ट DIRECTORS' REPORT

आपके निदेशक 31 मार्च 2025 को समाप्त वर्ष के लिए लेखा परीक्षित तुलन-पत्र, लाभ व हानि खाते और व्यवसाय एवं परिचालन पर रिपोर्ट के साथ बैंक की वार्षिक रिपोर्ट आपके समक्ष सहर्ष प्रस्तुत करते हैं।

Your Directors have pleasure in presenting the Annual Report of the Bank with the audited Balance Sheet, Profit & Loss Account and the Report on Business and Operations for the year ended March 31, 2025.

1 प्रबंधन चर्चा और विश्लेषण

आर्थिक एवं बैंकिंग परिदृश्य 2024-25: चुनौतियों के बीच सतत विकास

1.1 आर्थिक विकास :

I. प्रमुख बहुपक्षीय एजेंसियों के अनुमान के अनुसार, भारतीय अर्थव्यवस्था 2025-26 के दौरान सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में अपनी स्थिति बनाए रखने के लिए तत्पर है।

II. वित्तीय वर्ष 2024-25 में कुछ देशों में प्रशासनिक बदलाव, भू-राजनीतिक संघर्ष और बढ़ते व्यापार युद्ध के कारण वैश्विक अनिश्चितताएँ बढ़ गई हैं। इन वैश्विक चुनौतियों के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था ने मजबूती और अनुकूलन का प्रदर्शन जारी रखा है। वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए आरबीआई के अनुमान के अनुसार निजी खपत में सुधार से अर्थव्यवस्था 6.5 प्रतिशत की दर से बढ़ने की उम्मीद है। आपूर्ति पक्ष पर, सेवा क्षेत्र और कृषि क्षेत्र में सुधार से विकास को समर्थन मिला।

1.2 राजकोषीय विवेक के साथ नियंत्रित मुद्रास्फीति :

I. कम खाद्य कीमतों और राजकोषीय विवेकशीलता के कारण, मार्च 2025 तक हेडलाइन मुद्रास्फीति 67 महीने के निम्नतम स्तर 3.3% पर आ गई है। केंद्रीय बजट 2025-26 में चार प्रमुख क्षेत्रों को प्राथमिकता दी है: कृषि, एमएसएमई, निवेश और निर्यात, जिससे भारतीय अर्थव्यवस्था की मध्यम अवधि की विकास संभावनाओं को प्रोत्साहन मिलने की उम्मीद है। यह विकास के उद्देश्यों के साथ राजकोषीय समेकन को विवेकपूर्ण तरीके से संतुलित करता है, विकास को बढ़ावा देने के लिए पूंजीगत व्यय पर जोर देता है, साथ ही उपभोग को समर्थन देता है और ऋण प्रबंधन के लिए स्पष्ट रोडमैप प्रदान करता है।

1.3 बैंकिंग परिदृश्य:

I. बढ़ती लाभप्रदता, घटती अनर्जक आस्तियां और पर्याप्त पूंजी से अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक (एससीबी) मजबूत हुए हैं। आस्ति पर आय (आरओए) और इक्विटी पर आय (आरओई) दशक के उच्चतम स्तर पर हैं, जबकि सकल अनर्जक आस्ति (जीएनपीए) अनुपात कई वर्षों के निम्नतम स्तर पर पहुंच गया है।

1.4 ऋण वृद्धि गतिकी:

I. वित्तीय वर्ष 2024-25 में नकदी की कमी के कारण ऋण वृद्धि धीमी रही और बैंकों ने अपने उच्च ऋण-जमा अनुपात को प्रबंधित करने का प्रयास किया। वित्तीय वर्ष 2025-26 में सुधार की उम्मीद है, जिसमें सार्वजनिक और निजी पूंजीगत व्यय में वृद्धि से कॉर्पोरेट ऋण मांग में वृद्धि होगी। दर-कटौती चक्र शुरू होने से ऋण वृद्धि में मदद मिलेगी।

1 Management Discussion and Analysis

Economic & Banking Scenario 2024-25: Sustained Growth Amidst Challenges

1.1 Economic Growth:

I. The Indian economy is poised to sustain its position as the fastest-growing major economy during 2025-26 as per the estimates of major multilateral agencies.

II. Global uncertainties were heightened in FY 2024-25 due to change of administration in certain countries, geopolitical conflicts, and escalated trade war. Amidst these global headwinds the Indian economy continued to demonstrate strength and resilience. The economy is expected to grow at 6.5 percent as per the RBI estimates for FY 2024-25 supported by recovery in private consumption. On supply side, growth was supported by service sector and recovery in agriculture sector.

1.2 Tamed Inflation coupled with Fiscal Prudence:

I. Headline inflation moderated to a 67-month low of 3.3% by March 2025, supported by lower food prices and fiscal prudence. The Union Budget 2025-26 prioritizing four key engines: agriculture, MSMEs, investment, and exports are expected to boost medium-term growth prospects of the Indian economy. It prudently balances fiscal consolidation with growth objectives, emphasizing capital expenditure to fuel development while supporting consumption and providing a clear roadmap for debt management.

1.3 Banking Scenario:

I. The soundness of scheduled commercial banks (SCBs) has been bolstered by strong profitability, declining non-performing assets and adequate capital. Return on assets (RoA) and return on equity (RoE) are at decadal highs while the gross non-performing asset (GNPA) ratio has fallen to a multi-year low

1.4 Credit Growth Dynamics:

I. Credit growth in FY 2024-25 was subdued due to a liquidity crunch and banks tried to manage their high Credit- Deposit ratios. FY 2025-26 is expected to see a rebound, with credit growth driven by increased corporate credit demand from rising public and private capital expenditures. The commencement of a rate-cut cycle will lower the lending rate to add further credit growth.

1.5 जमा संग्रहण की चुनौतियाँ:

I. बैंकिंग प्रणाली के लिए जमा वृद्धि वित्तीय वर्ष-25 में भी धीमी रही है और वित्तीय वर्ष-26 में मध्यम रहने की उम्मीद है। बैंकों को जमा वृद्धि के लिए प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ सकता है, विशेष रूप से कम लागत वाले चालू खाता, बचत खाता (सीएएसए) जमाराशियों के लिए। कम जमा वृद्धि एक मूलभूत मुद्दा बनी हुई है जिसके लिए बैंकों को तरलता में बाधक बने बिना बेहतर ऋण वृद्धि का समर्थन करने के लिए जमा संग्रहण को बढ़ावा देने के तरीके खोजने होंगे। बैंकों से अपेक्षा की जाती है कि वे लाभप्रदता से समझौता किए बिना जमाराशि आकर्षित करने के लिए अभिनव रणनीतियों पर ध्यान केंद्रित करें।

1.6 ब्याज दर की प्रवृत्ति :

I. वित्तीय वर्ष 2025-26 में भारतीय रिजर्व बैंक रेपो दर में आगामी कटौती कर सकता है, इससे निवल ब्याज मार्जिन (एनआईएम) प्रभावित हो सकता है।

II. बाह्य बेंचमार्क से जुड़े अग्रिमों का तुरंत पुनर्मूल्यांकन किया जाएगा, जबकि जमा पुनर्मूल्यांकन में अंतराल होगा, जिससे अल्पावधि में लाभप्रदता प्रभावित होगी।

1.7 आस्ति गुणवत्ता में सुधार:

I. बैंकिंग क्षेत्र के लिए आस्ति गुणवत्ता एक आकर्षण का केंद्र बनी हुई है, सकल अनर्जक आस्ति (जीएनपीए) वित्तीय वर्ष 25 की पहली छमाही में 12 वर्ष के निचले स्तर 2.6 प्रतिशत और निवल अनर्जक आस्ति (एनएनपीए) 0.6 प्रतिशत पर हैं।

1.8 तकनीकी परिवर्तन :

डिजिटल बैंकिंग नवाचारों, एआई और स्वचालन ने बैंकिंग सेवाओं में क्रांति ला दी है, जिससे कार्य दक्षता और ग्राहक जुड़ाव बढ़ा है।

कार्यबल क्षमता निर्माण - आईटी और डिजिटल रूपांतरण उतना ही सशक्त होता है, जितना सशक्त उसके पीछे के खड़े लोग होते हैं। विभाग का लक्ष्य, भविष्य के लिए तैयार कौशल के माध्यम से अपने बैंक के कर्मचारियों को सशक्त बनाना है:

- अवसंरचित शिक्षण कार्यक्रम: प्रमाणन-आधारित और व्यावहारिक शिक्षा पथ का निर्माण करना।
- लक्ष्य: वित्तीय वर्ष 25-26 के अंत तक आईटी कर्मचारियों के पर्याप्त प्रतिशत को प्रशिक्षित और प्रमाणित करना।
- नवाचार की संस्कृति: कर्मचारियों को नए विचारों के सृजन और डिजिटल नवाचार पहलों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करना।

केंद्रीकृत निगरानी और नियंत्रण स्थापित करना -

- बड़े पैमाने पर आईटी परिदृश्य के प्रबंधन के लिए परिचालन दृश्यता और नियंत्रण महत्वपूर्ण हैं। इस उद्देश्य के लिए, बैंक ने अत्याधुनिक निगरानी अवसंरचना का परिचालन किया है:
- 24x7 आईटी कमांड सेंटर: मिशन-महत्वपूर्ण बुनियादी अवसंरचना, अनुप्रयोगों और नेटवर्क की वास्तविक समय में निगरानी करने के लिए तत्पर।
- 14 एचडी डैशबोर्ड: सिस्टम की स्थिति, संव्यवहार की मात्रा, घटना की स्थिति और अपटाइम मेट्रिक्स का विजुअल प्रदर्शन।

1.5 Deposit Mobilization Challenges:

I. Deposit growth for the banking system has remained tepid in FY-25 and is expected to remain moderate in FY-26. Banks may continue to face competition for deposit accretion, especially for low-cost current account savings account (CASA) deposits. Low deposit growth remains a structural issue for which banks must find ways to bolster deposit mobilization to support healthy credit growth without hindering liquidity. Banks are expected to focus on innovative strategies to attract deposits without compromising profitability.

1.6 Interest Rate Trends:

I. With the Reserve Bank of India expected to cut repo rates further in FY 2025-26 , net interest margins (NIMs) may come under pressure.

II. Advances linked to external benchmarks will be repriced immediately, while deposit repricing will lag, impacting NIM and profitability in the short term.

1.7 Asset Quality Improvements:

I. Asset quality remains a bright spot for the banking sector, with gross non-performing assets (GNPA) at a 12- year low of 2.6 per cent and net non-performing assets (NNPA) at 0.6 per cent in the first half of FY25.

1.8 Technological Transformation:

Digital banking innovations, AI, and automation have revolutionized banking services, driving efficiency and customer engagement.

Building Workforce Capability - IT & Digital transformation is only as strong as the people behind it. The department aims to empower employees through future-ready skills:

- Structured Learning Programs: Creating certification-based and hands-on learning paths.
- Target: A substantial percentage of IT staff trained and certified by the end of FY25–26.
- Culture of Innovation: Encouraging employees to participate in idea generation and digital innovation initiatives.

Establishing Centralized Monitoring & Control -

- Operational visibility and control are critical to managing a large-scale IT landscape. To this end, the bank has operationalized a state-of-the-art monitoring infrastructure:
- 24x7 IT Command Centre: Equipped to monitor mission-critical infrastructure, applications, and networks in real-time.
- 14 HD Dashboards: Visual representations of system health, transaction volumes, incident status, and uptime metrics.

सक्रिय चेतावनी और प्रतिक्रिया: सिस्टम विसंगतियों या कार्य-निष्पादन में गिरावट की स्थिति में तत्काल हस्तक्षेप को सक्षम करना।

प्रमुख कार्य बिंदु - भविष्य के लक्ष्य

- भविष्य को ध्यान में रखते हुए, विभाग का लक्ष्य रणनीतिक संवर्द्धन की अगली कड़ी को क्रियान्वित करने पर केंद्रित है:
- एआई/एमएल में यूज़ केसेस का कार्यान्वयन
- अवसंरचना आधुनिकीकरण परियोजनाओं को पूरा करना
- बैंक-व्यापी डीआर स्वचालन रोलआउट
- समावेशी बैंकिंग सुविधाओं की शुरुआत
- डिजिटल सुलभता संवर्द्धन का शुभारंभ
- कमांड सेंटर की क्षमताओं का विस्तार
- साइबर सुरक्षा लक्षित पूर्व अभ्यास और जोखिम सिमुलेशन

Proactive Alerting & Response: Enabling immediate intervention for system anomalies or performance degradation.

Key Action Points – Future Goals -

- Looking ahead, the department is focused on executing the next wave of strategic enhancements:
- Implementation of Use Cases in AI/ML
- Completion of Infrastructure Modernization Projects
- DR Automation Rollout Bank-wide
- Rollout of Inclusive Banking Features
- Launching Digital Accessibility Enhancements
- Expansion of Command Centre Capabilities
- Targeted Cybersecurity Drills and Threat Simulation

1.9 भारत का आर्थिक और बैंकिंग परिदृश्य 2025-26 और उसके बाद

भारत विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना हुआ है, जिसमें मजबूत निवेश और सार्वजनिक उपभोग आर्थिक प्रदर्शन के आधार हैं। भारत की वास्तविक जीडीपी वित्तीय वर्ष 2025-26 में 6.5% की दर से बढ़ने की उम्मीद है, जो दुनिया भर की प्रगतिशील अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में काफी बेहत्तर है। आगे चलकर, रोजगार की स्थिति में सुधार, केंद्रीय बजट में कर राहत, मुद्रास्फीति में कमी तथा बेहतर कृषि गतिविधि घरेलू उपभोग के लिए शुभ संकेत हैं।

बैंकों की लाभप्रदता बनाए रखने के लिए लागत में कटौती करने हेतु नई रणनीतियां विकसित करने की आवश्यकता होगी, साथ ही, उन्हें निरंतर जमा और उन्नत वृद्धि भी हासिल करनी होगी। वित्तीय वर्ष 2025-26 में नए उत्पादों और सेवाओं को बढ़ावा देने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग पर आधारित नई तकनीकों को अपनाना, साथ ही ऋण निगरानी और धोखाधड़ी की रोकथाम के क्षेत्र में बैंकों को ध्यान देने की आवश्यकता है। एआई और ऑटोमेशन बैंकिंग परिचालन में क्रांति लाने, ग्राहक सेवा में सुधार करने और दक्षता बढ़ाने के लिए तत्पर हैं। व्यक्तिगत वित्तीय सलाह से लेकर धोखाधड़ी का पता लगाने तक, एआई भारतीय बैंकों के लिए एक महत्वपूर्ण उपकरण साबित होगा। फिनटेक के साथ सहयोग भी सतत विकास के लिए दीर्घकालिक रणनीति के रूप में उभरने की उम्मीद है।

विश्व का फोकस अब जलवायु परिवर्तन और स्थिरता पर है, भारतीय बैंक इस क्षेत्र को अधिक मात्रा में ऋण प्रदान करने और इस क्षेत्र को अपने ऋण पोर्टफोलियो में शामिल करने का प्रयास कर रहे हैं।

वित्तीय वर्ष 2025-26 में भारतीय बैंकिंग क्षेत्र की अनुकूलता, आर्थिक चुनौतियों से निपटने, तरलता दबावों का प्रबंधन करने और तकनीकी नवाचारों को अपनाने की क्षमता पर निर्भर करेगी।

1.9 India's Economic and Banking Outlook 2025-26 & Beyond

India remains the fastest growing major economy of the world, with strong investment and public consumption underpinning economic performance. India's real GDP is set to grow at a pace of 6.5% in FY 2025-26 much better than the progressive economies around the world. Going forward, improving employment conditions, tax relief in the Union Budget, and moderating inflation, together with healthy agricultural activity bode well for household consumption.

The banks will need to evolve corresponding fresh strategies to cut costs to maintain profitability while at the same time achieving consistent deposit and advanced growth. Adoption of new technologies based on Artificial Intelligence and Machine Learning for promoting new products and services, as well as in the domain of credit monitoring and fraud prevention, is another area requiring attention of banks in FY 2025-26. AI and automation are set to revolutionize banking operations, improve customer service, and drive efficiency. From personalized financial advice to fraud detection, AI will be a crucial tool for Indian banks. Collaboration with fintechs is also expected to emerge as a long-term strategy for sustainable growth.

As global attention focuses on climate change and sustainability, Indian banks are increasingly looking to incorporate sustainable finance into their portfolios.

The Indian banking sector's resilience in FY 2025-26 will depend on its ability to navigate economic challenges, manage liquidity pressures, and embrace technological innovations

1.10 अनुकूलित भविष्य की रूपरेखा

भारत में विश्व की सबसे बड़ी और युवा की जनसंख्या है। भारत बढ़ती कामकाजी आयु वाली आबादी और श्रम शक्ति भागीदारी दर के कारण जनसांख्यिकीय लाभांश का लाभ उठाने के लिए तैयार है।

देश में तेजी से बढ़ते स्टार्टअप और उद्यमिता पारिस्थितिकी तंत्र नवाचार और रोजगार सृजन को बढ़ावा दे रहा है। डिजिटल इंडिया अभियान के माध्यम से डिजिटल परिवर्तन रोजगार के नए रास्ते खोल रहा है। भारत एक मजबूत विनिर्माण आधार द्वारा समर्थित निर्यात शक्ति के रूप में भी उभर रहा है।

भारतीय अर्थव्यवस्था और वित्तीय प्रणाली वैश्विक अस्थिरता के बीच विकसित होने और आगे बढ़ने के लिए अच्छी स्थिति में है, जो अनुकूलता और आशावाद को प्रदर्शित करता है। भारत सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में अपनी स्थिति बनाए रखने के लिए तैयार है। नीतिगत उपायों, तकनीकी नवाचारों और सक्रिय बैंकिंग क्षेत्र के सहयोगात्मक प्रयास आर्थिक और भू-राजनीतिक चुनौतियों से निपटने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

1.10 Charting Resilient Future

India has the world's largest population and the youngest as well. India is set to enjoy a demographic dividend window driven by a rising working age population rates and labor force participation rate

The burgeoning startup and entrepreneurship ecosystem in the country is fostering innovation and job creation. Digital transformation through the Digital India campaign is opening up new avenues for employment. India also emerges as an export powerhouse backed by a strong manufacturing base.

The Indian economy and financial system are positioned well to thrive and navigate through global volatility, showcasing resilience and optimism. India is set to maintain its status as the fastest-growing major economy. The collaborative efforts of policy measures, technological innovations, and a proactive banking sector will be pivotal in navigating economic and geopolitical challenges.

2 बैंक का प्रदर्शन: प्रमुख मानदंडों पर उल्लेखनीय वृद्धि (वित्तीय वर्ष 2024-25)

2.1 बैंक ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में बेहतर वित्तीय प्रदर्शन किया तथा प्रमुख व्यवसाय क्षेत्रों में उल्लेखनीय वृद्धि हासिल की।

I. **कुल कारोबार 15.30% बढ़ा :** बैंक का कुल व्यवसाय 31 मार्च, 2024 के ₹4,74,411 करोड़ की तुलना में 15.30% की वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि के साथ 31 मार्च, 2025 को ₹5,46,979 करोड़ हो गया।

II. **जमाराशि वृद्धि 13.44% :** कुल जमाराशियां 31 मार्च, 2024 के ₹2,70,747 करोड़ की तुलना में 13.44% की वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि के साथ 31 मार्च, 2025 को ₹3,07,143 करोड़ हो गईं।

III. **कासा 14.63% से मजबूत :** कासा जमाराशियां जो कम लागत वाली जमाराशियों की एक प्रमुख संकेतक है, 31 मार्च, 2024 के ₹1,42,774 करोड़ की तुलना में 14.63% की वार्षिक वृद्धि के साथ 31 मार्च, 2025 को बढ़कर ₹1,63,657 करोड़ रही।

IV. **ऋण पोर्टफोलियो में 17.76% की वृद्धि :** सकल अग्रिम 31 मार्च, 2024 के ₹2,03,664 करोड़ की तुलना में 17.76% की वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि के साथ 31 मार्च, 2025 को ₹2,39,837 करोड़ रहा।

V. **परिचालन लाभ 16.41% बढ़ा :** परिचालन लाभ 31 मार्च, 2024 को समाप्त वर्ष के ₹8,005 करोड़ की तुलना में वर्ष दर वर्ष आधार 16.41% की उल्लेखनीय वृद्धि के साथ 31 मार्च, 2025 को ₹9,319 करोड़ हो गया।

VI. **निवल लाभ 36.12% बढ़ा :** निवल लाभ 31 मार्च, 2024 को समाप्त वर्ष के लिए ₹4,055 करोड़ की तुलना में वर्ष दर वर्ष आधार पर 36.12% बढ़कर 31 मार्च, 2025 को ₹5,520 करोड़ हो गया।

2 Bank's Performance: Strong Growth Across Key Metrics (FY 2024-25)

2.1 The bank demonstrated robust financial performance in FY 2024-25, achieving notable growth across key financial parameters.

I. **Overall Business Growth of 15.30%:** The total business expanded to ₹5,46,979 crore as of March 31, 2025, marking a YOY increase of 15.30% from ₹4,74,411 crore as of March 31, 2024.

II. **Deposits Grew by 13.44%:** Total deposits reached ₹3,07,143 crore as of March 31, 2025, reflecting a YOY growth of 13.44% from ₹2,70,747 crore as of March 31, 2024.

III. **CASA Strengthens by 14.63%:** CASA deposits, a key indicator of low-cost deposits, increased to ₹1,63,657 crore as of March 31, 2025, reflecting a YOY growth of 14.63% from ₹1,42,774 crore on March 31, 2024.

IV. **Loan Portfolio Increases by 17.76%:** Gross advances grew to ₹2,39,837 crore as of March 31, 2025, demonstrating a YOY increase of 17.76% compared to ₹2,03,664 crore on March 31, 2024.

V. **Operating Profit Soars by 16.41%:** Operating profit witnessed a significant rise of 16.41% YOY, reaching ₹9,319crore as of March 31, 2025, compared to ₹8,005 crore for the year ended March 31, 2024.

VI. **Net Profit Up by 36.12%:** Net profit achieved an impressive YOY increase of 36.12%, climbing to ₹5,520 crore as of March 31, 2025, from ₹4,055 crore for the year ended March 31, 2024.

2.2 वित्तीय अनुपात

वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान बैंक के विभिन्न वित्तीय मानकों को निम्नानुसार देखा जा सकता है:

2.2 Financial Ratios

The various financial parameters of the Bank during FY 2024-25 are as under:

विवरण Particulars	2024-25	2023-24
ईपीएस (रु.) EPS (Rs)	7.48	5.78
लागत से आय का अनुपात (प्रतिशत) Cost to Income Ratio (percent)	38.37	37.55
आस्तियों पर आय (प्रतिशत) Return on assets (percent)	1.75	1.50
इक्विटी पर आय (प्रतिशत) Return on equity (percent)	22.92	23.83
प्रति शेयर बही मूल्य (रु.) Book value per share (Rs)	33.65	24.26
प्रति शाखा लाभ (रु.लाख में) Profit per Branch (Rs.in lakh)	211.81	162.92
प्रति कर्मचारी लाभ (रु.लाख में) Profit per employee (Rs.in lakh)	37.83	30.04
प्रति शाखा कारोबार (रु. करोड़ में) Business per Branch (Rs.in crore)	209.65	189.84
प्रति कर्मचारी कारोबार (रु. करोड़ में) Business per employee (Rs.in crore)	37.49	35.14
औसत कार्यशील निधियों से प्रतिशत के रूप में ब्याज आय Interest income as per cent to Average working funds	7.92	7.59
औसत कार्यशील निधियों से प्रतिशत के रूप में गैर-ब्याज आय Non-Interest income as per cent to average working funds	1.10	1.11
निवल ब्याज मार्जिन (प्रतिशत) Net Interest Margin (percent)	4.00	3.92
औसत कार्यशील निधियों से प्रतिशत के रूप में परिचालनगत लाभ Operating Profit as per cent to average working Funds	2.96	2.96
औसत कार्यशील निधियों के प्रतिशत के रूप में स्टाफ खर्च Staff expenses as a percent to average working funds	1.09	1.05
लाभांश (प्रतिशत) Dividend (percent)	15.00	14.00
नेटवर्थ (₹ करोड़ में) Net worth (₹in crore)	25,880.52	17,177.58
सीआरएआर (%) CRAR (%)	20.53	17.38
जिसमें से टियर - I सीआरएआर (%) Of which, Tier I CRAR (%)	15.83	13.72

2.3 आय, व्यय और लाभप्रदता

बैंक की कुल आय वित्तीय वर्ष 2023-24 में ₹23,492.56 करोड़ की तुलना में वित्तीय वर्ष 2024-25 में ₹28,401.62 करोड़ रही। विस्तृत आय/ व्यय घटक निम्नानुसार हैः

2.3 Income, Expenditure and Profitability

The total income of the Bank increased to ₹28,401.62 crores in FY 2024-25 as compared to ₹23,492.56 crores in FY 2023-24. The detailed income/expenditure components are as under:

ब्यौरा **Particulars**	**2024-25**	**2023-24**	अंतर (% में) Variation (in %)
अग्रिमों/बिलों पर ब्याज/छूट Interest / discount on advances / bills	19,292	15,826	221.90
निवेशों पर आय Income on investments	5,360	4,461	20.17
अंतर बैंक उधारी पर ब्याज एवं अन्य ब्याज Interest on interbank lending & other Interest	296	208	42.28
कुल ब्याज आय **Total Interest Income**	**24,947**	**20,495**	21.73
गैर-ब्याज आय Non-interest income	3,454	2,998	15.22
कुल आय **Total Income**	**28,402**	**23,493**	20.90
जमा पर ब्याज Interest on deposits	12,295	10,041	22.45
उधारी पर ब्याज और अन्य ब्याज Interest on borrowings & other Interest	987	632	56.17
कर्मचारी व्यय Staff expenses	3,442	2,838	21.29
अन्य परिचालनगत व्यय Other Operating expenses	2,358	1,976	19.34
कुल गैर-ब्याज व्यय **Total Non-Interest Expenses**	**5,801**	**4,814**	20.49
कुल व्यय **Total Expenses**	**19,083**	**15,487**	23.22
परिचालनगत लाभ Operating Profit	9,319	8,005	16.41
प्रावधान एवं आकस्मिकताएं Provisions and Contingencies	3,799	3,950	(3.82)
निवल लाभ **Net Profit**	**5,520**	**4,055**	36.12

2.4 हमारे पूंजी आधार को सुदृढ़ बनाना (वित्तीय वर्ष 2024-25)

I. इक्विटी में वृद्धि, टियर-II बाण्ड जारी करना और टियर-II बाण्ड मोचन

क) इक्विटी पूंजी में वृद्धि: 5 अक्टूबर, 2024 को एक योग्य संस्थागत प्लेसमेंट (क्यूआईपी) के माध्यम से ₹3,500 करोड़ की इक्विटी शेयर पूंजी (शेयर प्रीमियम सहित) जुटाई गई। इस निर्गम के परिणामस्वरूप ₹10 प्रत्येक के 61,01,81,311 नए इक्विटी शेयर जारी किए गए और निवेशकों को ₹47.36 प्रति शेयर के प्रीमियम पर आवंटित किए गए।

ख) टियर-।। बाण्ड जारी करना: बैंक ने 4 जुलाई, 2024 को ₹1,000 करोड़ मूल्य के बेसल III-अनुरूप टियर-II बाण्ड जारी किए, जिससे इसकी पूंजी पर्याप्तता और मजबूत हुई।

ग) टियर-II बाण्ड का मोचन: बैंक ने 6 मार्च, 2025 को ₹600 करोड़ मूल्य के बेसल III-अनुरूप टियर-II बाण्ड को भुनाने के लिए अपने कॉल ऑप्शन का प्रयोग किया।

2.4 Strengthening Our Capital Base (FY 2024-25)

I. Equity Raise, Tier-II Bond Issuance & Redemption of Tier-II Bond

a) Equity Capital Raised: The Bank raised ₹3,500 crore in equity share capital (including share premium) through a Qualified Institutional Placement (QIP) on October 5, 2024. This resulted in the issuance and allotment of 61,01,81,311 new equity shares of ₹10 each to investors at a premium of ₹47.36 per share

b) Tier-II Bond Issuance: The Bank issued Basel III-compliant Tier-II bonds worth ₹1,000 crore, on July 4, 2024.

c) Redemption of Tier-II Bond: The Bank exercised its call option to redeem Basel III-compliant Tier-II bonds amounting to ₹600 crore on March 6, 2025.

2.5 निवल मूल्य और पूंजी पर्याप्त अनुपात

I. इन पूंजी जुटाने के उपायों बैंक की स्थिति में उल्लेखनीय वृद्धि हुई।

क) नेट वर्थ ग्रोथ: बैंक की नेट वर्थ 31 मार्च, 2024 के ₹17,177.58 करोड़ से बढ़कर 31 मार्च, 2025 को ₹25,880.52 करोड़ तक पहुंच गई।

ख) मजबूत पूंजी पर्याप्तता: 31 मार्च, 2025 को पूंजी पर्याप्तता अनुपात 20.53% था, जो बेसल III मानदंडों के अंतर्गत विनियामक आवश्यकता 11.50% (पूंजी संरक्षण बफर सहित) से अधिक है। सामान्य इक्विटी टियर 1 (सीईटी 1) पूंजी अनुपात 15.83% रहा।

2.6 इंफ्रास्ट्रक्चर बांड जारी करना

क. इंफ्रास्ट्रक्चर बांड: बैंक ने दो किस्तों में इंफ्रास्ट्रक्चर बांड जुटाए हैं; 05.08.2024 को ₹811 करोड़ और 18.02.2025 को ₹1612 करोड़।

2.7 लाभांश अनुशंसा

I. आपके बैंक के निदेशक मंडल ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए बैंक की प्रदत्त शेयर पूंजी पर रु.10 प्रत्येक प्रति इक्विटी शेयर रु.1.50 (15%) के लाभांश की सिफारिश की है।

II. लाभांश का भुगतान उन सदस्यों को किया जाएगा, जिनके नाम दिनांक 09 मई 2025 को व्यवसाय समय के अंत में एनएसडीएल/ सीडीएसएल द्वारा उपलब्ध कराई गई लाभकारी स्वामित्व स्थिति के साथ-साथ सदस्यों के रजिस्टर में प्रदर्शित होते हैं।

III. 25 अप्रैल, 2025 को आयोजित बोर्ड की बैठक में इस सिफारिश को मंजूरी दी गई। इसके अलावा यह सूचित किया जाता है कि इक्विटी शेयरों पर लाभांश प्राप्त करने के हकदार सदस्यों की पात्रता निर्धारित करने की रिकॉर्ड तिथि शुक्रवार, 9 मई, 2025 है। यदि बैंक के शेयरधारकों द्वारा लाभांश को मंजूरी दे दी जाती है, तो एजीएम के बाद उन शेयरधारकों को लाभांश का भुगतान किया जाएगा, जिनके नाम शुक्रवार, 9 मई, 2025 को कारोबारी समय की समाप्ति पर डिपॉजिटरीज जैसे नैशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड और सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड द्वारा बनाए गए लाभार्थी स्वामित्व रजिस्टर/ बैंक के सदस्यों के रजिस्टर में प्रदर्शित होते हैं।

2.5 Net Worth and Capital Adequacy Ratio

I. These capital-raising measures significantly enhanced the Bank's financial position:

a) Net Worth Growth: The Bank's net worth increased substantially to ₹25,880.52 crore as of March 31, 2025, from ₹17,177.58 crore as of March 31, 2024.

b) Strong Capital Adequacy: As of March 31, 2025, the capital adequacy ratio stood at 20.53%, comfortably exceeding the regulatory requirement of 11.50% (including the Capital Conservation Buffer) under Basel III norms. The Common Equity Tier 1 (CET1) capital ratio was robust at 15.83%.

2.6 Issuance of Infrastructure Bond

a.Infrastructure Bonds: The Bank has raised infrastructure bonds in two tranches; ₹811 crores on 05.08.2024 & ₹1612 crores on 18.02.2025.

2.7 Dividend Recommendation

I. Your Bank's Board of Directors has recommended a dividend of ₹1.50 per equity share (15%) on the paid-up equity share capital of ₹10 per share for the financial year 2024-25.

II. The dividend will be paid to members whose names appear in the Register of Members and the Beneficial Ownership Position provided by NSDL/CDSL as of the close of business hours on May 9, 2025.

III. This recommendation was approved at the Board meeting held on April 25, 2025. Further it is informed that the Record Date for determining the eligibility of members entitled to receive dividend on equity shares is Friday, 9th May, 2025. Dividend, if approved by the shareholders of the Bank, shall be paid after the AGM to those shareholders, whose names appear in the Bank's Register of Members/ Register of Beneficial Owners maintained by the Depositories viz., National Securities Depository Limited and Central Depository Services (India) Limited as at the close of business hours on Friday, 9th May, 2025.

2.8 ऋण का क्षेत्रवार विनियोजन

2.8 Sectoral Deployment of Credit

कुल बकाया प्रतिशत **Percentage to Total Outstanding**		31.03.2025 को बकाया OS as on 31.03.2025	कुल बकाया प्रतिशत Percentage to total OS	31.03.2024 को बकाया OS as on 31.03.2024	कुल बकाया प्रतिशत Percentage to total OS
उद्योग इसमें से	Industry of which	79223.63	33.03%	69211.21	33.98%
i. अवसंरचनात्मक	Infrastructure	37027.70	15.44%	35894.91	17.62%
ii. रसायन व रसायन उत्पाद	Chemicals & Chemical Products	2100.10	0.88%	2073.03	1.02%
iii. पेट्रोलियम (प्राकृतिक गैस सहित)	Petroleum (Including Natural Gas)	3998	1.67%	2783.99	1.37%
iv. लोहा व स्टील	Iron and Steel	3249	1.35%	1627.52	0.80%
v. एनबीएफसी	NBFCs	25737	10.73%	21109.70	10.36%
vi. इंजीनियरिंग	Engineering	3259	1.36%	2583.34	1.27%
vii. निर्माण	Construction	1770	0.74%	1333.11	0.65%
viii. अन्य उद्योग	Other Industries	2083	0.87%	1805.61	0.89%
कृषि	Agriculture	35547	14.82%	30456.27	14.95%
एमएसएमई	MSME	48369	20.16%	42117.12	20.68%
आवास	Housing	38346	59.13	29786.27	14.63%
शिक्षा	Education	2676	4.13	2279.19	1.12%
निर्यात	Exports	2145	0.89%	2167.85	1.06%
वाणिज्यिक भूसंपदा	Commercial Real estate	7367	3.07%	4954.31	2.43%
सकल अग्रिम	Gross Advances	239837		203664	

3 प्राथमिकता क्षेत्र ऋण: विकास और सशक्तिकरण को बढ़ावा देना

प्राथमिकता क्षेत्र ऋण: विकास और सशक्तिकरण को बढ़ावा देना: बैंक राष्ट्र के निर्माण में प्राथमिकता क्षेत्र ऋण के महत्व को समजता हैं। इस दृष्टिकोण को अपनाते हुए, बैंक ने न केवल प्राथमिकता क्षेत्र ऋण (पीएसएल) लक्ष्यों को प्राप्त किया है, बल्कि उसे पार कर वित्तीय वर्ष 2024-25 में एएनबीसी का 46.75 % पीएसएल अनुपात उल्लेखनीय रूप से प्राप्त किया है, जो कि ₹95632.64 करोड़ (निवेश सहित) है।

3 Priority Sector Lending: Driving Growth and Empowerment

Priority Sector Lending: Driving Growth and Empowerment : The bank understands the importance of priority sector lending towards nation building. Embracing this vision, the Bank has not only met but surpassed Priority Sector Lending (PSL) targets, achieving an impressive PSL ratio of 46.75 % of ANBC, amounting to ₹ 95632.64 crore in FY 2024-25 (including investments).

3.1 हमारे किसानों को सशक्त बनाना: नींव को मजबूत करना

हमारे किसानों के सामने आने वाली अनूठी चुनौतियों का संज्ञान लेते हुए, बैंक ने कृषि को वास्तविक बढ़ावा देने के लिए रणनीति तैयार की है:

3.1 Empowering Our Kisans: Strengthening the Foundation

Knowing the unique challenges our kisans (farmers) face, the Bank has put a strategies in place to give agriculture a real boost:

I. **मदद करना, नींव मजबूत करना:** बैंक ने देश की रीढ़ यानी हमारे किसानों के साथ मजबूती से खड़े होकर ₹35,547.01 करोड़ के बकाया कृषि अग्रिम के साथ, वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान ₹18,981 करोड़ के नए ऋण मंजूर किए हैं।

II. **भविष्य में निवेश करना: उद्देश्य के साथ विकास:** दीर्घकालिक कृषि समृद्धि को सुरक्षित करने के उद्देश्य से, बैंक ने निवेश ऋण में 47.65% की वृद्धि दर्ज करते हुए वित्तीय वर्ष 2024-25 में ₹4,509 करोड़ का संवितरण किया। ये निवेश किसानों को सतत विकास के लिए उन्नत तकनीकों और बुनियादी ढाँचे को अपनाने में मदद करते हैं। इससे हमारे किसान लंबे समय में अपनी फसल की पैदावार बढ़ाने के लिए अच्छी तरह से तैयार हो सकेंगे, जिससे उनका और भारतीय कृषि उद्योग का भविष्य अधिक समृद्ध हो सकेगा।

III. **स्वर्ण को विकास में बदलना: स्वर्ण कृषि ऋण:** बैंक के स्वर्ण कृषि ऋण कार्यक्रम ने नए स्वीकृतियों में ₹8,254 करोड़ जुटाए, जो वित्तीय वर्ष 2024-25 में 57.14% की उल्लेखनीय वृद्धि है। स्वर्ण के मूल्य से लाभान्वित होकर, किसान वित्तीय अंतर को पाटने और नए अवसरों को प्राप्त करने के लिए तत्काल नकदी प्राप्त कर सकते हैं।

IV. **अनुकूलित समाधानों के माध्यम से किसानों को आत्मनिर्भर बनाना:** यह समझते हुए कि कोई भी दो खेत एक जैसे नहीं होते, बैंक ने अपने एमकेसीसी समीक्षा/नवीनीकरण पहल के माध्यम से वित्तीय वर्ष 2024-25 में ऋण समाधानों को अनुकूलित किया, जिससे 44% पूर्णता प्राप्त हुई। इससे यह सुनिश्चित होता है कि किसानों को उनकी विशिष्ट आवश्यकताओं के अनुरूप व्यक्तिगत वित्तीय सहायता मिले। इस व्यापक कार्यक्रम ने यह सुनिश्चित किया है कि मौजूदा ऋणों की समीक्षा की जाए और उन्हें प्रत्येक किसान की विशिष्ट आवश्यकताओं और परिस्थितियों के अनुरूप बनाया जाए। बैंक ने हमारे किसानों की आवश्यकताओं को प्राथमिकता दी है और उन्हें सफल होने के लिए सशक्त बनाने की दिशा में काम किया है।

V. **भविष्य की ओर कदम:** कृषि और खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों के विकास का समर्थन करना बैंक की प्राथमिकता है। यह कृषि उपज के मूल्य में वृद्धि करते हुए उज्जवल भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। बैंक ने अपनी "महा कृषि समृद्धि योजना" के माध्यम से वित्तीय वर्ष 2024-25 में ₹782 करोड़ मंजूर किए हैं, जिससे ये उद्योग कृषि आपूर्ति श्रृंखला को बेहतर करने में सक्षम बनेंगे।

VI. **डिजिटल पहल के माध्यम से पहुंच को आसान बनाना:** वित्तीय समावेशन बैंक की प्राथमिकता है। हमने केसीसी नवीनीकरण प्रक्रिया को डिजिटल कर दिया है, जिससे हमारे किसानों के लिए ऋण तक पहुँच आसान हो गई है।

VII. **चुनौतियों के बीच मजबूती से खड़ा रहना:** खेती की चुनौतियों को समझते हुए, विशेष रूप से सूखे, बाढ़ और ओलावृष्टि जैसी प्राकृतिक आपदाओं के दौरान, बैंक नियामक दिशानिर्देशों के अनुरूप समय पर राहत उपायों को सक्रिय रूप से पहुंचाता है। ये प्रयास किसानों को समस्या से निपटने और पुनर्निर्माण में मदद करते हैं तथा उनकी सुरक्षा और समर्पण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हैं। बैंक अपनी अभिनव योजनाओं, अनुरूप समाधानों और अटूट समर्थन के माध्यम से हमारे किसानों को सशक्त बनाता है और कृषि में सतत विकास को बढ़ावा देता है, जिससे वह एक बेहतर कल की ओर उनकी यात्रा में एक भरोसेमंद साथी साबित हो रहा है।

I. **Lending a Hand, Strengthening the Roots:** With an outstanding agricultural advance of ₹35,547.01 crore, the Bank sanctioned ₹18,981 crore in fresh loans during FY 2024-25, standing firmly with the backbone of the nation—our farmers.

II. **Investing in the Future:** Growth with a Purpose:Aiming to secure long-term agricultural prosperity, the Bank facilitated a 47.65% rise in investment credit, disbursing ₹4,509 crore in FY 2024-25. These investments help farmers adopt advanced technologies and infrastructure for sustainable growth. This will enable our kisans to be well-equipped to increase their crop yields in the long run, ensuring a more prosperous future for themselves and Indian agriculture industry.

III. **Turning Gold into Growth:** Swarna Krishi Loans: The Swarna Krishi Loan program of the Bank unlocked ₹8,254 crore in fresh sanctions, a remarkable 57.14% growth in FY 2024-25. By leveraging the value of gold, farmers gain quick liquidity to bridge financial gaps and seize new opportunities.

IV. **Empowering Kisan to be Self-reliant through customized solutions:**Understanding that no two farms are alike, the Bank customized loan solutions through its MKCC Review/Renewal initiative, achieving 44% completion in FY 2024-25. This ensures farmers receive personalized financial support that meets their unique needs. This extensive program has ensured that existing loans are reviewed and customized to fit each farmer's specific needs and circumstances. Bank has prioritized the needs of our kisans and worked towards empowering them to succeed.

V. **A leap to the future:**Supporting the growth of Agro and food processing industries is a priority for the Bank. This is a crucial step towards a brighter future while adding to the value of agriculture produce. Bank through its "Maha Krishi Samruddhi Scheme," has sanctioned ₹782 crore in FY 2024-25, empowering these industries to add significant value to the agricultural supply chain.

VI. **Making Access Easier through Digital Initiative:** Financial inclusion is a priority for the Bank. We have digitized the KCC Renewal process, making it simpler for our kisans to to have credit access.

VII. **Standing Strong Through Storms:** Understanding the challenges of farming, especially during natural calamities such as droughts, floods, and hailstorms, the Bank proactively extends timely relief measures in line with regulatory guidelines. These efforts help farmers recover and rebuild, reaffirming our commitment to their resilience and security.Through innovative schemes, tailored solutions, and unwavering support, the Bank continues to empower our Kisans and foster sustainable growth in agriculture, proving to be a dependable partner in their journey towards a better tomorrow.

3.2 भारत के विकास की गति को सहयोग प्रदान करना: एमएसएमई के प्रति बैंक की प्रतिबद्धता

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) भारतीय अर्थव्यवस्था की आधारशिला हैं, जो प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से व्यापक रोजगार सृजन के माध्यम से समावेशी विकास को गति प्रदान करते हैं। उनके महत्व को स्वीकार करते हुए, बैंक ने एमएसएमई को समर्थन देने और देश के आर्थिक विकास में उनके योगदान को बढ़ाने के लिए एक व्यापक रणनीति अपनाई है।

I. **रिकॉर्ड वृद्धि और लक्ष्य को पार करना**-एमएसएमई के प्रति बैंक का समर्पण मार्च 2024 की तुलना में ऋण देने में वर्ष-दर-वर्ष 14.84% की उल्लेखनीय वृद्धि में परिलक्षित होता है। यह 31 मार्च, 2025 को ₹6251.45 करोड़ की प्रभावशाली वृद्धि का उल्लेख करता है, बैंक का कुल एमएसएमई अग्रिम ₹47,500 करोड़ के लक्ष्य के मुकाबले ₹48,368.57 करोड़ रहा जो इस महत्वपूर्ण क्षेत्र के प्रति मजबूत प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

वित्तीय वर्ष 2025 में प्रदर्शन

वित्तीय वर्ष 2025 में एमएसएमई के लिए बैंक का अटूट समर्थन इसके प्रदर्शन से और भी उजागर होता है:

वित्तीय वर्ष 2025 में एमएसएमई पोर्टफोलियो में बैंक का प्रदर्शन:

3.2 Fueling India's Growth Engine: The Bank's Commitment to MSMEs

Micro, Small, and Medium Enterprises (MSMEs) are the cornerstone of the Indian economy, driving inclusive growth through extensive employment generation, both directly and indirectly. Acknowledging their importance, the Bank has adopted a comprehensive strategy to support MSMEs and enhance their contribution to the nation's economic development.

I. **Record Growth and Exceeding Targets**-The Bank's dedication to MSMEs is reflected in a remarkable 14.84% year-on-year growth in lending compared to March 2024. This translates to an impressive absolute increase of ₹6251.45 Cr. as of March 31, 2025, the Bank's total MSME advances stand at a robust ₹48,368.57 Cr. as against target of ₹47,500 Cr. demonstrating a strong commitment to this crucial sector.

Performance in FY'25

The Bank's unwavering support for MSMEs is further highlighted by its performance in FY'25:

Bank's performance in MSME portfolio in FY'25:

क्र. S.N.	विवरण Particulars	वास्तविक Actual	लक्ष्य Target
1	एमएसई बकाया की तुलना में माइक्रो की हिस्सेदारी Share of Micro against to MSE O/s	60.81%	60%

II. **मुद्रा: महत्वाकांक्षी उद्यमियों को सशक्त बनाना:** बैंक प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई) में सक्रिय रूप से भाग लेता है, जो विनिर्माण, व्यापार और सेवाओं में लगे छोटे व्यवसायों और गैर-कृषि उद्यमों को महत्वपूर्ण ऋण प्रदान करता है। वित्तीय वर्ष 2025 में, बैंक ने पीएमएमवाई के अंतर्गत ₹5,549.05 करोड़ की मंजूरी दी, जो ₹5,500 करोड़ के महत्वाकांक्षी लक्ष्य से अधिक है। यह 100.89% उपलब्धि दर छोटे पैमाने के उद्यमियों को सशक्त बनाने के लिए बैंक के समर्पण को दर्शाती है।

III. **ऋण के अतिरिक्त: एक समग्र दृष्टिकोण":** एमएसएमई के लिए बैंक का समर्थन केवल ऋण प्रदान करने तक ही सीमित नहीं है। यहाँ कुछ प्रमुख पहल हैं:

क. एमएसएमई आउटरीच कार्यक्रम: बैंक नए व्यवसायों से जुड़ने और उनकी विशिष्ट आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए विभिन्न स्थानों पर सक्रिय रूप से आउटरीच कार्यक्रम आयोजित करता है। इन कार्यक्रमों को सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है और एमएसएमई के साथ मजबूत संबंध बनाने के लिए ये कार्यक्रम महत्वपूर्ण हैं।

II. **MUDRA: Empowering Aspiring Entrepreneurs:** The Bank actively participates in the Pradhan Mantri Mudra Yojana (PMMY) scheme, providing crucial credit to small businesses and non-farm enterprises engaged in manufacturing, trade, and services. In FY'25, the Bank sanctioned a commendable ₹5,549.05 Cr under PMMY, exceeding the ambitious target of ₹5,500 Cr. This 100.89% achievement rate reflects the Bank's dedication to empowering small-scale entrepreneurs

III. **Beyond Lending: A Holistic Approach;** The Bank's support for MSMEs extends beyond just providing loans. Here are some key initiatives:

a. MSME Outreach Programs: The Bank actively organizes outreach programs across various locations to connect with new businesses and cater to their unique needs. These programs have received a positive response and are crucial for building strong relation-ships with MSMEs

ख. क्लस्टर दृष्टिकोण: बैंक विशिष्ट क्लस्टर के लिए ग्राहक के अनुरूप उत्पाद की पेशकश करके वॉल्यूम व्यवसाय निर्मित करने के लिए देश के विभिन्न हिस्सों में उद्योग/गतिविधि विशिष्ट उत्पाद विकसित कर रहा है। बैंक ने उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद में ग्लास और चूड़ियों का क्लस्टर और सूरत, कोल्हापुर, जयपुर, तिरुपुर, कोयंबटूर और मालेगांव में टैक्सटाइल क्लस्टर लॉन्च किया है।

ग. कस्टमाइज ऋण उत्पाद विशिष्ट एमएसएमई ग्राहक श्रेणी हेतु। हम विभिन्न ग्राहक श्रेणियों जैसे डॉक्टर, सीए, सीएस, आर्किटेक्ट, ठेकेदार, आतिथ्य व्यवसाय में लगे एमएसएमई, परिवहन संचालक आदि को आकर्षक ब्याज दर, विस्तारित ऋण पुनर्भुगतान अवधि, प्रसंस्करण शुल्क और बीजी/एलजी कमीशन आदि में रियायत प्रदान करते हैं।

घ. वित्तीय साक्षरता को प्रोत्साहन कार्यशालाओं, वेबिनार और एमएसएमई को सलाहकार सेवाओं के माध्यम से। एमएसएमई को निवेशकों, आपूर्तिकर्ताओं और अन्य हितधारकों के साथ जोड़ने के लिए नेटवर्किंग प्रक्रियाओं जैसे आयोजनों के माध्यम से एमएसएमई का समर्थन करना।

ड़. बैंक ने महिलाओं और युवा उद्यमियों के लिए विशेष योजना तैयार की है, ताकि इन विशेष ग्राहक आधार तक वित्त की आसान पहुँच को प्रोत्साहन दिया जा सके और उन्हें आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाया जा सके।

च. बैंक डिजिटल ऋण आधार को बढ़ाने के लिए **प्रौद्योगिकी और वैकल्पिक डेटा** का उपयोग कर रहा है। वित्तीय तंत्र में उपलब्ध डिजिटल फुटप्रिंट के आधार पर सूक्ष्म इकाइयों को नकदी प्रवाह आधारित डिजिटल ऋण प्रदान किया जा रहा है। बैंक डिजिटल मोड के माध्यम से सूक्ष्म इकाइयों को वित्तपोषण के लिए संपार्श्विक सुरक्षा के स्थान पर व्यवसाय के नकदी प्रवाह पर ध्यान केंद्रित कर रहा है।

छ. सह-उधार मॉडल के माध्यम से बैंक की पहुँच का विस्तार करने के लिए **एनबीएफसी, फिनटेक कंपनियों, ई-कॉमर्स प्लेटफार्मों के साथ सहयोग।**

ज. हरित वित्तपोषण के लिए विशेष योजना: नवीकरणीय ऊर्जा या पर्यावरण की दृष्टि से धारणीय परियोजनाओं को अपनाने के लिए एमएसएमई को प्रोत्साहन ऋण। एमएसएमई की परिचालन लागत को कम करने के साथ-साथ धारणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए कैप्टिव उद्देश्य से सौर पैनल की स्थापना के लिए बैंक के पास एमएसएमई हेतु विशेष योजना है।

झ. विभिन्न सरकारी योजनाओं के तहत उधारी के लिए **ऋण गारंटी कवर और पूंजी/ब्याज सब्सिडी प्रदान करना।** इससे वित्तीय समावेशन के साथ-साथ एमएसएमई की ऑनबोर्डिंग बढ़ाने में मदद मिली है।

b. Cluster Approach: Bank is developing industry / activity specific products at different parts of country for generating volume business by offering tailor product to specific cluster. Bank has launched Glass & bangles cluster in Firozabad in Uttar Pradesh and Textile cluster in Surat, Kolhapur, Jaipur, Tirupur, Coimbatore and Malegaon.

c. Customizing loan products for specific MSME customer category. We offer attractive RoI, extended loan repayment tenor, concession in Processing fee and BG/LG commission etc. to various customer category like Doctors, CA, CS, Architects, Contractors, MSMEs engaged in hospitality business, Transport operators etc.

d. Fostering financial literacy through workshops, webinars and advisory services to MSMEs. Supporting MSMEs through networking processes like organizing events to connect MSMEs with investors, suppliers other stakeholders for their growth.

e. Bank has devised special scheme for Women and Young Entrepreneurs to promote easy access to fiancé to these special customer base for empowering them economically and socially.

f. Bank is using technology and alternative data to increase the digital lending base. Cashflow based digital lending to micro units based on digital footprints available in financial ecosystem. Bank is focusing on business's cash flow rather than collateral security for financing to Micro units through digital mode.

g. Collaboration with NBFCs, Fintech companies, e-commerce platforms to expand reach of Bank through Co-Lending Model.

h. Special scheme for Green financing: Incentivized loans to MSMEs for adopting renewable energy or environmentally sustainable projects. Bank has special scheme for MSMEs for installation of solar panel for captive purpose to promote sustainable energy along with reducing operation cost of MSMEs.

i. Providing credit guarantee cover and capital / interest subsidy for borrowings under various government schemes. This has helped in financial inclusion as well as increase in the onboarding of MSMEs.

ज. व्यापार प्राप्य छूट प्रणाली (टीआरईडीएस): बैंक में टीआरईडीएस वित्तपोषण के केंद्रीकरण के लिए नया प्लेटफ़ॉर्म विकसित किया गया है।

ट. प्रक्रिया सुधार के लिए विभिन्न आईटी पहल इस प्रकार हैं:

• जेडईडी पोर्टल (www.zed.msme.gov.in) के माध्यम से सीबीएस में जेडईडी सत्यापन के प्रमाणन का स्वचालन और लाभार्थियों को लागू प्रोत्साहन देना।

• **सीजीटीएमएसई प्रक्रिया के लिए रोबोटिक प्रक्रिया स्वचालन:** स्वचालन किया जाता है ताकि
क) प्रति आइटम प्रसंस्करण समय को 80% तक कम किया जा सके।
ख) मानवीय त्रुटियों को 99% कम करना
ग) बोट द्वारा उपलब्ध कराए गए लॉग का उपयोग करके समग्र गतिविधि की बेहतर निगरानी करना।

ठ. डिजिटल उत्पाद पहल

• **डिजिटल पीएम स्वनिधि:** बैंक ने पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत ऋण के लिए एसटीपी यात्रा लागू की है।

• **डिजिटल मुद्रा:** बैंक ने ईटीबी ग्राहकों के लिए पैन इंडिया स्तर पर रु.10 लाख तक की सीसी क्रेडिट सुविधा के लिए एसटीपी की शुरूआत की है और एनटीबी ग्राहकों के लिए यह सहायता मोड के अंतर्गत है।

• **रु.10 लाख तक की कार्यशील पूंजी सुविधा की स्वतः समीक्षा/नवीनीकरण:** इसका उद्देश्य एसटीपी के माध्यम से रु.10 लाख तक की मौजूदा एमएसएमई कार्यशील पूंजी सुविधा की समीक्षा/नवीनीकरण की प्रक्रिया को स्वचालित करना है।
क) संगठनात्मक स्तर पर शाखाओं में कार्य समय को कम करना।
ख) शाखा को भेंट देने की आवश्यकता लगभग समाप्त करके ग्राहक सुविधा में वृद्धि।

• **महा ई-जीएसटी योजना:** बैंक ने वित्तीय इकोसिस्टम में उपलब्ध डिजिटल फुटप्रिंट्स के आधार पर ऋण मूल्यांकन मॉड्यूल के माध्यम से ईटीबी एमएसएमई ग्राहकों को रू.25 लाख तक की नकद ऋण सुविधा प्रदान करने के लिए डिजिटल यात्रा शुरू की है।

• **डिजिटल पीएम विश्वकर्मा:** बैंक ने सरकारी पहल के कार्यान्वयन को सफल बनाने के लिए पीएम विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत ऋण के लिए एसटीपी यात्रा शुरू की है।

j. TRADE RECEIVABLES DISCOUNTING SYSTEM (TReDS): New platform is developed for centralization of TReDS financing in Bank

k. Various IT initiatives for process improvement are as under:

• Automation of validation ZED certification in CBS through ZED portal (www.zed.msme.gov.in) and passing of applicable incentives to beneficiaries.

• **Robotic Process Automation for CGTMSE Process:** Automation is done to
a) Reduce processing time per item by 80%
b) Reducing 99% Human errors
c) Better Monitoring of the overall activity by using the logs provided by the BOT

l. Digital Products Initiative

• **Digital PM SVANidhi:** Bank has implemented STP journey for loans under PM SVANidhi Scheme.

• **Digital MUDRA:** Bank has launched STP journey for CC credit facility upto Rs.10 lakh at PAN India level for ETB customer and for NTB customer it is under assisted mode.

• **Auto Review / Renewal of Working Capital Facility upto Rs.10 lakh:** The objective is to automate the process for review / renewal of existing MSME Working Capital facility up to Rs.10 lakhs through STP.
a) Minimization of significant manhours at branches at an organizational level.
b) Enhancement of customer convenience by almost eliminating branch visits.

• **Maha E-GST Scheme:** Bank has launched Digital journey for providing cash credit facility upto Rs.25 lakh to ETB MSME customers through credit assessment module based on digital footprints available in financial ecosystem.

• **Digital PM Vishwakarma:** Bank has launched STP journey for Credit under PM Vishwakarma Scheme to streamline the implementation of Govt. initiative.

IV. आगे की राह : एक मजबूत एमएसएमई इकोसिस्टम का निर्माण

एमएसएमई के प्रति बैंक की अटूट प्रतिबद्धता सरकारी योजनाओं जैसे मुद्रा, पीएम-विश्वकर्मा और स्टैंड-अप इंडिया, पीएमईजीपी आदि के लिए निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने और उससे आगे निकलने के प्रति इसके समर्पण से स्पष्ट है। बैंक "स्टार्ट-अप के लिए ऋण गारंटी योजना (सीजीएसएस)" के अंतर्गत स्टार्ट-अप को ऋण सहायता प्रदान करने पर फोकस कर रहा है। ये सफलताएं बैंक के एमएसएमई ऋण पोर्टफोलियो को मजबूत करने में महत्वपूर्ण योगदान देंगी और परिणामस्वरूप, अधिक व्यवसायों के विकास के लिए सशक्त बनाएंगी।

IV. Looking Ahead: Building a Stronger MSME Ecosystem

The Bank's unwavering commitment to MSMEs is evident in its dedication to achieving and exceeding set targets for government schemes like MUDRA, PM-Vishwakarma and Stand-up India, PMEGP etc. Bank is focusing on providing credit help to start-ups under "Credit Guarantee Scheme for Start-ups (CGSS)". These successes will contribute significantly in strengthening Bank's MSME loan portfolio and consequently, empower more businesses to thrive.

चुनिन्दा क्षेत्रों को बैंक ऋण

Bank's Exposure to Select Segments

क्र सं. Sr.No	क्षेत्र Sector	31.03.2025 को As on 31.03.2025	31.03.2024 को As on 31.03.2024	% वृद्धि (+/-) को % increase (+/-)
1	सूक्ष्म/ स्व. सहा. समूह वित्त Micro / SHG Finance	3250	2797	16.20%
2	कमजोर वर्ग Weaker Section	25345	26487	-4.31%
3	एससी / एसटी लाभार्थी SC/ ST Beneficiaries	6998	5942	17.77%
4	ओबीसी लाभार्थी OBC Beneficiaries	18762	14858	26.28%
5	अल्पसंख्यक समुदाय Minority Communities	13916	9187	51.47%

3.3 आम आदमी के स्वप्न को पूरा करना: रिटेल ऋण देने के लिए बैंक की प्रतिबद्धता

रिटेल क्षेत्र भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है, लाखों लोग अपनी दैनिक जरूरतों और आकांक्षाओं के लिए इस पर निर्भर हैं। बैंक इस महत्वपूर्ण भूमिका को समझता है और अपने ग्राहकों के लिए एक विश्वसनीय भागीदार बनने के लिए समर्पित है। हम आपके सपनों का घर खरीदने से लेकर आपके बच्चे की शिक्षा के वित्तपोषण या यहां तक कि रोजमर्रा के आवागमन के लिए एक विश्वसनीय वाहन प्राप्त करने तक, आपकी विविध आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए डिज़ाइन किए गए रिटेल ऋण उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला की पेशकश करते हैं।

3.3 Fulfilling Common Man Dreams: The Bank's Commitment to Retail Lending

The retail sector is the backbone of the Indian economy, with millions of people relying on it for their daily needs and aspirations. The Bank understands this crucial role and is dedicated to being a trusted partner for our customers. We offer a wide range of retail loan products designed to meet your diverse needs, from buying your dream home to financing your child's education or even getting a reliable vehicle for everyday commutes.

I. रिटेल ऋण का क्षेत्रीय परिनियोजन

I. Sectoral deployment of retail credit:

खंड Segment	31.03.2025 तक बकाया Outstanding (OS) as on 31.03.2025	कुल बकाया का प्रतिशत Percentage to total OS	31.03.2024 तक बकाया Outstanding(OS) as on 31.03.2024	कुल बकाया का प्रतिशत Percentage to total OS
आवास Housing	38346	59.13	29786.27	57.58
शिक्षा Education	2676	4.13	2279.19	4.41
वाहन Vehicle	4063	6.26	2771.45	5.36
अन्य रिटेल Other Retail	**19768**	30.48	16889.68	32.65
कुल रिटेल Total Retail	**64853**	**100.00**	**51726.59**	**100.00**

II.योजनावार प्रदर्शन:

II.Scheme wise Performance:

क्र. Sr. No	योजना Scheme	संक्षिप्त विवरण Brief Description	मार्च 25 को पोर्टफोलियो Portfolio as of Mar '25	एनपीए % NPA %
1	**महा सुपर आवास ऋण योजना** **Maha Super Housing Loan Scheme**	आवास ऋण बैंक का हमेशा से एक प्रमुख क्षेत्र रहा है। तदनुसार, बैंक ने देश के महत्वाकांक्षी लक्ष्य 'सभी के लिए आवास' के साथ संरेखन किया है, जिसमें अर्थव्यवस्था के हर क्षेत्र को कवर करने वाले ग्राहकों के लिए गृह ऋण योजना शामिल है। बैंक पूरे उद्योग में गृह ऋण योजना में सबसे आकर्षक ब्याज दर प्रदान करता है। बैंक "नए/ मौजूदा घर/ फ्लैट की खरीद/ निर्माण, मौजूदा घर/ फ्लैट की मरम्मत/ नवीनीकरण/ परिवर्तन, प्लॉट की खरीद और उस पर निर्माण" के लिए आवास ऋण प्रदान करता है। Housing loan remains a thrust area of the Bank. Accordingly, Bank has aligned with the goal of 'Housing for all' aspiration of the country, which includes Home loan scheme for customers covering every segment of the economy. Bank extends the most competitive ROI across the industry in home loan scheme.Bank offers housing loan for "purchase / construction of new / existing house / flat, repairs / renovation / alteration of existing house / flat, purchase of plot and construction thereon".	38346.44	0.20
2	**महासुपर कार ऋण योजना और महाबैंक वाहन ऋण योजना** **Maha Super Car Loan Scheme and Mahabank vehicle Loan scheme**	बैंक व्यक्तियों (18 वर्ष और उससे अधिक) और गैर-व्यक्तियों के लिए निजी उपयोग (अर्थात यात्रियों को किराये पर लेने/ढुलाई के लिए नहीं) के लिए नए/सेकेंड हैंड चार पहिया वाहन यानी कार, जीप, मल्टी यूटिलिटी वाहन (एमयूवी), एसयूवी, इलेक्ट्रिक वाहन आदि की खरीद के लिए वाहन ऋण योजनाएं प्रदान करता है। Bank offers Vehicle loan schemes for purchase of New / Second hand four wheelers i.e. Car, Jeep, Multi Utility vehicles (MUVs), SUV, electric vehicles etc. for personal use (i.e. not for hiring/ferrying passengers) for individuals (18 years and above) and Non-Individuals.	4062.84	0.09
3	**शिक्षा ऋण योजना** **Education Loan Scheme**	बैंक सभी मेधावी और योग्य विद्यार्थियों को भारत और विदेश में उच्च अध्ययन/शिक्षा प्राप्त करने के लिए परेशानी मुक्त शिक्षा ऋण उपलब्ध कराने के लिए आईबीए मॉडल शिक्षा ऋण योजना, पीएम विद्यालक्ष्मी योजना और महा स्कॉलर ओवरसीज शिक्षा ऋण योजना का कार्यान्वयन कर रहा है। Bank is implementing IBA Model Education Loan Scheme, PM Vidyalaxmi Scheme & Maha Scholar Overseas Education Loan scheme to provide hassle free Education loan to all meritorious and deserving students for pursuing higher studies /education in India and abroad.	2675.73	0.10

क्र. Sr. No	योजना Scheme	संक्षिप्त विवरण Brief Description	मार्च 25 को पोर्टफोलियो Portfolio as of Mar '25	एनपीए % NPA %
4	**स्व-अधिकृत संपत्तियों के बदले ऋण** **LoanAgainst Self-Occupied**	बैंक स्व- अधिकृत वाली संपत्ति के बदले ऋण प्रदान करता है जिसमें व्यक्तिगत उधारकर्ता को संपत्ति के बदले ऋण प्रदान किया जाता है। ऋण का अंतिम उद्देश्य बच्चों की शिक्षा, बच्चों की शादी, चिकित्सा उपचार, यात्रा/भ्रमण व्यय, वाहन या हाई-टेक गैजेट खरीदना, अन्य घरेलू ज़रूरतें आदि जैसी विभिन्न व्यक्तिगत ज़रूरतों को पूरा करने के लिए किया जाता है। Bank offers Loan Against Self-Occupied Property in which loan is given to the Individual borrower against the property. The end use of the loan is for meeting varied personal needs like Children's Education, marriage of children, medical treatment, travel/ tour expenses, buying vehicle or hi-tech gadgets, other domestic needs etc.Bank offers housing loan for "purchase / construction of new / existing house / flat, repairs / renovation / alteration of existing house / flat, purchase of plot and construction thereon".	2202.80	1.20
5	**महाबैंक टॉप अप ऋण योजना** **Mahabank Top up Loan Scheme**	मौजूदा आवास ऋण उधारकर्ताओं को अतिरिक्त ऋण सहायता प्रदान करने के साथ-साथ टॉप-अप ऋण की अतिरिक्त सुविधा के साथ अन्य बैंकों से मौजूदा आवास ऋणों का अधिग्रहण करने के लिए, बैंक "महाबैंक टॉप अप ऋण योजना" प्रदान करता है। इस योजना के अंतर्गत विभिन्न घरेलू उद्देश्यों जैसे बच्चों की शिक्षा, बच्चों की शादी, चिकित्सा उपचार, वाहन या हाई-टेक गैजेट खरीदना और अन्य घरेलू जरूरतों आदि के लिए ऋण प्रदान किया जाता है। In order to extend additional credit support to existing housing loan borrowers as well takeover of existing housing loans from other banks with additional facility of Top-up Loan, Bank offers "Mahabank Top Up loan Scheme". Under the scheme credit is extended for variety of domestic purposes like children's education, marriage of children, medical treatment, buying a vehicle or hi-tech gadgets and other domestic needs etc.	3510.94	0.09
6	**महाबैंक स्वर्ण ऋण योजना (रिटेल + कृषि)** **Mahabank Gold Loan Scheme (Retail + Agri)**	एक आकर्षक आस्ति के रूप में स्वर्ण ऋण की संभावनाओं का लाभ उठाने और सामान्य उपभोग के साथ-साथ कृषि उपयोग की जरूरतों को पूरा करने के लिए, जिसमें खेती, कृषि भूमि का विकास, कृषि संबद्ध गतिविधियां और विवाह, उच्च शिक्षा, चिकित्सा आपात स्थिति, व्यावसायिक यात्रा आदि जैसी विविध जरूरतों के लिए व्यक्तिगत व्यय शामिल हैं, बैंक ने "महाबैंक स्वर्ण ऋण योजना" के रूप में ऋण उत्पाद पेश किया है। With a view to tap the potential of gold loans as a lucrative asset and to cater to the needs of meeting General consumption as well as Agriculture use, whatsoever which include cultivation, development of agricultural land, agri allied activity & personal expenditure for varied needs like marriage, higher education, medical emergencies, business travel etc, Bank has loan product as "Mahabank Gold Loan Scheme".	15909.05	0.13

क्र. Sr. No	योजना Scheme	संक्षिप्त विवरण Brief Description	मार्च 25 को पोर्टफोलियो Portfolio as of Mar'25	एनपीए % NPA %
7	**महाबैंक आधार ऋण योजना Mahabank Aadhar Loan Scheme**	हमारे मौजूदा पेंशन खाताधारकों की वैयक्तिक आपात स्थितियों या खर्चों, तीर्थयात्रा, चिकित्सा और घरेलू जरूरतों आदि की पूर्ति के लिए बैंक "महाबैंक आधार ऋण योजना" प्रदान करता है। To cater to the needs of our existing pension account holders in meeting their personal emergencies or expenses, pilgrimage, medical and domestic needs etc., Bank offers "Mahabank Aadhar Loan Scheme".	833.95	0.40
8	**वैयक्तिक ऋण Personal Loan**	बैंक वेतनभोगी व्यक्तियों, पेशेवरों और व्यापारी वर्ग के ग्राहकों के अन्य व्यक्तिगत व्ययों, चिकित्सा या घरेलू व्यय आदि की पूर्ति के लिए वैयक्तिक ऋण प्रदान करता है। Bank offers Personal loan to cater to the needs of salaried individual, professionals & business class of customers for meeting other personal expenses, medical or domestic expenses etc.	3455.95	0.78

III. वित्तीय वर्ष 2024-25 पर एक नज़र:

व्यक्तियों और परिवारों को सशक्त बनाने के प्रति हमारी अटूट प्रतिबद्धता ने हमारे रिटेल पोर्टफोलियो की प्रभावशाली वृद्धि में परिलक्षित होती है, जो अब **31 मार्च, 2025 तक ₹64,852.98** करोड़ के प्रभावशाली स्तर तक पहुंच गई है। इस सफलता में योगदान देने वाली कुछ प्रमुख पहलें इस प्रकार हैं:

क. केंद्रीकृत प्रोसेसिंग के साथ शीघ्रता से ऋण स्वीकृति: ऋण प्रोसेसिंग में दक्षता बढ़ाने के लिए, हमने सभी अंचलों में केंद्रीकृत प्रोसेसिंग कक्ष (सीपीसी) स्थापित किए हैं, जो विशेष रूप से आवास ऋण, संपत्ति के बदले ऋण और टॉप-अप ऋण जैसे बंधक-आधारित ऋणों पर फोकस करते हैं। इस केंद्रीकृत दृष्टिकोण ने टर्नअराउंड समय को काफी कम कर दिया है और समग्र ग्राहक अनुभव में सुधार किया है।

ख. समर्पित आवास वित्त शाखाएँ: आवास ऋण की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए, हमने टियर-II शहरों सहित देश भर में 43 प्रमुख स्थानों पर समर्पित आवास वित्त शाखाएँ (एचएफबी) स्थापित की हैं। इन शाखाओं द्वारा बंधक वित्तपोषण में विशेषज्ञ स्टाफ की सहायता से त्वरित और अधिक ग्राहक-अनुकूल सेवाएँ प्रदान की जाती हैं।

ग."महा बैंक स्वर्ण ऋण पॉइंट्स" के साथ सुलभ स्वर्ण ऋण: स्वर्ण ऋण को और अधिक सुलभ बनाने के लिए, हमने देश भर में 34 स्थानों पर "महा बैंक स्वर्ण ऋण पॉइंट्स" खोले हैं। ये केंद्र एक त्वरित, पारदर्शी और परेशानी मुक्त अनुभव सुनिश्चित करते हैं। इसके अतिरिक्त, हमने एक डिजिटल स्वर्ण ऋण उत्पाद की शुरूआत की है, जो एक निर्बाध ऋण प्रक्रिया और त्वरित ऋण वितरण को सक्षम बनाता है।

घ. इसके अतिरिक्त, हमने इस बढ़ते हुए वर्ग की जरूरतों को पूरा करने हेतु प्रधान कार्यालय में एक समर्पित वैयक्तिक ऋण केंद्र स्थापित किया है तथा वेतनभोगी, पेशेवर और व्यवसाय मालिकों जैसे लक्षित ग्राहक वर्ग के अनुरूप ऋण योजनाएं प्रस्तुत की हैं।

III.FY 2024-25 at a Glance:

Our unwavering commitment to empowering individuals and families has driven remarkable growth in our retail portfolio, which now stands at an impressive **₹64,852.98 crore as of March 31, 2025.** Here are some key initiatives that contributed to this success:

a. Faster Loan Approvals with Centralized Processing: To enhance efficiency in loan processing, we have established Centralized Processing Cells (CPCs) across all zones, focusing particularly on mortgage-based loans like housing loans, Loans Against Property, and Top-Up loans. This centralized approach has significantly reduced turnaround times and improved the overall customer experience.

b. Dedicated Housing Finance Branches: To meet the increasing demand for housing loans, we set up dedicated Housing Finance Branches (HFBs) in 43 major locations, including tier-II cities across India. Staffed with experts in mortgage financing, these branches provide faster and more customer-friendly services.

c. Simplified Gold Loans with "Maha Bank Gold Loan Points": To make gold loans more accessible, we opened "Maha Bank Gold Loan Points" in 34 locations nationwide. These centers ensure a quick, transparent, and hassle-free experience. Additionally, we introduced a Digital Gold Loan product, enabling a seamless lending process and faster credit delivery.

d. Additionally, we have established a dedicated Personal Loan vertical at the Head Office to cater to this growing segment and offer tailored loan schemes for targeted segment of customer like salaried, professionals and business owners.

IV. ऋण को सरल और त्वरित बनाना:

ग्राहकों को बेहतरीन अनुभव प्रदान करने के हमारे प्रयासों के केंद्र में नवाचार और प्रक्रिया में सुधार है। हम ऋण लेना कैसे आसान बना रहे हैं, यह हम आपको बताते हैं:

क. आकर्षक ब्याज दरें:

हम सभी रिटेल ऋण उत्पादों पर प्रतिस्पर्धी दरें प्रदान करते हैं, जिससे वे हमारे ग्राहकों के लिए एक आकर्षक विकल्प बन जाते हैं।

ख. सुव्यवस्थित प्रक्रियाओं के लिए डिजिटलीकरण:

विभिन्न ऋण श्रेणियों में डिजिटल ऋण प्रोसेसिंग और स्ट्रेट थ्रू प्रोसेसिंग (एसटीपी) को अपनाकर, हमने समय (टीएटी) के साथ-साथ कागजी कार्रवाई को भी कम कर दिया है और अनुमोदन में तेजी लाकर अधिक कुशल बैंकिंग अनुभव प्रदान किया है।

ग. मौजूदा ग्राहकों हेतु पूर्व-स्वीकृत ऋण:

सुविधा सबसे महत्वपूर्ण है। मौजूदा ग्राहकों हेतु हमारी पूर्व-स्वीकृत वैयक्तिक ऋण योजना में पूरी तरह से डिजिटल प्रक्रिया है, जिससे ऋण की राशि 60 सेकंड के भीतर बचत खातों में जमा हो जाती है, जिससे लंबी मैन्युअल प्रक्रियाओं से छुटकारा मिलता है।

घ. डिजिटल ऋण प्रस्तावों का विस्तार:

हम कार ऋण (डीलर टाई-अप के माध्यम से), प्रमुख संस्थानों हेतु शिक्षा ऋण और आवास ऋण को डिजिटल बनाने के लिए काम कर रहे हैं, जिससे ग्राहक न्यूनतम कागजी कार्रवाई के साथ अपने घर बैठे आराम से आवेदन कर सकें।

ङ.त्वरित प्रोसेसिंग के लिए रणनीतिक साझेदारियां:

मारुति सुजुकी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के साथ हमारी साझेदारी के माध्यम से, हमने कार ऋण की लीड्स को सीधे हमारे ऋण प्रबंधन व्यवस्था में सहजता से स्थानांतरित करने के लिए डिजिटल सिस्टम को एकीकृत किया है। इससे स्वीकृति की प्रक्रिया में तेज़ी आई है।

V. पर्यावरणीय स्थिरता को सहयोग

भारत सरकार की हरित पहल और पर्यावरण की सुरक्षा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता के अनुरूप, हमने निम्नलिखित पर्यावरण अनुकूल रिटेल उत्पाद पेश किए हैं:

क. हरित वाहन ऋण:

"महाबैंक ग्रीन व्हीकल लोन स्कीम" इलेक्ट्रिक कारों की खरीद का समर्थन करती है, स्वच्छ परिवहन को बढ़ावा देती है और पर्यावरणीय प्रभाव को कम करती है।

ख. हरित आवास ऋण:

हमारी "महाबैंक ग्रीन हाउसिंग लोन" योजना पर्यावरण अनुकूल आवास परियोजनाओं में निवेश को प्रोत्साहित करती है, जिससे धारणीय जीवन अधिक सुलभ हो जाता है।

ग. पीएम सूर्य घर-मुफ्त बिजली योजना:

इस पहल के अंतर्गत, हम छतों पर सौर पैनल लगाने के लिए कम लागत पर वित्तपोषण प्रदान करते हैं, जिससे ग्राहक स्वच्छ ऊर्जा उत्पन्न कर सकते हैं और बिजली की लागत कम कर सकते हैं।

IV.Making Loans Simpler and Faster:

Innovation and process enhancement are at the heart of our efforts to provide a delightful customer experience. Here's how we're making loans easier:

a. Attractive Interest Rates:

We offer competitive rates across all retail loan products, making them an appealing choice for our customers.

b. Digitalization for Streamlined Processes:

By adopting digital loan processing and Straight Through Processing (STP) across various loan categories, we have reduced time (TAT) as well as the paperwork and expedited approvals, delivering a more efficient banking experience.

c. Pre-Approved Loans for Existing Customers:

Convenience is key. Our pre-approved personal loan scheme for existing customers features a fully digital process, enabling loan proceeds to be credited into savings accounts within 60 seconds, eliminating lengthy manual procedures.

d. Expanding suite of Digital Loan Offerings:

We are working to digitalize car loans (through dealer tie-ups), education loans for premier institutes, and housing loans, allowing customers to apply from the comfort of their homes with minimal paperwork.

e. Strategic Partnerships for Faster Processing:

Through our partnership with Maruti Suzuki India Pvt. Ltd., we have integrated digital systems to enable seamless transfer of car loan leads directly into our loan management system. This has speed up the process of approval.

V. Supporting Environmental Sustainability

In alignment with the Government of India's Green Initiatives and our commitment to protecting the environment, we have introduced the following eco-friendly retail products:

a. Green Vehicle Loans:

The "Maha Bank Green Vehicle Loan Scheme" supports the purchase of electric cars, promoting cleaner transportation and reducing environmental impact.

b. Green Housing Loans:

Our "Maha Bank Green Housing Loan" scheme encourages investment in eco-friendly housing projects, making sustainable living more attainable.

c. PM Surya Ghar-Muft Bijli Yojana:

Under this initiative, we provide low-cost financing for rooftop solar panel installations, enabling customers to generate clean energy and lower electricity costs.

VI. रिटेल ऋण योजनाओं के अंतर्गत नई पहल:

बैंक ने आकर्षक और प्रतिस्पर्धी उत्पाद लांच किए हैं तथा संभावित रिटेल कारोबार का लाभ उठाने के लिए बाजार प्रतिस्पर्धियों के साथ प्रतिस्पर्धा करने हेतु मौजूदा उत्पादों की समय-समय पर समीक्षा करता रहता है।

क. बैंक ने उच्च पदस्थ सरकारी अधिकारियों हेतु 'एलीट प्लस स्कीम' नाम से एक विशेष रिटेल ऋण योजना शुरू की है, जिसमें निम्नलिखित सुविधाएं शामिल हैं।

- आवास ऋण: ब्याज दर 7.85% प्रति वर्ष से शुरू होती है।
- कार ऋण: 8.20% प्रति वर्ष ब्याज दर पर 100% तक वित्त पोषण।
- वैयक्तिक ऋण: ब्याज दर 9.50% प्रति वर्ष से शुरू होती है।
- शैक्षिक ऋण: ब्याज दर 7.60% प्रति वर्ष से शुरू होती है, जिसमें कोई प्रोसेसिंग शुल्क नहीं है।

ख. बैंक एएए, एए, ए और बी श्रेणी के अंतर्गत वर्गीकृत 860 गुणवत्ता उच्च शिक्षा संस्थानों (क्यूएचईआई) में प्रवेश लेने वाले छात्रों के लिए 7.60% प्रति वर्ष से शुरू होने वाली प्रतिस्पर्धी ब्याज दर पर पीएम विद्यालक्ष्मी शिक्षा ऋण योजना का विस्तार कर रहा है, जिसमें अन्य के अलावा सभी टॉप रेटेड आईआईएम, आईआईटी और मेडिकल संस्थान शामिल हैं।

ग. बैंक ने अपनी वाहन ऋण योजना को नया रूप दिया है, जिसमें 4 पहिया, 2 पहिया, हाई एंड बाइक और पूर्व स्वामित्व वाली कारें शामिल हैं, जिनकी ऋण उपलब्धता को अधिकतम करने के लिए निम्नलिखित मानदंड हैं।

- मौजूदा आवास ऋण उधारकर्ताओं को नए 4-पहिया वाहन की खरीद हेतु शून्य मार्जिन।
- नये 4-पहिया वाहन हेतु मार्जिन 15% से घटाकर 10% किया गया।
- एचएनआई ग्राहकों हेतु कटौती मानदंड 80% तक बढ़ाए गए।
- कोई संपार्श्विक सुरक्षा नहीं।

घ. बैंक भारत सरकार के प्रमुख कार्यक्रम रूफ टॉप सोलर - पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को बढ़ावा दे रहा है, ताकि लाभार्थियों को ग्रिड से जुड़े मॉडल पर रूफ टॉप सौर इकाई स्थापित करने और सब्सिडी का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके।

ङ. एक अच्छे रिटेल ऋण पोर्टफोलियो को बनाए रखने के हमारे प्रयास में, बैंक ने रिटेल ऋण के सभी खंडों में नए ग्राहकों को शामिल करने के लिए न्यूनतम क्रेडिट सूचना कंपनी (सीआईसी) कट-ऑफ सत्यापन शुरू किया है, अर्थात न्यूनतम सीआईसी कट-ऑफ 681 और उससे अधिक है।
रिटेल ऋण पर हमारा लगातार ध्यान हमें निरंतर नवाचार करने, प्रक्रियाओं को सरल बनाने और ग्राहक-केंद्रित समाधान प्रस्तुत करने के लिए प्रेरित करता है। आवास, वैयक्तिक और स्वर्ण ऋण तक पहुंच का विस्तार करने, प्रतिस्पर्धी दरों का प्रस्ताव करने और डिजिटलीकरण को अपनाने के साथ, हमारा लक्ष्य अपने ग्राहकों की विविध वित्तीय जरूरतों को पूरा करना है। इन प्रयासों के माध्यम से, हम व्यक्तियों और परिवारों को सशक्त बनाने, वित्तीय कल्याण को बढ़ावा देने और रिटेल ऋण उत्कृष्टता में मानक स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

VI. Initiatives under retail loans

Bank has launched lucrative as well as competitive products and periodically reviewing the existing ones in order to match with the market peers to tap the potential retail business.

a. Bank has launched a tailor made Retail Loan scheme named 'Elite Plus Scheme' for High Ranking Government Officials with the following offerings.

- Home Loan: Rate of Interest starts at 7.85% p.a.
- Car Loan: Upto 100% finance at 8.20% p.a of Rate of Interest.
- Personal Loan: Rate of Interest starts at 9.50% p.a.
- Education Loan: Rate of Interest starts at 7.60% p.a. with NIL processing charges.

b. Bank is extending PM Vidyalaxmi Education Loan scheme at competitive rate of interest starting from 7.60% p.a. for students taking admission in 860 Quality Higher Education Institutes (QHEIs) classified under AAA, AA, A & B category which includes all top-rated IIMs, IITs, and medical institutions among others.

c. Bank has revamped its Vehicle Loan scheme which includes 4-wheelers, 2-wheelers, High end Bikes and Pre-Owned Cars with following parameters to maximize their loan availability.

- Nil Margin to existing Housing Loan borrowers for purchase of new 4 –wheeler.
- Margin reduction to 10% from 15% for new 4 - wheeler.
- Enhanced deduction norms up to 80% to HNI customers.
- No collateral security.

d. Bank is promoting flagship programme of Govt. of India named Roof Top Solar – PM Surya Ghar Muft Bijli Yojana, in order to encourage beneficiaries to install Roof Top solar unit on Grid connected model and avail the benefit of subsidy.

e. In our endeavor to maintain a healthy retail loan portfolio, Bank has introduced minimum credit information company (CIC) cut-off validation for on-boarding new customers in all the segments of retail loan i.e minimum CIC Cut-off of 681 & above.Our constant focus on retail lending drives us to continuously innovate, streamline processes, and introduce customer-centric solutions. By expanding access to housing, personal, and gold loans, alongside offering competitive rates and embracing digitalization, we aim to meet the diverse financial needs of our customers. Through these efforts, we remain committed to empowering individuals and families, fostering financial well-being, and setting benchmarks in retail lending excellence.

4 समुदायों को सशक्त बनाना: वित्तीय समावेशन हेतु बैंक का अभियान

वित्तीय समावेशन सशक्तिकरण की नींव है और राष्ट्रीय आर्थिक विकास के लिए उत्प्रेरक है। समावेशी विकास के दृष्टिकोण के लिए प्रतिबद्ध, बैंक यह सुनिश्चित करने का प्रयास करता है कि प्रत्येक भारतीय, चाहे वह किसी भी स्थान या सामाजिक-आर्थिक स्थिति का हो, को आवश्यक बैंकिंग सेवाओं तक पहुँच प्राप्त हो।

4.1 बैंकिंग सेवाओं तक पहुंच का विस्तार

वित्तीय वर्ष 2024-25 में बैंक ने वित्तीय समावेशन को आगे बढ़ाने में उल्लेखनीय प्रगति हासिल की है। 7.07 लाख नए प्रधानमंत्री जन धन योजना (पीएमजेडीवाई) खाते खोलकर, हमने दस लाख से अधिक ऐसे लोगों को बचत खाते, डेबिट कार्ड और ओवरड्राफ्ट सुरक्षा जैसी आवश्यक बैंकिंग सुविधाएँ प्रदान की हैं, जो पहले बैंकिंग सेवाओं से वंचित थे।

वित्तीय समावेशन में बैंक का प्रदर्शन निम्नानुसार है:

4 Empowering Communities: The Bank's Drive for Financial Inclusion

Financial inclusion is the foundation of empowerment and a catalyst for national economic growth. Committed to the vision of inclusive development, the Bank strives to ensure that every Indian, irrespective of their location or socioeconomic status, has access to essential banking services.

4.1 Expanding Access to Banking Services

In the financial year 2024-25, the Bank achieved remarkable progress in advancing financial inclusion. By opening an impressive 7.07 lakh new Pradhan Mantri Jan Dhan Yojana (PMJDY) accounts, we extended essential banking facilities such as savings accounts, debit cards, and overdraft protection to over a million previously unbanked individuals.

Banks Performance in Financial Inclusion are as below:

	विवरण **Particular**	**2023-24**	**2024-25**
एफआई योजना **FI Plan**	बीसीए द्वारा किए गए संव्यवहार (लाख में) No of Transactions by BCA (in lakhs)	232.52	193.20
पीएमजेडीवाई **PMJDY**	संव्यवहार की राशि (करोड़ में) Amt. of Transactions (in Cr)	18322.73	15480
	पीएमजेडीवाई खातों की संख्या (लाख में) No. of PMJDY accounts (in lakhs)	78.08	80.61
	उसमें से आधार सीडिंग किए गए (लाख में) Of which Aadhar Seeded (in Lakhs)	74.25	77.30
	आधार सीडिंग का % % of Aadhar Seeding	95.09%	95.89%
	उसमें से मोबाइल सीडिंग (लाख में) Of which Mobile Seeding (in Lakhs)	64.76	68.75
	मोबाइल सीडिंग का % % of Mobile Seeding	82.94%	85.29%
	उसमें से जारी रूपे कार्ड (लाख में) Of which Ru-pay card issued (in Lakhs)	39.88	44.92
	जारी रूपे कार्ड का % % of Ru-pay card issued	51.08%	55.73%
	पीएमजेडीवाई खाते में शेष (करोड़ में) Balance in PMJDY A/c (in Cr)	3818.35	4538.87
	प्रति खाता औसत शेष (वास्तविक) Average Bal.per account (actual)	4890.00	5631
	पीएमजेडीवाई – ओडी संख्या (लाख में) PMJDY-OD count (in lakhs)	1.14	0.81
	पीएमजेडीवाई – ओडी राशि (लाख में) PMJDY-OD Amount (in lakhs)	1209.68	876
	शून्य शेष पीएमजेडीवाई खाते (लाख में) Zero Bal.PMJDY A/cs (in lakhs)	4.68	4.34

	विवरण Particular	2023-24	2024-25
सामाजिक सुरक्षा योजनाएं Social Security Schemes	पीएमजेजेबीवाई के अंतर्गत पंजीयन (लाख में) Enrolment under PMJJBY (in lakh)	32.90	35.98
	पीएमएसबीवाई के अंतर्गत पंजीयन (लाख में) Enrolment under PMSBY (in lakh)	65.22	70.94
	एपीवाई के अंतर्गत पंजीयन (लाख में) Enrolment under APY (in lakh)	7.94	9.86
बीएसबीडी खाते BSBD Accounts	कुल बीएसबीडी खाते (लाख में) Total BSBD Accounts (in lakhs)	93.38	94.12
	बीएसबीडी खाते में बकाया शेष (करोड़ में) O/S Balance in BSBD A/c (in Cr)	4586	5358
	प्रति खाता औसत शेष (वास्तविक) Average Bal.per account (actual)	4911	5693
	बीसी सेवाओं के लिए दिया गया कमीशन (करोड़ में) Commission paid towards BC Services (in Crore)	52	30

5 आस्ति गुणवत्ता और एनपीए प्रबंधन

5.1 आस्ति गुणवत्ता बढ़ाने हेतु बैंक की प्रतिबद्धता:

हमारे बैंक में, एक बेहतर और मजबूत पोर्टफोलियो बनाए रखना एक मुख्य प्रतिबद्धता है। इसमें समय पर ऋण चुकौती सुनिश्चित करना, खराब ऋणों के जोखिम को कम करना और बैंक और उसके ग्राहकों दोनों के लिए एक मजबूत वित्तीय आधार को प्रोत्साहन देना शामिल है।

5.2 आस्ति गुणवत्ता में निरंतर प्रगति

आस्ति गुणवत्ता में सुधार के प्रति हमारे समर्पण ने उल्लेखनीय परिणाम दिए हैं, जो प्रमुख प्रदर्शन मीट्रिक्स में परिलक्षित होते हैं:

I. सकल एनपीए में कमी: 31 मार्च, 2024 के 1.88% से घटकर 31 मार्च, 2025 को 1.74% रह गई।

II. निवल एनपीए में कमी: 31 मार्च, 2024 के 0.20% से घटकर 31 मार्च, 2025 को 0.18% रह गई।

III. बेहतर प्रावधान कवरेज अनुपात (पीसीआर): 31 मार्च 2025 तक 98.26% की मजबूत उपलब्धि प्राप्त की गई।

5.3 आस्ति गुणवत्ता सुधार के लिए नवीन पहल

स्थायी आस्ति गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए, हमने परिवर्तनकारी उपाय किए हैं:

5 Asset Quality and NPA Management

5.1 The Bank's Commitment for Enhancing Asset Quality:

At our Bank, maintaining a healthy and robust portfolio is a core commitment. This involves ensuring timely loan repayments, mitigating the risk of bad debts, and fostering a strong financial foundation for both the Bank and its customers.

5.2 Sustained Progress in Asset Quality

Our dedication to improving asset quality has yielded remarkable results, reflected in key performance metrics:

I. Gross NPA Reduction: Declined from 1.88% as of March 31, 2024, to 1.74% as of March 31, 2025.

II. Net NPA Reduction: Declined from 0.20% as of March 31, 2024, to 0.18% as of March 31, 2025.

III. Provision Coverage Ratio (PCR): Achieved a strong 98.26% PCR as of March 31, 2025.

5.3 Strategic Initiatives for Asset Quality Improvement

To ensure sustainable asset quality, we have undertaken transformative measures:

I. **एआई-संचालित सहभागिता:** संग्रहण में क्रांतिकारी बदलाव लाने के लिए एआई-संचालित कॉलिंग और भावना विश्लेषण का लाभ उठाना।

II. **24/7 जोखिम निगरानी:** विलंब और अनुपालन जोखिमों को सक्रिय रूप से प्रबंधित करने के लिए डीसीआरआई डैशबोर्ड का उपयोग करना, वाहन पोर्टल पर रोबोटिक प्रक्रिया स्वचालन के माध्यम से 93.69% वाहन ऋण पोर्टफोलियो को सत्यापित करना।

III. **रणनीतिक साझेदारियां:** दबाव आस्ति प्रबंधन के लिए डेटा एनालिटिक्स, बीओटी कॉलिंग, एआई/एमएल टूल्स और प्रारंभिक चेतावनी संकेतों (ईडब्ल्यूएस) को बढ़ाने के लिए फिनटेक के साथ साझेदारी करना।

IV. **ग्राहक सुविधा:** ऋण समाप्ति के बाद उधारकर्ताओं के साथ संचार को स्वचालित करना ताकि प्रतिभूति दस्तावेजों को बाधारहित रूप से एकत्रित किया जा सके।

V. **जियोटैगिंग और दबावग्रस्त आस्तियों की निगरानी के लिए ऑटोमेटेड रिमोर्ट जंक्शन (अर्जुन) एप्लीकेशन:** बैंक के अधिकारियों द्वारा दबावग्रस्त आस्तियों के दौरे के क्रियाशील अनुकूलन को सक्षम करना। अर्जुन बैंक द्वारा विकसित मोबाइल एप्लीकेशन, कर्मचारियों के लिए एक उपयोगी उपकरण के रूप में कार्य करता है, जिससे वे अपने मोबाइल फोन के माध्यम से सीधे प्रभावी ऋण निगरानी और संग्रहण तंत्र को अनुकूलित कर सकते हैं, जिससे दबावग्रस्त आस्तियों के दौरे का क्रियाशील अनुकूलन संभव हो पाता है।

5.4 व्यापक एनपीए वसूली रणनीति

गैर-निष्पादित आस्ति (एनपीए) वसूली के लिए हमारे बहुमुखी दृष्टिकोण में निम्नलिखित उपाय शामिल हैं:

I. **समर्पित वसूली दल:** सभी अंचल कार्यालयों में आस्ति वसूली प्रकोष्ठ (एआरसी) तथा 13 समर्पित आस्ति वसूली शाखाएं (एआरबी) स्थापित करना, ताकि बड़े एनपीए पर ध्यान केंद्रित किया जा सके, विशेष रूप से उन पर जो कानूनी कार्यवाही में शामिल हैं।

II. **विशिष्ट दबावग्रस्त आस्ति प्रबंधन (एसएएम):** प्रधान कार्यालय में एक समर्पित विभाग चार एसएएम शाखाओं की देखरेख करता है, तथा 5 करोड़ रुपये से अधिक बकाया शेष वाले खातों का प्रबंधन करता है।

III. **एंड-टू-एंड क्रेडिट मॉनिटरिंग:** बैंक बेहतर संग्रहण, कम प्रोसेसिंग समय और बेहतर ग्राहक अनुभव के लिए एक एआई/एमएल-आधारित प्लेटफ़ॉर्म विकसित कर रहा है। यह प्लेटफ़ॉर्म संभावित समस्याओं की भविष्यवाणी करने और सक्रिय हस्तक्षेप को सक्षम करने के लिए ग्राहक व्यवहार और ऐतिहासिक डेटा का लाभ उठाएगा।

IV. **एआई-संचालित संचार:** दबावग्रस्त खातों वाले ग्राहकों और हमारे संपर्क केंद्र के लिए आउटबाउंड कॉल के लिए एक एआई -आधारित इंटरैक्टिव वॉयस असिस्टेंट समाधान विकसित किया गया है। यह एआई-संचालित समाधान ग्राहकों के साथ उनकी पसंदीदा भाषा में संवाद करता है, जिससे बेहतर संचार और समझ को बढ़ावा मिलता है।

I. **AI-Driven Engagement:** Leveraging AI-powered calling and sentiment analysis to revolutionize collections.

II. **24/7 Risk Monitoring:** Utilizing a DCRI dashboard to proactively manage delinquency and compliance risks, with 93.69% of the vehicle loan portfolio verified through Robotic Process Automation on the Vahan portal.

III. **Strategic Partnerships:** Partnering with fintechs to enhance data analytics, BOT calling, AI/ML tools, and Early Warning Signals (EWS) for stress asset management

IV. **Customer Convenience:** Automating communication with borrower's post-loan closure to collect security documents seamlessly.

V. **Geotagging and Automated Remote Junction for Monitoring of Assets Under Stress (ARJUN) Application:** ARJUN Bank's in house developed Mobile application serves the purpose of a handy tool to the staff members for effective credit monitoring and optimise collection mechanism directly through their mobile phone enabling dynamic optimization of stress asset visits.

5.4 Comprehensive NPA Recovery Strategy

Our multifaceted approach to non-performing asset (NPA) recovery includes the following measures:

I. **Dedicated Recovery Teams:** Establishing Asset Recovery Cells (ARC) at all Zonal offices and 13 dedicated Asset Recovery Branches (ARB) to focus on large NPAs, particularly those which are involved in legal proceedings.

II. **Specialized Stressed Asset Management (SAM):** 4 SAM branches has been established for, managing accounts with outstanding balances exceeding ₹5 crore.

III. **End-to-End Credit Monitoring:** Bank is developing an AI/ML-based platform for improved collections, reduced processing time, and enhanced customer experience. This platform will leverage customer behavior and historical data to predict potential issues and enable proactive intervention.

IV. **AI-Powered Communication:** An AI-based Interactive Voice Assistant solution has been developed for outbound calls to customers with stressed accounts and for our contact center. This AI-powered solution communicates with customers in their preferred language, promoting better communication and understanding.

V. **सक्रिय ऋण ट्रैकिंग:** समय पर वसूली और एनपीए उन्नयन सुनिश्चित करने के लिए दबावग्रस्त खातों का फोन पर दैनिक अनुवर्ती कार्रवाई हेतु ऋण ट्रैकिंग सेल का संचालन करना।

VI. **इरादतन ऋण न चुकाने वालों की पहचान:** मुख्यालय प्रकोष्ठ इरादतन ऋण न चुकाने वालों की पहचान करते हैं और ऋण वसूली न्यायाधिकरण (डीआरटी) तथा वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन (एसएआरएफएईएसआई) अधिनियमों के अंतर्गत कानूनी कार्रवाई शुरू करते हैं।

VII. **एकमुश्त निपटान योजनाएं:** बैंक विभिन्न श्रेणियों के अंतर्गत पात्र उधारकर्ताओं हेतु ऋण समाधान की सुविधा के लिए निष्पक्ष और पारदर्शी विशेष रूप से डिजाइन की गई एकमुश्त निपटान (ओटीएस) योजनाएं प्रदान करता है।

VIII. **ई-ओटीएस:** डिजिटल समाधान को बढ़ावा देने के लिए बैंक ने सुव्यवस्थित, कुशल और बाधा रहित निपटान प्रक्रिया के लिए डिजिटल ओटीएस प्लेटफॉर्म (ई-ओटीएस) लॉन्च किया।

IX. **ऋण वसूली के प्रयास:** बैंक भेंट, अधिसूचनाओं, कानूनी कार्यवाही, वसूली शिविरों, लोक अदालतों (लोगों की अदालतों), महाबैंक अदालतों (बैंक-विशिष्ट अदालतों) और सरफेसी/डीआरटी अधिनियमों के अंतर्गत समय पर कार्रवाई के माध्यम से ऋण वसूली में सक्रिय रूप से शामिल है। बैंक वसूली में तेजी लाने के लिए वसूली एजेंटों और समाधान एजेंटों की सेवाओं का भी लाभ उठा रहा है।

X. **दिवाला और दिवालियापन संहिता (आईबीसी) का उपयोग:** बैंक ने बड़े एनपीए उधारकर्ताओं के खिलाफ आईबीएस के अंतर्गत कार्यवाही शुरू की है। इसमें उधारकर्ताओं के खिलाफ कॉर्पोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया (सीआईआरपी) और गारंटरों के खिलाफ वैयक्तिक दिवाला समाधान प्रक्रिया (पीआईआरपी) शामिल है, जिससे ऋण वसूली के लिए एक व्यापक दृष्टिकोण सुनिश्चित होता है।

XI. **रणनीतिक एनपीए बिक्री:** अपनी बैलेंस शीट को सुव्यवस्थित करने और मुख्य उधार गतिविधियों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए, वसूली में कठिन एनपीए को एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनियों (एआरसी) और नेशनल एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड (एनएआरसीएल) को बेचना।

V. **Active Loan Tracking:** Operating a Loan Tracking Cell for daily follow-ups over phone on stressed accounts to ensure timely recovery and NPA upgrades.

VI. **Wilful Defaulter Identification:** Bank has also set up separate Cells at its Head Office for identification of Wilful Defaulters.

VII. **One-Time Settlement Schemes:** Bank offers fair and transparent specially designed One-Time Settlement (OTS) schemes to facilitate debt resolution for eligible borrowers under various categories.


VIII. **e-OTS:** Adding fillip to digital resolution Bank launched a digital OTS platform (e-OTS) for a streamlined, efficient and hassle-free settlement process.

IX. **Debt Recovery Efforts:** Bank actively engages in debt recovery through visits, notifications, legal proceedings, Recovery Camps, Lok Adalats (people's courts), Mahabank Adalats (Bank-specific courts), and timely actions under SARFAESI/DRT Acts. Bank is also leveraging utilize the services of Recovery Agents and Resolution Agents to expedite recoveries.

X. **Insolvency and Bankruptcy Code (IBC) Utilization:** Bank has initiated proceedings under the IBC against large NPA borrowers. This includes Corporate Insolvency Resolution Process (CIRP) against borrowers and Personal Insolvency Resolution Process (PIRP) against guarantors, ensuring a comprehensive approach to debt recovery.

XI. **Strategic NPA Sales:** Selling difficult-to-recover NPAs to Asset Reconstruction Companies (ARCs) and the National Asset Reconstruction Company Limited (NARCL) to streamline our balance sheet and focus on core lending activities

5.5 गैर-निष्पादित आस्तियों की स्थिति निम्नानुसार है:



चित्र 1: वित्तीय वर्ष 2024 और वित्तीय वर्ष 2025 की सकल एनपीए राशि की तुलना

5.5 Position of Non-Performing Assets is as under:





Figure 1: Comparison of Gross NPA amount of FY 2024 and FY 2025



चित्र 2: वित्तीय वर्ष 2024 और वित्तीय वर्ष 2025 की निवल एनपीए राशि की तुलना





Figure 2: Comparison of Net NPA amount of FY 2024 and FY 2025



चित्र 3: वित्तीय वर्ष 2024 और वित्तीय वर्ष 2025 की नकद वसूली राशि की तुलना





Figure 3: Comparison of Cash Recovery amount of FY 2024 and FY 2025



चित्र 4: वित्तीय वर्ष 2024 और वित्तीय वर्ष 2025 के सकल एनपीए प्रतिशत और निवल एनपीए प्रतिशत की तुलना




Figure 4: Comparison of Gross NPA Percentage and Net NPA percentage of FY 2024 and FY 2025

6 बैंक के विदेशी मुद्रा व्यापार को बढ़ावा देना

विदेशी मुद्रा विनिमय सेवाओं की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए, बैंक पूरे भारत में रणनीतिक रूप से स्थित ख श्रेणी शाखाओं का एक मजबूत नेटवर्क संचालित करता है। ये शाखाएँ विदेशी मुद्रा समाधानों की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करती हैं, जो व्यक्तियों और व्यवसायों के लिए समान रूप से निर्बाध अंतर्राष्ट्रीय लेनदेन सुनिश्चित करती हैं।

वित्तीय वर्ष 2024-25 की मुख्य विशेषताएँ:

I. **कुल टर्नओवर:** बैंक ने विदेशी मुद्रा लेनदेन में ₹7,28,078 करोड़ का उल्लेखनीय कुल कारोबार हासिल किया, जो अंतर्राष्ट्रीय व्यापार और यात्रा सेवाओं की बढ़ती मांग को रेखांकित करता है।

II. **व्यापारी व्यवसाय विस्तार:** वर्ष के दौरान व्यापारिक कारोबार में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई, जिससे ₹41,325 करोड़ का कारोबार हुआ। यह वैश्विक व्यापार में लगे व्यवसायों को सशक्त बनाने के लिए बैंक की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

III. **लाभप्रदता:** विदेशी मुद्रा प्रभाग ने ₹64 करोड़ का लाभ अर्जित किया, जिससे बैंक के समग्र वित्तीय प्रदर्शन को और मजबूती मिली।

6 Augmenting Bank's Foreign Exchange Business

To meet the rising demand for foreign exchange services, the Bank operates a robust network of 50 strategically positioned Category B branches across India. These branches provide a wide range of foreign exchange solutions, ensuring seamless international transactions for individuals and businesses alike.

Highlights for FY 2024-25:

I. **Total Turnover:** The Bank achieved a remarkable total turnover of ₹7,28,078 crore in foreign exchange transactions, underscoring the growing demand for international trade and travel services.

II. **Merchant Business Expansion:** A significant increase in merchant business was recorded, generating ₹41,325 crore during the year. This reflects the Bank's dedication to empowering businesses engaged in global trade.

III. **Profitability:** The foreign exchange division earned a profit of ₹64 crore, contributing to the the Bank's overall financial performance.

7 रणनीतिक निवेश: वित्तीय स्थिरता सुनिश्चित करना

बैंक एक अच्छी तरह से विविध निवेश पोर्टफोलियो को बनाए रखता है, जो सांविधिक तरलता अनुपात (एसएलआर) विनियमों के अनुपालन को सुनिश्चित करता है, जबकि रणनीतिक रूप से गैर-एसएलआर प्रतिभूतियों में विस्तार करता है।

7.1 निवेश पोर्टफोलियो का विवरण (31 मार्च 2025 तक):

I. सकल निवेश: ₹82,342 करोड़

क. ₹66,638 करोड़ (एसएलआर प्रतिभूतियाँ): ऐसे निवेश जो भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा निर्धारित अनिवार्य तरलता आवश्यकताओं का अनुपालन करते हैं।

ख. ₹15,704 करोड़ (गैर-एसएलआर प्रतिभूतियां): एसएलआर आवश्यकता से परे किए गए निवेश, जो अधिक लचीलापन और उच्च रिटर्न की संभावना प्रदान करते हैं।

ग. अधिशेष एसएलआर प्रतिभूतियां: ₹16500 करोड़: यह अधिशेष बैंक की मजबूत तरलता स्थिति को दर्शाता है।

II. निवल निवेश: 31 मार्च 2025 तक ₹82,005 करोड़ (प्रावधानों के बाद निवल)।

7 Strategic Investing: Securing Financial Stability

The Bank upholds a well-diversified investment portfolio, ensuring compliance with Statutory Liquidity Ratio (SLR) regulations while strategically expanding into non-SLR securities.

7.1 Investment Portfolio Breakdown (as of March 31, 2025):

I. Gross Investments: ₹82,342 Crore

a. ₹66,638 Crore (SLR Securities): Investments that comply with the mandatory liquidity requirements set by the Reserve Bank of India.

b. ₹15,704 Crore (Non-SLR Securities): Investments made beyond the SLR requirement, offering greater flexibility and potential for higher returns.

c. Surplus SLR Securities: ₹16500 Crore: This surplus demonstrates the Bank's strong liquidity position.

II. Net Investments: ₹82,005 Crore (net of provisions) as of March 31, 2025.

III. निवेश पोर्टफोलियो संरचना:

क. 63.07% परिपक्वता तक धारित (एचटीएम): परिपक्वता तक धारित किये जाने वाले निवेश, जो आय का एक स्थिर स्रोत प्रदान करते हैं।

ख. 36.55% बिक्री हेतु उपलब्ध (एएफएस) तथा लाभ एवं हानि के माध्यम से उचित मूल्य: ऐसे निवेश जिन्हें अतिरिक्त आय उत्पन्न करने और पोर्टफोलियो जोखिम का प्रबंधन करने के लिए सक्रिय रूप से खरीदा और बेचा जा सकता है।

7.2 वित्तीय प्रदर्शन:

क. राजकोषीय लाभ वृद्धि: वित्तीय वर्ष 2023-24 के ₹250.21 करोड़ से 13.23% बढ़कर वित्तीय वर्ष 2024-25 में ₹283.31 करोड़ हो गया, जो हमारी निवेश रणनीतियों की प्रभावशीलता को दर्शाता है।

ख. निवल ब्याज आय वृद्धि: वित्तीय वर्ष 2023-24 के ₹4,461 करोड़ से 20.17% बढ़कर वित्तीय वर्ष 2024-25 में ₹5360 करोड़ हो गया, जो बैंक की अपने निवेश पोर्टफोलियो से लगातार रिटर्न उत्पन्न करने की क्षमता को दर्शाता है।

III. Investment Portfolio Composition:

a. 63.07% Held-to-Maturity (HTM): Investments intended to be held until maturity, providing a stable source of income.

b. 36.55% Available-for-Sale (AFS) & Fair Value Through Profit & Loss: Investments that can be actively bought and sold to generate additional income and manage portfolio risk.

7.2 Financial Performance:

a. Treasury Profit Growth: Increased by 13.23% from ₹250.21 Crore in FY 2023-24 to ₹283.31 Crore in FY 2024-25, demonstrating the effectiveness of our investment strategies.

b. Net Interest Income Growth: Increased by 20.17% from ₹4,461 Crore in FY 2023-24 to ₹5360 Crore in FY 2024-25, highlighting the Bank's ability to generate consistent returns from its investment portfolio

(राशि आईएनआर करोड़ में)/(Amount in INR Crore)

विवरण Particulars	वित्तीय वर्ष 2023-24 FY 2023-24	वि.व. 2024-25 FY 2024-25	% परिवर्तन % Change
राजकोषीय लाभ Treasury Profit	250.21	283.31	+ 13.23
निवेष पर ब्याज़ (निवल) Interest on Investment (Net)	4460.76	5360.43	+ 20.17

8 मर्चेंट बैंकिंग

वर्ष के दौरान, बैंक ने जारीकर्ता एवं भुगतान एजेंट (आईपीए) के रूप में अपने ग्राहकों के लिए ₹67,700 करोड़ मूल्य के वाणिज्यिक पत्रों के 29 निर्गमों का संचालन किया।

8 Merchant Banking

During the year, Bank handled 29 issues of Commercial Papers amounting to ₹67,700 crore for its clients as an Issuing and Paying Agent (IPA).

9 उधारी

31 मार्च, 2025 को बैंक की उधारी ₹23853 करोड़ थी, जिसमें निम्नानुसार पुनर्वित्त शामिल है:

9 Borrowings

The borrowing of the Bank as on March 31, 2025 stood at Rs. 23853 Crore including re-finance as under:

विवरण Particulars	31.03.2025 को राशि Amount as on 31.03.2025	31.03.2024 को राशि Amount as on 31.03.2024
कुल उधारियां Total Borrowing	23853	7,719
जिनमें से एलएएफ के अंतर्गत भारिबैं उधारियां of which Borrowing RBI under LAF	0.00	500.00
जिनमें से बाजार उधारियां रेपो of which Borrowing Market REPO	0.00	0.00
जिनमें से टीआरईपीएस उधारियां (जी-सेक) Of which Borrowing TRePS (G-Sec)	0.00	3997.76
जिसमें से नाबार्ड से Of which Refinance from NABARD	3425	0.00
एक्जिम बैंक EXIM BANK	0.00	0.00
एनएचबी NHB	0.00	0.00

विवरण Particulars	31.03.2025 को राशि Amount as on 31.03.2025	31.03.2024 को राशि Amount as on 31.03.2024
सिडबी SIDBI	11928	1959
Mudra मुद्रा	69	152
जिनमें से बॉण्ड्स और डिबेंचर पूंजी लिखतों के रूप में उधारियां Borrowings in the form of Bonds & debentures capital instruments	8431	5608
भारत से बाहर उधारियां Borrowings outside India	-	-
अन्य Others	0.00	0.05

10 डिपॉजिटरी सेवाएं

I. बैंक सितम्बर 1999 से सेन्ट्रल डिपोजिटरी सर्विसेज ऑफ इंडिया लिमिटेड (सीडीएसएल) का डिपोजिटरी पार्टिसिपेंट (डीपी) है।

II. बैंक ने बेसिक सर्विसेज डीमैट खाता सुविधा भी शुरू की है।

III. बैंक ने नेट बैंकिंग और यूपीआई के माध्यम से एएसबीए की शुरुआत की है।

10 Depository Services

I. Bank is Depository Participant (DP) of Central Depository Services of India Ltd. (CDSL) since September 1999.

II. The Bank has been providing Services DEMAT Account Facility.

III. Bank has introduced ASBA through net banking and UPI.

11 बैंकश्योरेंस

I. **व्यापक बीमा प्रस्ताव:** बैंक जीवन, सामान्य और स्वास्थ्य बीमा सहित बैंकाश्योरेंस उत्पादों के व्यापक चयन के लिए कॉर्पोरेट एजेंट के रूप में कार्य करता है। हम ग्राहकों को उनकी विशिष्ट आवश्यकताओं के अनुरूप विविध प्रकार के बीमा समाधान 8 बीमा कम्पनियों के साथ रणनीतिक साझेदारी के माध्यम से, प्रत्येक खंड में, प्रदान करते हैं।

II. **डिजिटल अनुभव को बढ़ाना:** निर्बाध डिजिटल यात्रा प्रदान करने के लिए समर्पित, बैंक ने एक प्रमुख फिनटेक कंपनी के साथ मिलकर एक निर्बाध डिजिटल बीमा प्लेटफ़ॉर्म बनाया है। यह प्लेटफ़ॉर्म ग्राहकों को बैंक के डिजिटल चैनलों के माध्यम से बीमा उत्पादों को आसानी से तलाशने, तुलना करने और खरीदने में सक्षम बनाता है।

11 Bancassurance

I. **Comprehensive Insurance Offerings:** The Bank serves as a corporate agent for an extensive selection of bancassurance products, encompassing Life, General, and Health Insurance. Through strategic partnerships with 8 insurance companies, we provide customers with a diverse range of insurance solutions tailored to their unique needs.

II. **Enhancing Digital Experience:** Dedicated to delivering a seamless digital journey, the Bank has collaborated with a prominent Fintech company to create an intuitive digital insurance platform. This platform enables customers to effortlessly explore, compare, and purchase insurance products through the Bank's digital channels.

वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान कार्यनिष्पादन Performance during FY 2024-25			
बीमा Insurance	**पॉलिसियों की संख्या No of Policies**	**प्रीमियम करोड़ में Premium in Cr.**	**कमीशन करोड़ में Commission in Cr.**
जीवन Life	18021	135	33
सामान्य General	269321	67	10
स्वास्थ्य Health	41604	60	8
कुल Total	328946	261	51

12 सरकारी व्यवसाय

12.1 सुविधाजनक डोरस्टेप बैंकिंग सेवाएँ

बैंक मेसर्स पीएसबी अलायंस प्राइवेट लिमिटेड के माध्यम से डोरस्टेप बैंकिंग सेवाएँ प्रदान करता है, जो 869 शाखाओं के माध्यम से 1,000 शहरों में रिटेल ग्राहकों को सेवाएँ प्रदान करता है। इन सेवाओं में वित्तीय और गैर-वित्तीय दोनों तरह की सहायता शामिल है::

I. **वित्तीय सेवाएँ:** नकद निकासी और धन हस्तांतरण।

II. **गैर-वित्तीय सेवाएँ:**

क) डिलीवरी सेवाएँ: खाता विवरण, टीडीएस प्रमाणपत्र/फॉर्म 16

ख) पिकअप सेवाएं: चेक/डीडी, फॉर्म 15जी/15एच, स्थायी निर्देश, चेक बुक मांग पर्ची, चेक के साथ जीएसटी चालान और नामांकन फॉर्म एकत्र करना इसके अतिरिक्त, पेंशनभोगी अपने घर बैठे ही डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र जमा कर सकते हैं।

12.2 कुशल कर संग्रह

वित्तीय वर्ष 2024-25 में, बैंक ने 7,24,062 प्रत्यक्ष कर चालान और 3,31,786 अप्रत्यक्ष कर चालान एकत्र किए, जिससे कुल ₹2.12 करोंड़ का कमीशन अर्जित हुआ।

12.3 व्यापक पेंशन सेवाएँ

बैंक पुणे में वरिष्ठ नागरिकों की समर्पित सेवा करते हुए, अपने केंद्रीय पेंशन प्रोसेसिंग सेल (CPPC) के माध्यम से केंद्र सरकार, रक्षा, रेलवे और दूरसंचार पेंशनभोगियों के लिए मासिक पेंशन संसाधित करता है और जमा करता है। इस सेवा से वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए ₹5.15 करोंड़ का सरकारी व्यवसाय कमीशन उत्पन्न हुआ।

12 Government Business

12.1 Convenient Doorstep Banking Services

The Bank offers Doorstep Banking Services through M/s PSB Alliance Pvt. Ltd., catering to retail customers across 1,000 cities via 869 branches. These services encompass both financial and non-financial assistance:

I. **Financial Services:** Cash withdrawal and fund transfer.

II. **Non-Financial Services:**

a) Delivery Services: Account statements, TDS certificates/Form 16.

b) Pickup Services: Collection of cheques/DD, Form 15G/15H, standing instructions, cheque book requisition slips, GST challans with cheques, and nomination forms. Additionally, pensioners can submit digital life certificates from the comfort of their homes

12.2 Efficient Tax Collection

In FY 2024-25, the Bank collected 7,24,062 challans of Direct Taxes and 3,31,786 challans of Indirect Taxes, earning a total commission of Rs 2.12 crore.

12.3 Comprehensive Pension Services

Serving senior citizens with dedication, the Bank processes and credits monthly pensions for Central Government, Defense, Railway, and Telecom pensioners through its Central Pension Processing Cell (CPPC) in Pune. This service generated a Government Business commission of Rs 5.15 crore for FY 2024-25.

12.4 लघु बचत योजनाओं को प्रोत्साहन

बैंक ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान विभिन्न लघु बचत योजनाओं के अंतर्गत अनेक खाते खोले:

I. 1,47,477 नये पीपीएफ खाते खोले गये।
II. 16,988 नए वरिष्ठ नागरिक बचत योजना (एससीएसएस) खाते खोले गए।
III. 10,881 नए सुकन्या समृद्धि योजना खाते खोले गये।
IV. 8,804 नये महिला सम्मान बचत प्रमाणपत्र योजना खाते खोले गये।

वर्ष के दौरान बैंक को इन योजनाओं से ₹6.73 करोंड़ का कमीशन प्राप्त हुआ।

12.4 Promoting Small Savings Schemes

The Bank opened numerous accounts under various small savings schemes during FY 2024-25:

I. 1,47,477 new PPF accounts.
II. 16,988 new Senior Citizens Savings Scheme (SCSS) accounts.
III. 10,881 new Sukanya Samriddhi Scheme accounts.
IV. 8,804 new Mahila Samman Savings Certificate Scheme accounts.

The Bank earned a commission of Rs 6.73 crore from these schemes during the year.

13 लीड बैंक योजना

13.1 लीड बैंक की जिम्मेदारी

हम सात जिलों में लीड बैंक की जिम्मेदारी संभालते हैं: छत्रपति संभाजी नगर, जालना, नासिक, पालघर, पुणे, सतारा और ठाणे। इन जिलों के लीड जिला प्रबंधक अन्य बैंकों और जिला अधिकारियों के साथ मिलकर जिला ऋण योजना (डीसीपी) तैयार करते हैं और उसे लागू करते हैं। ये योजनाएं प्रत्येक जिले के भीतर विभिन्न क्षेत्रों के लिए लक्षित वित्तीय सहायता सुनिश्चित करती हैं।

13.2 राज्य स्तरीय समन्वय:

I. **राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति (एसएलबीसी) संयोजक:** महाराष्ट्र के लिए एसएलबीसी के संयोजक के रूप में, बैंक राज्य भर में वित्तीय पहलों के समन्वय में केंद्रीय भूमिका निभाता है।

II. **राज्य वार्षिक ऋण योजना:** हमारे नेतृत्व में, एसएलबीसी विभिन्न हितधारकों, जिसमें प्रमुख जिला प्रबंधक, सदस्य बैंक, नाबार्ड और भारतीय रिजर्व बैंक शामिल हैं, के परामर्श से वार्षिक ऋण योजना तैयार करता है। वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए प्राथमिकता क्षेत्र योजना, जिसका मूल्य ₹7,25,190 करोड़ है, देश में सबसे अधिक ऋण योजनाओं में से एक है, जो महाराष्ट्र में वित्तीय विकास को बढ़ावा देने के लिए हमारी प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है।

III. **नियमित समीक्षा और बैठकें:** एसएलबीसी राज्य वार्षिक ऋण योजना की प्रगति की निगरानी करने, महत्वपूर्ण क्षेत्रों को ऋण देने को प्राथमिकता देने और सरकार द्वारा प्रायोजित योजनाओं के कार्यान्वयन की देखरेख करने के लिए तिमाही बैठकें आयोजित करता है। इसके अतिरिक्त, एसएलबीसी सदस्य बैंकों, केंद्र और राज्य सरकार की एजेंसियों और आरबीआई और नाबार्ड जैसी केंद्रीय संस्थाओं के बीच संचार और सहयोग की सुविधा प्रदान करता है।

IV. **सरकारी पहलों का समर्थन:** एसएलबीसी सदस्य बैंकों के माध्यम से प्रमुख कार्यक्रमों के सफल कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न सरकारी विभागों के साथ मिलकर काम करता है। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य आबादी के विभिन्न वर्गों को सशक्त बनाना है, जिनमें शामिल हैं:

13 Lead Bank Scheme

13.1 Lead Bank Responsibility

We hold Lead Bank responsibility in seven districts: Chhatrapati Sambhaji Nagar, Jalna, Nashik, Palghar, Pune, Satara, and Thane. The Lead District Managers of these districts work collaboratively with other banks and district authorities to prepare and implement District Credit Plans (DCPs) annually. These plans ensure targeted financial support for various sectors within each district.

13.2 State-Level Coordination:

I. **State Level Bankers' Committee (SLBC) Convener:** As the convener of the SLBC for Maharashtra, the Bank plays a central role in coordinating financial initiatives across the state.

II. **State Annual Credit Plan:** Under our leadership, the SLBC prepares the annual credit plan in consultation with various stakeholders, including Lead District Managers, Member Banks, NABARD, and the Reserve Bank of India. The Priority Sector Plan for FY 2024-25, valued at ₹7,25,190 crore, ranks as one of the highest credit plans in the country, underscoring our commitment to fostering financial growth in Maharashtra.

III. **Regular Reviews and Meetings:** The SLBC convenes quarterly meetings to monitor progress on the State Annual Credit Plan, prioritize lending to critical sectors, and oversee the implementation of government-sponsored schemes. Additionally, the SLBC facilitates communication and collaboration between Member Banks, Central & State Government agencies, and central institutions like RBI and NABARD.

IV. **Supporting Government Initiatives:** The SLBC works closely with various government departments to ensure the successful implementation of key programs through member banks. These programs aim to empower different segments of the population, including:

क. कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों को समर्थन: पशुपालन, डेयरी और मत्स्य पालन तथा पीएम-किसान लाभार्थियों के लिए केसीसी संतृप्ति जैसी पहल।

ख. छोटे उद्यमियों हेतु सहायता: स्ट्रीट वेंडरों के लिए पीएम स्वनिधि, स्वनिधि से समृद्धि तथा पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों के लिए पीएम विश्वकर्मा योजनाओं का कार्यान्वयन।

ग. लक्षित हस्तक्षेप: आकांक्षी जिलों और ब्लॉकों में लक्षित वित्तीय समावेशन हस्तक्षेप कार्यक्रम (टीएफआईआईपी) को लागू करने के लिए नीति आयोग के साथ समन्वय करना।

घ. मिशन उत्कर्ष कार्यक्रम: देश के 10 नामित आकांक्षी जिलों में से एक नंदुरबार जिले में वित्तीय समावेशन और विकास को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

a. Supporting Agriculture and Allied Sectors: Initiatives such as KCC Saturation for Animal Husbandry, Dairy & Fisheries, and PM-Kisan beneficiaries.

b. Support for Small Entrepreneurs: Implementation of PMSVANidhi, Svanidhi se Samruddhi for street vendors, and PM Vishwakarma schemes for traditional artisans and craftspeople.

c. Targeted Interventions: Coordination with NITI Aayog to implement the Targeted Financial Inclusion Intervention Programme (TFIIP) in aspirational districts and blocks.

d. Mission Utkarsh Programme: Focus on fostering financial inclusion and development in Nandurbar district, one of the 10 designated aspirational districts in the country.

13.3 वित्तीय समावेशन के माध्यम से सभी के लिए औपचारिक बैंकिंग के द्वार खोलना:

- एसएलबीसी संयोजक के रूप में, बैंक ने महाराष्ट्र में प्रधानमंत्री जन धन योजना (पीएमजेडीवाई) को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। 31 मार्च, 2025 तक, राज्य में 3.64 करोड़ से अधिक पीएमजेडीवाई खाते खोले जा चुके हैं, जो पहले बैंकिंग सेवाओं से वंचित आबादी को आवश्यक बैंकिंग सेवाएँ प्रदान कर रहे हैं।

13.3 Opening Doors of Formal Banking to Everyone through Financial Inclusion:

- As the SLBC convener, the Bank has been instrumental in driving the Pradhan Mantri Jan Dhan Yojana (PMJDY) in Maharashtra. As of March 31, 2025, over 3.64 crore PMJDY accounts have been opened in the state, providing essential banking services to a previously unbanked population.

14 सहायक कंपनियां/संयुक्त उद्यम और प्रायोजित संस्थान:

14.1 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों का प्रदर्शन (महाराष्ट्र ग्रामीण बैंक)

I. प्रदर्शन के प्रमुख बिन्दु

18.2 Gender Diversity:

Gender sensitivity, inclusivity, and the creation of gender-friendly workspaces have consistently been fundamental principles of our Bank's HR policy. Women comprise 28.02% of our total workforce, with representation across all regions and levels of the organizational hierarchy. The average age of our employees is 37 years.

श्रेणी Category	पुरुष Male	%	महिला Female	%	कुल Total
अधिकारी Officers	6642	72.05	2576	27.95	9218
लिपिक Clerks	2373	64.38	1313	35.62	3686
सब-स्टाफ Sub-staff	1488	88.20	199	11.80	1687
कुल Total	10503	71.98	4088	28.02	14591

18.3 आरक्षण प्रकोष्ठ:

भारत सरकार के निर्देशों के अनुरूप, बैंक अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी), अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी), आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) और बेंचमार्क विकलांग व्यक्तियों (पीडब्ल्यूबीडी) के उम्मीदवारों के लिए सीधी भर्ती में आरक्षण सुनिश्चित करता है, जबकि एससी/एसटी कर्मचारियों के लिए पदोन्नति आरक्षण निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार बढ़ा कर दिया जाता है। समानता और समावेशन के सिद्धांतों को बनाए रखने के लिए, आरक्षण नीतियों के प्रभावी कार्यान्वयन की देखरेख करने और एससी/एसटी/ओबीसी कर्मचारियों, बेंचमार्क विकलांग व्यक्तियों (पीडब्ल्यूबीडी) और पूर्व सैनिकों की शिकायतों का समाधान करने के लिए प्रधान कार्यालय और सभी अंचल कार्यालयों में विशेष प्रकोष्ठ कार्यरत हैं। इसके अतिरिक्त, बैंक ने सामाजिक न्याय और समावेशी विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करने के लिए प्रधान कार्यालय में मुख्य संपर्क अधिकारी नियुक्त किए हैं और प्रत्येक अंचल कार्यालय में समर्पित एससी/एसटी/ओबीसी/पीडब्ल्यूबीडी प्रकोष्ठ स्थापित किए हैं।

18.3 Reservation Cell:

In line with the directives of the Government of India, the Bank ensures reservation in direct recruitment for candidates belonging to Scheduled Castes (SCs), Scheduled Tribes (STs), Other Backward Classes (OBCs), Economically Weaker Sections (EWS) and Persons with Benchmark Disabilities (PwBDs), while promotional reservations for SC/ST employees are extended in accordance with the prescribed guidelines. To uphold the principles of equity and inclusion, Special Cells are operational at the Head Office and all Zonal Offices to oversee the effective implementation of reservation policies and to address the grievances of SC/ST/OBC employees, persons with benchmark disabilities (PwBDs), and Ex-Servicemen. Additionally, the Bank has appointed Chief Liaison Officers at the Head Office and established dedicated SC/ST/OBC/PwBD Cells in every Zonal Office to reinforce its commitment to social justice and inclusive growth.

जाति/ संवर्ग CASTE/CADRE	सामान्य GEN	ओबीसी OBC	एससी SC	एसटी ST	ईडब्ल्यूएस EWS	पीडब्ल्यूडी PwBD	ईएसएम ESM	कुल TOTAL
अधिकारी OFFICERS	4195	2734	1412	632	245	232	52	**9218**
लिपिक CLERKS	1686	962	622	340	76	120	189	**3686**
सब-स्टॉफ SUBSTAFF	525	428	550	184	-	21	101	**1687**
कुल TOTAL	6406	4124	2584	1156	321	373	342	**14591**

पीडब्ल्यूबीडी: बेंचमार्क विकलांगता वाले व्यक्ति

भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुरूप, बैंक द्वारा आरक्षित श्रेणियों से संबंधित कर्मचारियों की शिकायतों को दूर करने, सौहार्द्रपूर्ण संबंध बनाने और उनके करियर की प्रगति में सहायता करने के लिए निरंतर प्रयास किए गए हैं।बैंक ने एससी/ एसटी कर्मचारियों और कल्याण संघों के लिए विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित किए हैं, जिनमें आरक्षण नीति, पदोन्नति-पूर्व प्रशिक्षण और संबंधित विषयों जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों को शामिल किया गया है, जिसका उद्देश्य उन्हें भविष्य की जिम्मेदारियों के लिए सशक्त बनाना और तैयार करना है।

PwBD: Persons with Benchmark Disabilities

In alignment with the Government of India's guidelines, continuous efforts have been made by the Bank to address and resolve grievances of employees belonging to reserved categories, fostering cordial relations and assisting in their career progression.

The Bank has also organized various training programs for SC/ST employees and Welfare Associations, covering important areas such as the reservation policy, pre-promotion training, and related topics aimed at empowering and preparing them for future responsibilities

18.4 मानव संसाधन प्रशासन और नीतियाँ:

संगठन को निरंतर सफलता की ओर ले जाने में मानव पूंजी का प्रबंधन सबसे महत्वपूर्ण और गतिशील कार्यों में से एक है। बैंक के संचालन की दक्षता और प्रभावशीलता इसके कर्मचारियों के प्रदर्शन और जुड़ाव के साथ गहराई से जुड़ी हुई है। इसे पहचानते हुए, बैंक ने अपने प्रशासनिक आधार को मजबूत करने के उद्देश्य से कई मानव संसाधन पहलों को लागू किया है।

वर्ष के दौरान प्रमुख विकास में शामिल हैं:

I. एक एकीकृत मानव संसाधन प्रबंधन प्रणाली (एचआरएमएस) का कार्यान्वयन, जो प्रवेश से लेकर निकास तक कर्मचारी के पूरे जीवनचक्र को कवर करता है।
II. कर्मचारी डाटा और रिकॉर्ड बनाए रखने के लिए विभिन्न आईटी-सक्षम प्लेटफ़ॉर्म को अपनाना।
III. उद्योग की सर्वोत्तम प्रथाओं और विनियामक दिशानिर्देशों के अनुरूप मानव संसाधन नीतियों की आवधिक समीक्षा और नवीनीकरण करना।
IV. सहयोगात्मक विकास को बढ़ावा देने के लिए टीम के नेताओं, संघ के प्रतिनिधियों और अन्य क्षेत्र पदाधिकारियों सहित प्रमुख हितधारकों के साथ संवाद को सक्रिय रूप से बढ़ावा देना।
V. ऐसी नीतियाँ बनाना जो अनुशासन, प्रतिबद्धता और कर्तव्य के प्रति समर्पण पर जोर देती हैं, जिससे कर्मचारी उत्पादकता और संगठनात्मक दक्षता में वृद्धि होती है।
VI. भर्ती प्रक्रिया का अनुकूलन करना।

18.4 HR Administration & Policies:

Managing human capital remains one of the most vital and dynamic functions in steering the organization towards sustained success. The efficiency and effectiveness of the Bank's operations are deeply interconnected with the performance and engagement of its employees. Recognizing this, the Bank has implemented a range of HR initiatives aimed at strengthening its administrative foundation.

Key developments during the year include:

I. Implementation of an integrated Human Resource Management System (HRMS), covering the full employee lifecycle — from entry to exit.
II. Adoption of various IT-enabled platforms for maintaining employee data and records.
III. Periodic review and renewal of HR policies in line with industry best practices and regulatory guidelines.
IV. Active promotion of dialogue with key stakeholders, including team leaders, union representatives, and other field functionaries to foster collaborative development.
V. Framing policies that emphasize discipline, commitment, and devotion to duty, thereby enhancing employee productivity and organizational efficiency.
VI. Optimizing Recruitment process

18.5 कार्यबल का समग्र शिक्षण और विकास

वित्तीय वर्ष 2024-25 बैंक के कर्मचारियों के समग्र शिक्षण और विकास (एल एंड डी) के लिए एक ऐतिहासिक अवधि रही है। कौशल अंतराल को पाटने, नवाचार को बढ़ावा देने और संगठन के सभी स्तरों पर उत्पादकता बढ़ाने के लिए हमारी पहलों को सावधानीपूर्वक डिज़ाइन किया गया है। यह रिपोर्ट हमारे कर्मचारियों की पेशेवर क्षमताओं को मजबूत करने के लिए किए गए प्रमुख कार्यक्रमों और पहलों पर प्रकाश डालती है, जिससे भविष्य के लिए तैयार कार्यबल सुनिश्चित होता है।

18.5 Holistic Learning & Development of workforce

The financial year 2024-25 has been a landmark period for the holistic Learning and Development (L&D) of Bank's staff. Our initiatives have been meticulously designed to bridge skill gaps, foster innovation, and enhance productivity across all levels of the organization. This report highlights key programs and initiatives undertaken to strengthen the professional capabilities of our employees, ensuring a future-ready workforce

18.6 रणनीतिक शिक्षण पहल

I. **निदेशक विकास कार्यक्रम (डीडीपी) 2025:** इसका उद्देश्य बैंक के पूर्णकालिक निदेशकों को स्व-गतिशील, वैयक्तिक शिक्षण अनुभव प्रदान करना है। इस कार्यक्रम ने नेतृत्व की आवश्यकताओं के अनुरूप लचीले, अवधारणात्मक और आकर्षक शिक्षण अनुभव प्रदान किए।
II. **विदेशी प्रशिक्षण और अध्ययन दौरे:** कुल 17 कर्मचारियों को विदेशी प्रशिक्षण, विदेशी अध्ययन दौरे और प्रमुख वैश्विक संस्थानों में कार्यपालक शिक्षण के लिए नामित किया गया था।
III. **वन-ऑन-वन कोचिंग सत्र:** ईज़ दिशानिर्देशों के अनुरूप, बैंक द्वारा नेतृत्व क्षमताओं और निर्णय कौशल के संवर्धन हेतु प्रमाणित बाहरी पेशेवर प्रशिक्षकों की मदद से पात्र कार्यपालकों के लिए वन-ऑन-वन कोचिंग सत्रों में प्रशिक्षण प्रदान किया गया।
IV. **एजीएम के लिए व्यक्तिगत विकास योजना (आईडीपी):** करियर विकास और योग्यता संवृद्धि हेतु नव पदोन्नत सहायक महाप्रबंधकों (एजीएम) के लिए एक संरचित व्यक्तिगत विकास

18.6 Strategic Learning Initiatives

I. **Directors Development Program (DDP) 2025:** Aimed at providing a self-paced, personalized learning experience to the whole time Directors of the Bank. The program offered flexible, conceptualized, and engaging learning experiences tailored to leadership needs.
II. **Overseas Training & Study Tours:** A total of 17 employees were nominated for overseas training, foreign study tours, and executive education at premier global institutions.
III. **One-on-One Coaching Sessions:** In line with EASE guidelines, Bank extended one-on-one coaching sessions for eligible executives with the help of certified external professional coaches to enhance leadership capabilities and decision-making skills.
IV. **Individual Development Plans (IDP) for AGMs:** A structured Individual Development Plan was implemented for newly promoted Assistant General Managers (AGMs) to facilitate career growth and

योजना कार्यान्वित की गई थी। एक बाहरी प्रमाणित एजेंसी ने 49 कार्यपालकों का विश्लेषण और योग्यता मूल्यांकन किया, उन्होंने उसके बाद आईआईएम कोझीकोड में पूर्वनिर्धारित आईडीपी मापदंडों के आधार पर व्यक्तिगत विकास प्रशिक्षण प्राप्त किया।

V. **मुख्य प्रबंधकों के लिए नेतृत्व विकास कार्यक्रम:** संगठनात्मक विकास और नेतृत्व कौशल पर ध्यान केंद्रित करते हुए 57 नव पदोन्नत मुख्य प्रबंधकों के लिए एक नेतृत्व विकास कार्यक्रम तैयार किया गया।

VI. **उच्च-संभावित (हाई-पो) और उच्च-प्रदर्शन (हाई-पर) विश्लेषण:** पिछले नेतृत्व पहलों के आधार पर, सभी स्तरों पर कार्यपालकों के लिए एक व्यापक हाई-पो और हाई-पर विश्लेषण किया गया।

VII. **उत्तराधिकार नियोजन रणनीति:** एक निर्बाध नेतृत्व पाइपलाइन सुनिश्चित करने के लिए, एक संरचित उत्तराधिकार नियोजन ढांचा विकसित किया गया।

VIII. **मेंटर आवंटन कार्यक्रम (एमएपी):** नए भर्तियों को उनके करियर की प्रगति में सहायता करने के लिए चरणों में एक संरचित मेंटर-मेंटी पहल शुरू की गई।
   1. चरण 1 और 2 में : अभिनिर्धारित 433:929 मेंटर: मेंटीज़
   2. कार्यक्रम की पहुँच और प्रभावशीलता का विस्तार करने के लिए मेंटरों के लिए ऑनलाइन वेबएक्स प्रशिक्षण आयोजित किया गया।

IX. **कर्मचारी कल्याण:** "मानसिक स्वास्थ्य" और "प्रसवोत्तर अवसाद" पर विशेष वेबएक्स सत्र आयोजित किए गए, जिससे लगभग 1600+ कर्मचारियों को जीवन शैली से जुड़ी समस्याओं का समाधान करने और कार्य-जीवन संतुलन को बेहतर बनाने में मदद मिली। कार्यबल में निरंतर सीखने की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए प्रतिपूर्ति की संशोधित योजना के अंतर्गत नए पाठ्यक्रम भी जोड़े गए।

X. **व्यवसाय विकास अधिकारी (बीडीओ) प्रशिक्षण:** बीडीओ और सीएआर अभियान के अंतर्गत प्रदर्शन करने वाले कर्मचारियों के लिए एक समर्पित प्रशिक्षण पहल शुरू की गई, जिसका उद्देश्य बिक्री कौशल, संबंध प्रबंधन और रणनीतिक व्यवसाय विकास में व्यवसाय विकास अधिकारियों के कौशल को बढ़ाना है।

XI. **प्रौद्योगिकी-संचालित शिक्षण समाधान:** प्रौद्योगिकी को प्रशिक्षण पद्धतियों में निम्नलिखित के माध्यम से सहजता से एकीकृत किया गया:
   i. वर्चुअल प्रशिक्षक द्वारा सत्र
   ii. स्निपेट, पॉडकास्ट, सेमिनार
   iii. एचआरएमएस पर ई-लर्निंग मॉड्यूल
   iv. कर्मचारियों के जुड़ाव में संवर्धन हेतु प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

XII. **प्रशिक्षण भागीदारों को ऑनबोर्ड करना:** रुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) प्रक्रिया के माध्यम से, बैंक ने बड़ी संख्या में प्रशिक्षण कार्यक्रमों की संख्या बढ़ाने और अत्यधिक कुशल कार्यबल का निर्माण करने के लिए नए प्रशिक्षण भागीदारों को ऑनबोर्ड किया।

competency enhancement. An external certified agency conducted an analysis and competency assessment for 49 executives, who then underwent personalized development training based on predefined IDP parameters at IIM Kozhikode.

V. **Leadership Development Program for Chief Managers:** A Leadership Development Program was designed for 57 newly promoted Chief Managers, focusing on organizational growth and leadership skills.

VI. **Hi-Potential (Hi-Po) and Hi-Performance (Hi-Per) Analysis:** Building on previous leadership initiatives, an extensive Hi-Po and Hi-Per analysis was carried out for executives across levels.

VII. **Succession Planning Strategy:** To ensure a seamless leadership pipeline, a structured succession planning framework has been developed.

VIII. **Mentor Allotment Program (MAP):** A structured mentor-mentee initiative was launched in phases to support new recruits in their career progression.
   1. Phase 1 & 2: 433:929 identified mentors: mentees
   2. Online Webex training was conducted for mentors to expand the reach and effectiveness of the program.

IX. **Employee Well-being:** Specialized Webex sessions on "Mental Health" and "Postpartum Blues" were conducted, benefiting approximately 1600+ employees by addressing key well-being issues and work-life balance strategies. New courses were also added under the revised Scheme of Reimbursement to promote a culture of continuous learning within the workforce.

X. **Business Development Officers (BDO) Training:** A dedicated training initiative for performing employees under BDO & CAR campaign, was launched to enhance the skills of Business Development Officers in sales acumen, relationship management, and strategic business growth.

XI. **Technology-Driven Learning Solutions:** Technology was seamlessly integrated into training methodologies through:
   i. Virtual instructor-led sessions
   ii. Snippets, Podcasts, Seminars
   iii. E-Learning Modules on HRMS
   iv. Quiz Competitions to Enhance Employee Engagement

XII. **Onboarding of Training Partners:** Through the Expression of Interest (EoI) process, Bank has onboarded new training partners to scale up training programs in large numbers and create a highly skilled workforce.

XIII. उद्योग के साथ सहयोग और बाहरी प्रशिक्षण: कई कार्यपालकों ने उद्योग-अग्रणी प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग लिया, जिनमें निम्नलिखित शामिल हैं:


I. विभिन्न संस्थानों में क्रॉस बैंक प्रशिक्षण
II. आईएसबी में सीएक्सओ और डिप्टी सीएक्सओ के लिए प्रशिक्षण
III. केंद्रीय प्रोसेसिंग केंद्रों और एमएसएमई हब के लिए कार्यशाला (आरबीआई- एनएएमसीएबीएस के माध्यम से)
IV. क्रिसिल द्वारा क्रेडिट विश्लेषण और जोखिम प्रबंधन प्रशिक्षणएनआईबीएम में सुरक्षा और जोखिम प्रबंधन कार्यशाला
V. आरबीआईसीएबी में कृषि एमएसएमई वित्तपोषण कार्यक्रम


अध्ययन के मापदंडों के संदर्भ में बैंक का कार्यनिष्पादन निम्नानुसार है:


XIII. Industry Collaborations & External Training: Several executives participated in industry-leading training programs, including:


i. Cross Bank Trainings at Various Institutes
ii. Training for CxOs & Deputy CxOs at ISB
iii. Workshop for Central Processing Centres & MSME Hubs (via RBI-NAMCABS)
iv. Credit Analysis & Risk Management Training by CRISIL Security & Risk Management Workshop at NIBM
v. Agro MSME Financing Program at RBICAB

The performance of the Bank in terms of learning parameters are as under.









प्रमुख मानदंड Key Parameters	मार्च 25 (वास्तविक) Mar 25 (Actual)
यूनिक लर्निंग इंटरवेंशन Unique Learning Interventions	11,169
समुद्रपारीय/विदेशी प्रशिक्षण कार्यक्रम Overseas/ Foreign Training Programs	5
कक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम (आंतरिक) Classroom Training Program (Internal)	374
कक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम (बाह्य) Classroom Training Program (External)	118
वर्चुअल प्रशिक्षण कार्यक्रम (आंतरिक) Virtual Training Program (Internal)	42
वर्चुअल प्रशिक्षण कार्यक्रम (बाह्य) Virtual Training Program (External)	8
आईसीटी का उपयोग- वेबिनार Use of ICT- Webinars	22
आईसीटी का उपयोग- पॉडकास्ट Use of ICT- Podcast	16
क्रॉस बैंक प्रशिक्षण Cross Bank Training	7
एलएमएस और कौशल अंतर विश्लेषण पर प्रश्नोत्तरी Quiz on LMS and Skill Gap Analysis	36+

बैंक ऑफ महाराष्ट्र में अध्ययन और विकास उत्कृष्टता की संस्कृति को बढ़ाने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। निरंतर सीखना न केवल एक पहल है, बल्कि जीवन जीने का एक तरीका है, जो व्यक्तिगत और संगठनात्मक सफलता दोनों को आगे बढ़ाता है।

18.7 कर्मचारी सहभागिता पहलें:

बैंक कार्य वातावरण और संस्कृति को बेहतर बनाने और कर्मचारियों को कॉर्पोरेट लक्ष्यों के प्रति प्रभावी रूप से संरेखित करने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु विभिन्न कर्मचारी सहभागिता पहलें करता है। कुछ पहलें इस प्रकार हैं।

i. मैत्रीपूर्ण वॉलीबॉल मैच
ii. केस स्टडी लेखन प्रतियोगिता
iii. पारंपरिक दिवस समारोह
iv. क्रिसमस समारोह
v. डांडिया संध्या
vi. मानसिक स्वास्थ्य, मेंटरशिप, पेरेंटिंग आदि पर सत्र।

18.8 भर्ती:

I. बैंक ने कुछ मापदंडों जैसे कि पलायन, व्यावसायिक स्थिति, न्यूनतम स्टाफिंग पैटर्न आदि के आधार पर मैनपावर आयोजना के अनुसार विभिन्न स्केल में 1895 अधिकारियों और 600 लिपिकों की रिक्तियां अभिनिर्धारित की है, जिनमें से 1248 अधिकारी (स्केल I - 936, स्केल II - 220, स्केल III - 75, स्केल IV - 15, स्केल V - 1 और स्केल VI - 1) और 499 लिपिकों ने कार्यग्रहण किया।

II. **मेधावी महिला खिलाड़ियों की सीधी भर्ती:** खेल मानव गतिविधियों के प्रमुख क्षेत्रों में से एक है, जो युवाओं को राष्ट्र के लिए ख्याति प्राप्त करने के अवसर प्रदान करता है। बैंक भारतीय खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करता है। हाल के वर्षों में अंतर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न पुरस्कार और सराहना प्राप्त करने में खिलाड़ियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। यह हमारे संरक्षकों के लिए हमारे ब्रांड मूल्य को बढ़ावा देने का सबसे प्रभावशाली माध्यम है।

III. भारत की पहली महिला वॉलीबॉल टीम की भर्ती करके बैंक ने खेलों में भी अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज की है। इस टीम में असाधारण रूप से प्रतिभाशाली खिलाड़ी शामिल हैं, जिन्होंने राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भाग लिया और विश्व टूर्नामेंटों में भारत का प्रतिनिधित्व किया, यह एक ऐसा कदम है जो युवाओं को सशक्त बनाने और खेलों में लैंगिक समानता को बढ़ावा देने के सरकार के दृष्टिकोण के अनुरूप है।

IV. बैंक ने आवेदन प्रबंधन के लिए बैंकिंग कार्मिक चयन संस्थान (आईबीपीएस) पर निर्भर रहने की पिछली प्रथा में एक महत्वपूर्ण बदलाव करते हुए इसे पूरी तरह से इन-हाउस, ऑनलाइन भर्ती प्रक्रिया में परिवर्तित कर दिया है। अपने स्वयं के भर्ती पोर्टल को विकसित करने के साथ ही, बैंक अब स्वतंत्र रूप से संपूर्ण आवेदन प्रक्रिया को संभालता है, जिससे अधिक दक्षता, पारदर्शिता और प्रतिभा अधिग्रहण पर नियंत्रण को सुनिश्चित किया जा सका है।

V. बैंक ने भारत सरकार/आईबीए दिशानिर्देशों के अनुरूप अनुकंपा नियुक्ति योजना की समीक्षा की है, जिसका उद्देश्य मृतक कर्मचारियों के जरूरतमंद परिवार को वित्तीय राहत प्रदान करना है। बैंक ने लिपिक संवर्ग में 27 उम्मीदवारों को अनुकंपा नियुक्ति का प्रस्ताव दिया है।

Learning & Development at Bank of Maharashtra stands as a testament to our commitment for nurturing a culture of excellence. Continuous learning is not just an initiative but a way of life, driving both individual and organizational success.

18.7 Employee Engagement Initiatives:

Bank undertakes various employee engagement initiatives to improve the work environment and culture and to encourage staff to be effectively aligned towards corporate goals. Some of the initiatives are as under.

i. Friendly Volleyball Match
ii. Case Study Writing Competition
iii. Traditional Day celebrations
iv. Christmas Celebrations
v. Dandiya Evening
vi. Session on Mental Health, Mentorship, Parenting etc.

18.8 Recruitment:

I. Bank has identified vacancy of 1895 officers in various scales & 600 Clerks, as per Manpower planning based on certain parameters like attritions, business position, minimum staffing pattern etc. Out of which 1248 officers (Scale I - 936, Scale II – 220, Scale III – 75, Scale IV – 15, Scale V – 1 & Scale VI – 1) & 499 Clerks have joined.

II. **Direct Recruitment of Meritorious Female Sportspersons:** Sports is one of the eminent areas for human activities which builds youth to become face of the nation. The bank admires excellent performances of Indian Sportspersons in achieving different awards and accolades at the International as well as National level in the recent years. It is the most influential medium for promoting our brand value to our patrons.

III. Bank is making waves in sports by recruiting India's first all-women volleyball team constituting exceptionally talented players who played at National/ International level and represented India in the world tournaments, a move that aligns with the government's vision of empowering youth and promoting gender equality in sports.

IV. The Bank has transitioned to a fully in-house, online recruitment process, marking a significant shift from the earlier practice of relying on the Institute of Banking Personnel Selection (IBPS) for application management. With the development of our own recruitment portal, the Bank now independently handles the entire application process, ensuring greater efficiency, transparency, and control over talent acquisition.

V. Bank has reviewed the scheme of Compassionate Appointment scheme in line with Govt. of India / IBA guidelines, which is aimed at providing financial relief to the indigent family of deceased employees. Bank has offered compassionate appointments to 27 candidates in clerical cadre.

18.9 करियर प्रगति (पदोन्नति):

पदोन्नति कर्मचारियों के लिए एक प्रमुख प्रेरक के रूप में कार्य करती है, जो उन्हें अधिक जिम्मेदारियाँ, वित्तीय पुरस्कार और प्रतिष्ठा प्रदान करती है। बैंक भारत सरकार और नियामक दिशानिर्देशों के साथ संरेखित बोर्ड द्वारा अनुमोदित पदोन्नति नीति के अनुसार हर वर्ष पदोन्नति प्रक्रिया आयोजित करता है। यह नीति बैंक के व्यवसाय विकास में सहयोग करने के लिए प्रत्येक स्तर पर पर्याप्त कार्यबल सुनिश्चित करती है, वहीं उच्च जिम्मेदारियाँ लेने के लिए सक्षम कर्मचारियों की आवश्यकता को पूरा करती है।

बैंक ने करियर प्रगति को बढ़ावा देने, कर्मचारी के कार्यनिष्पादन का अभिनिर्धारण करने, पुरस्कृत करने तथा प्रेरित करने की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए समर्पित प्रयास किए हैं। व्यापक अनुभव प्रदान करने के लिए, अधिकारियों को विभिन्न कार्य क्षेत्रों में कार्य करने और विदेशी प्लेसमेंट के अवसर भी प्रदान किए जाते हैं।

वित्तीय वर्ष 2024-25 में विभिन्न संवर्ग में पदोन्नतियों की संख्या निम्नानुसार है:

18.9 Career Progression (Promotion):

Promotion serves as a key motivator for employees, offering greater responsibilities, financial rewards, and enhanced status. The Bank conducts the promotion process annually in accordance with a Board-approved Promotion Policy, aligned with Government of India and regulatory guidelines. This policy ensures an adequate workforce at each level to support the Bank's business growth while meeting the need for capable employees to take on higher responsibilities.

The Bank has made dedicated efforts to promote career progression, recognizing and rewarding employee performance and fostering motivation. To provide broader exposure, opportunities for horizontal movement across various functions and overseas trainings are also offered to officers.

The number of promotees in various cadre in FY-2024-25 are as under.

जेएमजीएस-I से एमएमजीएस-II JMGS-I TO MMGS-II	एमएमजीएस- II से एमएमजीएस- III MMGS-II to MMGS-III	एमएमजीएस- III से एसएमजीएस- IV MMGS-III TO SMGS-IV	एसएमजीएस- IV से एसएमजीएस- V SMGS-IV TO SMGS-V	एसएमजीएस- V से एसएमजीएस- VI SMGS-V TO SMGS-VI	टीईजीएस-VI से टीईजीएस-VII TEGS-VI TO TEGS-VII	टीईजीएस-VII से टीईजीएस-VIII TEGS-VII TO TEGS-VIII	लिपिक से जेएमजीएस-I Clerical to JMGS - I
194	200	65	27	09	03	03	218

18.10 कर्मचारी लाभ और कल्याण गतिविधियों में सुधार:

बैंक का मानना है कि कर्मचारी संस्थान की रीढ़ होते हैं, और वे इसके विकास और प्रगति के निर्माता हैं। कर्मचारियों के प्रयासों को पहचानने और उन्हें प्रेरित करने के लिए बैंक ने कई पहल की हैं।

I. **महिला कर्मचारियों के लिए विशेष सुविधा:** महिला कर्मचारियों के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण रखते हुए, बैंक ने विशेष खंड का शुभारंभ किया है, अर्थात "महिला अधिकारियों को अंतर-क्षेत्रीय स्थानांतरण से छूट दी जा सकती है और निम्नलिखित मामलों में, उन्हें मौजूदा क्षेत्र/ तैनाती के स्थान पर ही रखा जाएगा,

- क. यदि वे गर्भावस्था में हैं, तो छूट दो वर्ष की अवधि के लिए होगी (गर्भावस्था के 9 महीने को छोड़कर) अथवा
- ख. छूट उस अवधि तक होगी जब तक बच्चा 2 वर्ष का नहीं हो जाता।"

II. **8वें संयुक्त नोट और XI-द्विपक्षीय समझौते के अनुसार कार्यनिष्पादन से जुड़े प्रोत्साहन (पीएलआई) का भुगतान:** वर्ष 2023-24 के लिए बैंक के वित्तीय परिणामों के आधार पर, परिचालन लाभ में 19.10% और निवल लाभ में 44.95% वर्ष दर वर्ष की वृद्धि के फलस्वरूप, बैंक ने सभी कर्मचारियों को 15 दिनों का कार्यनिष्पादन से जुड़े प्रोत्साहन का भुगतान किया।

III. **स्वास्थ्य और तंदुरुस्ती अभियान:** भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुरूप, बैंक ने अच्छे स्वास्थ्य को बनाए रखने और एक स्थायी जीवन शैली को अपनाने के लिए 21 जून 2024 को सभी कार्यालयों में "स्वयं और समाज के लिए योग" थीम के साथ 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया।

18.10 Improvisation of Staff Benefits and Welfare Activities:

The Bank believes that the staff are the backbone of the institution, and they are the architect of its growth and progress. To recognize the efforts of employees and to motivate them the Bank has taken several initiatives.

I. **Special consideration for female employees:** Having a sensitive view towards female staff, Bank has introduced special clause i.e. "Female officers may be exempted from inter-zonal transfer and will be retained in the existing zone / place of posting in the cases,

- a. If they are in a family way, the exemption will be for a period of two years (excluding 9 months of family way) OR
- b.the exemption will be till the period the child turns 2 years of age."

II. **Payment of Performance Linked Incentive (PLI) as per 8th Joint note & XI-Bipartite Settlement:** Based upon Banks financial results for the year 2023-24 wherein the YOY operating profit soared to 19.10% & net profit 44.95%, bank has paid 15 days Performance Linked Incentive to all the employees.

III. **Wellness & Fitness Drive:** In line with GOI directions, Bank has organized 10th International Yoga Day with a theme "Yoga for Self & Society" on 21st June 2024 in all the offices for maintaining good health & enduring a sustainable life style.

IV. **शोक अवकाश की शुरूआत:** कर्मचारियों के परिवार के सदस्यों की मृत्यु पर शोक अवकाश की शुरूआत की गई। शोक अवकाश एक सवेतन अवकाश होगा जो परिवार के सदस्य की मृत्यु पर कर्मचारी को प्रदान किया जाएगा।

V. **वित्तीय वर्ष 2024-25 में बैंक के उत्कृष्ट कार्य-निष्पादन पर सभी कर्मचारियों और सेवानिवृत्त कर्मचारियों को रु.1,000/- का भुगतान:** वित्तीय वर्ष 2024-25 में बैंक के परिवर्तनकारी कार्यनिष्पादन को ध्यान में रखते हुए इस अवसर पर खुशियां मनाने और बैंक के प्रति उनकी सेवा के लिए सराहना के प्रतीक के रूप में उपहार, मिठाई, सूखे मेवे आदि खरीदने के लिए बैंक ने सभी कर्मचारियों और सेवानिवृत्त कर्मचारियों को रु.1,000/- का भुगतान किया।

VI. **अधिकारियों के लिए बैंक की आवासीय सुविधा:** जीवन को सुगम बनाने के लिए, बाजार दरों और उद्योग प्रथाओं के अनुरूप अधिकारियों के लिए मौजूदा किराये की सीमा बढ़ा दी गई।

VII. परिवहन व्यय में वृद्धि को ध्यान में रखते हुए, बैंक ने स्थानीय स्थानांतरण/परिवहन प्रभार की प्रतिपूर्ति को रु.12,000/- या वास्तविक व्यय, जो भी कम हो, तक बढ़ा दिया है।

VIII. **अधिकारियों को आवास व्यय की प्रतिपूर्ति की दरों में वृद्धि:** आवास व्यय की वर्तमान बाजार दरों और द्विपक्षीय समझौते में अधिनिर्णयाधीन कर्मचारियों के आवास भत्ते के संशोधन को ध्यान में रखते हुए, बैंक ने अधिकारियों को आवास व्यय की प्रतिपूर्ति में वृद्धि की है।

IX. **अच्छे स्वास्थ्य के लिए व्यय की प्रतिपूर्ति:** कर्मचारियों में बेहतर स्वास्थ्य की भावना को बढ़ावा देने और अच्छे स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए (योग/ध्यान/स्वास्थ्य क्लब आदि में शामिल होना) बैंक ने विशेष एकमुश्त पहल के रूप में प्रति कर्मचारी रु. 6,000/- की प्रतिपूर्ति की घोषणा की थी।

IV. **Introduction of Bereavement Leave:** Introduction of bereavement leave on demise of family members of Employees. Bereavement Leave will be a paid leave granted to an employee on loss of family member.

V. **Payment of Rs. 1,000 /- to all employees & retirees in view of Banks outstanding performance in FY 2024-25:** Taking into consideration of Bank's transformative performance in FY2024-25 & to celebrate the occasion, bank has paid Rs. 1,000 /- to all employees & retirees towards purchase of gifts, sweets, dry fruits etc. as a token of appreciation for their service to the Bank.

VI. **Bank's Residential Accommodation Facility for Officers:** To enhance the ease of living, the existing rental ceiling has been enhanced for officers as per market rates & industry practices.

VII. Considering the rise in transportation expenses, Bank has enhanced the reimbursement of local shifting / transportation charges upto Rs.12,000/- or the actual expenses incurred, whichever is lower.

VIII. **Enhancement in rates for reimbursement of lodging expenses to officers:** In view of the present market rates of lodging expenses and revision of lodging allowance to award staffs in Bipartite Settlement, Bank has enhanced the reimbursement of lodging expenses to officers.

IX. **Reimbursement towards expenses for Maintenance of Good Health:** With a motive to promote well-being amongst the staff members, the Bank had announced a reimbursement of Rs. 6,000/- per employee, as a special one-time gesture towards Maintenance of Good Health (Joining Yoga / Meditation / Health Club etc.)

19 ईएएसई पहल

I. संवर्धित एक्सेस और सेवा उत्कृष्टता (ईएएसई) जनवरी, 2018 में वित्तीय सेवाएं विभाग (डीएफएस), वित्त मंत्रालय, भारत सरकार के द्वारा शुरू की गई एक प्रमुख सुधार पहल है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बेहतर दक्षता, पारदर्शिता, गवर्नेंस और ग्राहक-केंद्रित सेवा वितरण के माध्यम से सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) के कार्यनिष्पादन को बढ़ाना है।

II. नवीनतम चरण, ईएएसई 7.0, 25 अप्रैल 2024 को सचिव, डीएफएस द्वारा शुभारंभ किया गया था। यह सार्वजनिक क्षेत्र की बैंकिंग को डिजिटल रूप से अधिक सशक्त, आधुनिक और ग्राहक-प्रथम इको-सिस्टम में बदलने की सरकार की प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। यह चरण सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के भीतर नवाचार और लचीलेपन को बढ़ावा देते हुए राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के साथ बैंकिंग परिचालन को संरेखित करने पर केंद्रित है। ईएएसई 7.0 के मुख्य उद्देश्य निम्नानुसार हैं:

19 EASE Initiatives

I. Enhanced Access and Service Excellence (EASE) is a flagship reform initiative launched in January 2018 by the Department of Financial Services (DFS), Ministry of Finance, Government of India. The program aims to enhance the performance of Public Sector Banks (PSBs) through improved efficiency, transparency, governance, and customer-centric service delivery.

II. The latest phase, EASE 7.0, was launched on 25 April 2024 by the Secretary, DFS. It reaffirms the Government's commitment to transforming public sector banking into a more digitally empowered, modern, and customer-first ecosystem. This phase focuses on aligning banking operations with national priorities while fostering innovation and resilience within PSBs. Key Objectives of EASE 7.0:

क. राष्ट्रीय विकास लक्ष्यों के साथ बैंकिंग सेवाओं का संरेखण
ख. ग्राहक सेवा उत्कृष्टता को मजबूत करना
ग. जोखिम न्यूनीकरण और परिचालन लचीलापन।
घ. उन्नत प्रौद्योगिकियों और डिजिटल क्षमताओं को अपनाना
ड. भविष्य के लिए तैयार बैंकिंग के लिए कर्मचारी विकास

III. ईएएसई 7.0 समावेशी और एकीकृत बैंकिंग पर जोर देता है, जिसमें सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) और कृषि क्षेत्र की जरूरतों पर विशेष ध्यान दिया गया है, जो विकसित भारत के व्यापक दृष्टिकोण में योगदान देता है। रूपरेखा 21 कार्य बिंदुओं के आसपास संरचित है, जिन्हें पाँच रणनीतिक विषयों के अंतर्गत समूहीकृत किया गया है:

a.Alignment of banking services with national development goals
b. Strengthening of customer service excellence
c. Risk mitigation and operational resilience.
d. Adoption of advanced technologies and digital capabilities
e. Employee development for future-ready banking

III. EASE 7.0 emphasizes inclusive and integrated banking, with a particular focus on the needs of Micro, Small & Medium Enterprises (MSMEs) and the agricultural sector, contributing to the overarching vision of a Viksit Bharat (Developed India). The framework is structured around 21 Action Points, grouped under five strategic themes:

1.'विकसित' भारत की ओर बैंकिंग Banking towards 'Viksit' Bharat	2.ग्राहक सेवा में उत्कृष्टता Excellence in customer service
3.नए जमाने की तकनीक और अन्य उन्नत क्षमताओं को अपनाना Adoption of new-age technology and other advanced capabilities	4.प्रभावी जोखिम/धोखाधड़ी प्रबंधन, संग्रहण और वसूली Effective risk/ fraud Management, collections and recovery
5.उभरती बैंकिंग प्राथमिकताओं के लिए कर्मचारियों को विकसित करना Developing employees for emerging banking priorities	

III. ईएएसई 7.0 की पहली और दूसरी तिमाही में, बैंक ऑफ महाराष्ट्र 8वें स्थान पर था, जो मार्च 2024 के 7वें स्थान से थोड़ा नीचे था। वित्तीय वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही के परिणाम को 17/03/2025 को संचालन समिति की बैठक में अनुमोदित किया गया, जिसमें रैंकिंग 8वें से सुधरकर 7वें स्थान पर आ गई है। बैंक शीर्ष सुधारकर्ता के रूप में उभरा, जिसने तिमाही-दर-तिमाही आधार पर 68.5 अंक (क्यू3 बनाम क्यू 2) प्राप्त किए, और बेसलाइन तुलना यानी; मार्च 2024 बनाम दिसंबर 2024 के आधार पर शीर्ष तीन सुधारकर्ताओं में स्थान प्राप्त किया।

विस्तृत परिणाम निम्नानुसार हैं:

III. In the first and second quarters of EASE 7.0, Bank of Maharashtra was ranked 8th, a slight drop from its 7th position in March 2024. The result of Q3, FY 2024-25, was approved in the Steering Committee Meeting on 17/03/2025, showed an improvement in ranking from 8th to 7th. The Bank emerged as the top improver, gaining 68.5 marks (Q3 Vs Q2) quarter-on-quarter basis, and ranked among the top three improver i.e. March 2024 vs December 2024 based on baseline comparison.

Detailed Results is as below:

बैंक की स्थिति **Position of the Bank**	**दिनांक को - As on**		
	30.09.2024 **Q2 FY 24-25**	**31.12.2024** **Q3 FY 24-25**	**सुधार** **Improvement**
कुल प्राप्त अंक Total marks obtained	47.0	68.5	68.30%
12 बैंकों में से बैंक की स्थिति Position of Bank out of 12 Banks	8th	7th	1

20 प्रौद्योगिकी पहल

20.1 प्रक्रिया केंद्रित पहल:

बैंक ने अपने सीबीएस हार्डवेयर और कोर नेटवर्क को उच्च-स्तरीय उपकरणों से अपग्रेड किया है। इस रिफ्रेश हार्डवेयर ने संव्यवहारों की प्रोसेसिंग गति में बहुत सुधार किया है, समग्र प्रणाली दक्षता को बेहतर किया है तथा विश्वसनीयता और मापनीयता दोनों को बढ़ाया है, जिससे बड़ी संख्या में संव्यवहारों और ग्रोथ पीरियड्स के दौरान भी निर्बाध शाखा परिचालन सुनिश्चित हुआ है।

बैंक ने आपदा रिकवरी पूर्व अभ्यासों को स्वचालित करने के लिए डीआर ऑटोमेशन टूल को सफलतापूर्वक स्थापित किया है, जिससे मैनुअल हस्तक्षेप कम हुआ है, रिकवरी समय में सुधार हुआ है, और मजबूत परिचालन अनुकूलन सुनिश्चित हुआ है।

बैंक ने एपीआई प्रबंधन के लिए एपीजी प्लेटफॉर्म को सफलतापूर्वक लागू किया है जो आंतरिक और बाहरी एपीआई के लिए एपीआई एकीकरण के अनुपालन, सुरक्षा और अभिशासन को बढ़ाएगा।

बैंक ने मोबाइल बैंकिंग, इंटरनेट बैंकिंग, सीबीएस, यूपीआई और एईपीएस के अलावा ईएफटी स्विच में भी ईएफआरएमएस एकीकरण को शामिल किया है। इससे सभी डिजिटल चैनलों पर वास्तविक समय में धोखाधड़ी की निगरानी सुनिश्चित होती है, जिससे सुरक्षा और ग्राहक विश्वास मजबूत बनता है।

बैंक ने O365 ई-मेल समाधान लागू किया है जो उपयोगकर्ता के अनुकूल है और सभी ई-मेल क्लाइंट के साथ आसानी से काम करता है, जहाँ बैंक कर्मचारी कार्यालय में एक ही समय में पाँच अलग-अलग डिवाइस पर साइन-इन कर सकते हैं। इसमें एडवांस थ्रेट प्रोटेक्शन और एडवांस फ़िशिंग प्रोटेक्शन मौजूद है।

बैंक ने नए उपकरणों के साथ एप्लीकेशन सेंट्रिक इंटरफेस (एसीआई) कंट्रोलर, एसीआई लीफ और एफईएक्स स्विचेस को शामिल किया है, जो बेहतर प्रदर्शन,अतिरिक्त सुरक्षा, बेहतर स्केलेबिलिटी, कम डाउनटाइम, कम रखरखाव और बेहतर अनुपालन सुविधा युक्त है।

बैंक ने व्यवसाय प्रतिनिधियों वाले केंद्रों में ऑफ-अस और ऑन-अस कैश डिपॉजिट सुविधा सफलतापूर्वक उपलब्ध कराई है। इसके अतिरिक्त, वित्तीय समावेशन गेटवे के अंतर्गत कई अन्य सेवाएँ भी स्थापित की गई हैं।

20.2 ग्राहकों की सुविधा के लिए सीधे प्रसंस्करण (एसटीपी) यात्राएँ:

कई ग्राहक-केंद्रित स्ट्रेट थ्रू प्रोसेसिंग (एसटीपी) यात्राएँ कार्यान्वित की गई हैं, जिससे तेज़ और अधिक कुशल लेनदेन संभव हो सके। इनमें निम्नलिखित शामिल हैं:

I. **कार्यशील पूंजी का स्वतः नवीनीकरण:** ₹10 लाख तक के कार्यशील पूंजी ऋणों का इलेक्ट्रॉनिक रूप से स्वतः नवीनीकरण, जिससे शाखा में जाने की आवश्यकता नहीं पड़ती है।

II. **मुद्रा सीसी ऋण योजना:** बैंक मुद्रा सीसी ऋण योजना के लिए एक सुव्यवस्थित ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया की सुविधा प्रदान करता है।

20 Technology Initiatives

20.1 Process Centric Initiatives

Bank has upgraded its CBS hardware and core network with high-end equipment. This hardware refresh has greatly improved transaction processing speed, enhanced overall system efficiency, and increased both reliability and scalability, ensuring seamless branch operations even during peak loads and growth periods

Bank has successfully deployed the DR Automation Tool to automate disaster recovery drills reducing manual intervention, improved recovery time, and ensures robust operational resilience.

Bank has successfully implemented Apigee platform for API management which will enhance compliance, security, and governance of API integrations for internal & external APIs

Bank has extended EFRMS integration to EFT Switch, in addition to Mobile Banking, Internet Banking, CBS, UPI, and AePS. This ensures real-time fraud monitoring across all digital channels, enhancing security and customer trust.

Bank has implemented O365 email solution which is user friendly and work smoothly with all email clients where in bank staff can sign into the office on five different devices at the same time. This comes with Advance Threat Protection, and advance Phishing protection.

Bank has undergone, Application Centric Interface (ACI) Controllers, ACI Leaf and Fex Switches with new devices which comes with improved performance, enhanced security, better scalability, reduced downtime, lower maintenance and improved compliance.

Bank has successfully deployed Offus and Onus Cash deposit at Business Correspondent locations. In addition, many other services are deployed under Financial Inclusion Gateway.

20.2 Straight-Through Processing (STP) Journeys for Customer Convenience:

Several customer centric Straight Through Processing (STP) journeys have been implemented, allowing for faster and more efficient transactions. These include:

I. **Working Capital Auto Renewal:** Auto renewal of working capital loans up to ₹10 lakh electronically, eliminating the need for branch visits.

II. **Mudra CC Loan Scheme:** The Bank offers a streamlined online application process for the Mudra CC loan scheme.

III. **ऑनलाइन खाता खोलना :** वीडियो केवाईसी के माध्यम से ऑनलाइन बचत खाता खोलना: बैंक ने अपने सुरक्षित और पूरी तरह से अनुपालित वीडियो केवाईसी प्लेटफॉर्म के माध्यम से 35,000 से अधिक बचत खाते खोलने में सफलता प्राप्त की है, इस प्रकार ग्राहकों को भौतिक दस्तावेज प्रस्तुत की आवश्यकता के बिना दूर से ही खाते खोलने में सक्षम बनाया गया है।

ग्राहकों की सुविधा बढ़ाने और ऑनबोर्डिंग प्रक्रिया को स्ट्रीमलाइन करने के लिए, बैंक ने अपनी सेवाओं का विस्तार करते हुए रविवार और छुट्टियों के दिनों में भी बचत खाते खोलने की सुविधा प्रदान की है। 31 मार्च, 2025 तक इन अतिरिक्त दिनों में 1,400 से ज़्यादा खाते खोले जा चुके हैं।

वर्तमान में, बैंक पांच अलग-अलग प्रकार के बचत खाते की सुविधा प्रदान करता है जिन्हें वीडियो केवाईसी प्रक्रिया के माध्यम से खोला जा सकता है, जिससे ग्राहकों के लिए बैंकिंग सेवाओं की पहुंच और अनुकूलता में वृद्धि हुई है।

IV. **मोबाइल बैंकिंग और इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से ईएफडी आरडी:** ग्राहक मोबाइल बैंकिंग और इंटरनेट बैंकिंग एप्लिकेशन के माध्यम से आसानी से सावधि जमा (एफडी) और आवर्ती जमा (आरडी) खातों में निवेश कर सकते हैं। इस डिजिटल चैनल ने 31 मार्च 2025 तक ₹770 करोड़ से अधिक राशि संग्रहीत की है।

V. **डिजिटल स्वर्ण ऋण जर्नी:** बैंक ने ग्राहकों को ₹10 लाख तक के ऋण का लाभ उठाने के लिए स्वर्ण ऋण डिजिटल जर्नी की शुरुआत की है, जिसमें मूल्यांकनकर्ता के साथ अपॉइंटमेंट बुक करने का विकल्प है, इससे शाखा में ऋण प्रक्रिया में तेजी और अधिक कुशलता सुनिश्चित हुई है।

VI. **ई-जीएसटी क्रेडिट योजना:** बैंक ने व्यवसाय मालिकों के लिए ₹10 लाख से ₹25 लाख तक के जीएसटी-आधारित ऋण के लिए आवेदन करने की डिजिटल जर्नी कार्यान्वित की है, जिससे न्यूनतम कागजी कार्रवाई के साथ कार्यशील पूंजी तक पहुंच आसान हो गई है।

VII. **डिजिटल कार ऋण:** ग्राहक ₹10 लाख तक के कार ऋण के लिए डिजिटल रूप से आवेदन कर सकते हैं, जिससे मैनुअल हस्तक्षेप खत्म हो गया है, साथ ही, त्वरित ऋण स्वीकृति के लिए डीलर भी उनकी ओर से आवेदन कर सकते हैं।

VIII. **पीएम विश्वकर्मा योजना:** बैंक ने 18 ट्रेडों में कारीगरों और शिल्पकारों को कौशल प्रशिक्षण, वित्तीय सहायता, डिजिटल प्रोत्साहन और विपणन सहायता प्रदान करने की सरकारी पहल के लिए स्ट्रेट थ्रू प्रोसेस (एसटीपी) डिजिटल ऋण लागू किया है।

बैंक निरंतर नवाचार और अपने उत्पाद पोर्टफोलियो के विस्तार हेतु समर्पित है ताकि ग्राहकों की ज़रूरतों को बेहतर ढंग से पूरा किया जा सके। डिजिटल कॉर्पोरेट वेतन खाता खोलना, अर्जित वेतन अग्रिम, एटीएल डेयरी ऋण और किसान तत्काल जैसे नए प्रस्तावों की श्रृंखला, सुविधा को बेहतर करने और हमारे ग्राहकों की बदलती वित्तीय ज़रूरतों को पूरा करने के लिए डिज़ाइन की गई है।

III. **Online Account Opening:** Online Savings Account Opening via Video KYC: The Bank has successfully facilitated the opening of over 35,000 savings accounts through its secure and fully compliant Video KYC platform, enabling customers to open accounts remotely without the need for physical documentation.

To enhance customer convenience and streamline the onboarding process, the Bank extended its services to include savings account openings on Sundays and Holidays. As of March 31, 2025, more than 1,400 accounts have been opened on these additional days.

Currently, the Bank offers five distinct types of savings accounts that can be opened through the Video KYC process, further expanding access and flexibility for customers.

IV. **eFD RD through Mobile Banking & Internet Banking:** Customers can invest in fixed deposit (FD) and recurring deposit (RD) accounts conveniently through mobile banking and internet banking applications. This digital channel has mobilized over ₹770 Crore as on 31st March 2025.

V. **Digital Gold Loan Journey:** Bank has introduced Gold Loan Digital Journey for customers to avail loans up to ₹10 lakh with an option to book an appointment with an appraiser, ensuring a quicker and more efficient in-branch loan process.

VI. **e-GST Credit Scheme:** Bank has implemented digital journey for business owners to apply for GST-based loans ranging from ₹10 lakh to ₹25 lakh, simplifying access to working capital with minimal paperwork.

VII. **Digital Car Loan:** Customers can apply for car loans up to ₹10 lakh digitally, eliminating manual intervention, with dealers also able to apply on their behalf for faster loan approval.

VIII. **PM Vishwakarma Scheme:** Bank has implemented a Straight Through Process (STP) digital loan for a government initiative to support artisans and craftspeople in 18 trades, providing skill training, financial aid, digital incentives, and marketing support.

The Bank is dedicated to continuous innovation and expanding its product portfolio to better meet the needs of our customers. Our robust pipeline of new offerings, such as Digital Corporate Salary Account Opening, Earned Salary Advance, ATL Dairy Loan, and Kisan Tatkal, is designed to enhance convenience and address the evolving financial requirements

20.3 एटीएम इंफ्रास्ट्रक्चर का आधुनिकीकरण:

बेहत्तर पहुँच: पहुँच और सुविधा बढ़ाने के लिए, हमने अपने एटीएम नेटवर्क को नवीनतम तकनीक के साथ अपग्रेड किया है। इसमें दिव्यांगों के अनुकूल सुविधायुक्त एटीएम और कैश रिसाइकलर, साथ ही सेल्फ़-अपडेट पासबुक शामिल हैं। प्रमुख स्थानों पर कियोस्क और मल्टीफ़ंक्शन कियोस्क स्थापित किए गए हैं।

20.3 Modernizing ATM Infrastructure:

Enhanced Accessibility: To enhance accessibility and convenience, we have upgraded our ATM network with the latest technology. This includes ATMs and Cash Recyclers equipped with disability-friendly features, along with Self-update Passbook Kiosks and Multifunction Kiosks deployed at strategic locations.

वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान, हमने 500 से अधिक नए एटीएम और कैश रिसाइक्लर स्थापित किए, जिससे हमारे नेटवर्क का काफी विस्तार हुआ और नकद निकासी, जमा जैसी आवश्यक बैंकिंग सेवाओं तक पहुँच में सुधार हुआ।

20.4 दक्षता का अनुकूलन:

I. एटीएम इंफ्रास्ट्रक्चर से संबंधित: वित्तीय वर्ष 2024-25 में, हमने सभी नई खोली गई शाखाओं में उनके शुभारंभ से ही कैश रिसाइक्लर मशीनें उपलब्ध करके परिचालन दक्षता में महत्वपूर्ण उपलब्धि प्राप्त की है। ग्राहकों को शुरू से ही निर्बाध नकद जमा और निकासी सेवाओं के लिए इन मशीनों के उपयोग की जानकारी दी गई थी। इस सक्रिय दृष्टिकोण के कारण एटीएम/ रिसाइकलर के उपयोग में पर्याप्त वृद्धि हुई, नकद निकासी के लिए 60% ग्राहकों की यह पहली पसंद है और 20% नकद जमा के लिए इन मशीनों उपयोग करते हैं।

II. समग्र प्रक्रिया से संबंधित:

i. बैंक ने अपने सीबीएस हार्डवेयर और कोर नेटवर्क को उच्च-स्तरीय उपकरणों से अपग्रेड किया है। इस हार्डवेयर रिफ्रेश ने लेन-देन प्रसंस्करण गति में बहुत सुधार किया है, समग्र प्रणाली दक्षता के साथ-साथ विश्वसनीयता और मापनीयता दोनों को बढ़ाया है, जिससे पीक लोड और विकास अवधि के दौरान भी शाखा का निर्बाध संचालन सुनिश्चित हुआ है। बैंक ने आपदा रिकवरी अभ्यासों को स्वचालित करने के लिए डीआर ऑटोमेशन टूल को सफलतापूर्वक स्थापित किया है, जिससे मैनुअल हस्तक्षेप कम हुआ है, रिकवरी का समय बेहतर हुआ है और मजबूत परिचालन लचीलापन सुनिश्चित हुआ है।

ii. बैंक ने ऑफिस 365 ईमेल समाधान कार्यान्वित किया है, जो उपयोगकर्ता के अनुकूल है और सभी ईमेल क्लाइंट के साथ आसानी से काम करता है, इसमें बैंक कर्मचारी कार्यालय में एक ही समय में पाँच अलग-अलग डिवाइस पर साइन इन कर सकते हैं। यह एडवांस थ्रेट प्रोटेक्शन और एडवांस फ़िशिंग प्रोटेक्शन के साथ आता है।

iii. बैंक ने नए उपकरणों के साथ एप्लिकेशन सेंट्रिक इंटरफ़ेस (एसीआई) कंट्रोलर, एसीआई लीफ और एफईएक्स स्विच को अपनाया है जो बेहतर कार्यनिष्पादन, संवर्धित सुरक्षा, बेहतर मापनीयता, कम डाउनटाइम, कम रखरखाव और बेहतर अनुपालन के साथ आता है।

iv. बैंक ने व्यवसाय प्रतिनिधि स्थलों पर ऑफ़स और ऑनस कैश डिपॉज़िट को सफलतापूर्वक स्थापित किया है। इसके अलावा, वित्तीय समावेशन गेटवे के अंतर्गत अन्य सेवाएँ नियोजित की गई हैं।

20.5 समग्र बैंकिंग प्लेटफ़ॉर्म की परिकल्पना:

- एकीकृत ग्राहक अनुभव: बैंक ने लाइफ़स्टाइल बैंकिंग एप्लिकेशन विकसित की है जो दैनिक जीवन को बेहतर बनाने के लिए वित्तीय सेवाओं के साथ जोड़ता है। इसकी सहायता से यह उपयोगकर्ताओं खातों का प्रबंधन करने, खर्चों को ट्रैक करने और ऑनलाइन, इन-स्टोर या पीयर-टू-पीयर भुगतान कर सकते हैं।

During FY 2024-25, we installed over 500 new ATMs and Cash Recyclers, significantly expanding our network and improving access to essential banking services such as cash withdrawals, deposits, and more.

20.4 Optimizing Efficiency:

I. ATM Infrastructure related: In FY 2024-25, we achieved a milestone in operational efficiency by equipping all newly established branches with Cash Recycler Machines from their opening day. Customers were introduced to these machines for seamless cash deposit and withdrawal services right from the start. This proactive approach led to a substantial increase in ATM/Recycler usage, with 60% of customers preferring these machines for cash withdrawals and 20% utilizing them for cash deposits.

II. Overall Process related:

i. Bank has upgraded its CBS hardware and core network with high-end equipment. This hardware refresh has greatly improved transaction processing speed, enhanced overall system efficiency, and increased both reliability and scalability, ensuring seamless branch operations even during peak loads and growth periods. Bank has successfully deployed the DR Automation Tool to automate disaster recovery drills reducing manual intervention, improved recovery time, and ensures robust operational resilience.

ii. Bank has implemented Office 365 email solution which is user friendly and work smoothly with all email clients where in bank staff can sign into the office on five different devices at the same time. This comes with Advance Threat Protection, and advance Phishing protection.

iii. Bank has undergone, Application Centric Interface (ACI) Controllers, ACI Leaf and Fex Switches with new devices which comes with improved performance, enhanced security, better scalability, reduced downtime, lower maintenance and improved compliance.

iv. Bank has successfully deployed Offus and Onus Cash deposit at Business Correspondent locations. In addition, many other services are deployed under Financial Inclusion Gateway.

20.5 Envisioning a Holistic Banking Platform:

- Integrated Customer Experience: Bank has undertaken development of lifestyle banking application that combines financial services with features tailored to enhance daily life. It allows users to manage accounts, track expenses, and make seamless payments, whether online, in-store, or peer-to-peer.

20.6 फिनटेक भागीदारी का लाभ उठाना:

I. त्वरित डिजिटल परिवर्तन:

बैंक ने रणनीतिक रूप से 139 फिनटेक (वित्तीय प्रौद्योगिकी) कंपनियों को सूचीबद्ध किया है और विभिन्न तकनीकी पहलों के विकास के लिए 15+ फिनटेक के साथ कार्य जारी है।

20.7 वित्तीय वर्ष 2024-25 में डिजिटल बैंकिंग सेवाओं का विस्तार

i. **उन्नत डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म:** वित्तीय वर्ष 2024-25 में, हमने ग्राहक अनुभव को बढ़ाने के लिए अपने मोबाइल बैंकिंग (एमबी), इंटरनेट बैंकिंग (आईबी) और व्हाट्सएप बैंकिंग प्लेटफ़ॉर्म में नई विशेषताओं को जोड़कर अपग्रेड किया। मोबाइल बैंकिंग अब 30 अतिरिक्त सेवाएँ प्रदान करती है, इंटरनेट बैंकिंग को 6 नई सेवाओं से समृद्ध किया गया है, और व्हाट्सएप बैंकिंग में 19 नई सुविधाएं शामिल हैं, जो सहज और सुविधाजनक वित्तीय प्रबंधन को सक्षम बनाती हैं।

ii. **नवाचार यूपीआई समाधान:** बैंक ने वर्ष के दौरान अपने यूपीआई ऑफ़रिंग में अभूतपूर्व संवृद्धि का शुभारंभ किया है। ग्राहकों की सुविधा को सुव्यवस्थित करने के लिए पिन की आवश्यकता के बिना, कम-मूल्य वाले लेन-देन की सुविधा के लिए यूपीआई लाइट का शुभारंभ किया गया। इसके अलावा, इंटरऑपरेबल कार्डलेस कैश विड्रॉल (आईसीसीडब्ल्यू) सुविधा को एकीकृत किया गया, जिससे यूपीआई का उपयोग करके एटीएम से सुरक्षित और पिन-मुक्त नकदी निकासी की सुविधा मिली, जिससे पहुँच और सुरक्षा में वृद्धि हुई।

20.8 साइबर सुरक्षा

वित्तीय वर्ष 2024-25 में, बैंक ऑफ़ महाराष्ट्र ने अपने सिस्टम, डेटा और हितधारकों की सुरक्षा के लिए अपने साइबर सुरक्षा बुनियादी ढांचे के संवर्धन हेतु अटूट प्रतिबद्धता का परिचय दिया है। यह प्रतिबद्धता बढ़ते साइबर खतरों के विरुद्ध बैंक की सुरक्षा को मजबूत करने के उद्देश्य से किए गए विकास और पहलों की एक श्रृंखला से परिलक्षित होती है।

I. **साइबर सुरक्षा ढांचे को मजबूत करना:** बैंक ने 25 से अधिक उन्नत तकनीकों से युक्त एक व्यापक "सुरक्षा समाधान सुइट" स्थापित किया है। ये समाधान साइबर सुरक्षा के कई पहलुओं का निराकरण करते हैं, जिसमें प्रमाणीकरण, खतरे का पता लगाना और नेटवर्क सुरक्षा शामिल है, जो एक मजबूत रक्षा तंत्र सुनिश्चित करता है।

क. **प्रोजेक्ट कवच 2.0: साइबर सुदृढता में एक माइलस्टोन :** साइबर सुदृढता पहल के अंतर्गत, प्रोजेक्ट कवच 2.0 को 2024-25 में उभरती साइबर चुनौतियों से निपटने के लिए कार्यान्वित किया गया था। प्रमुख विशेषताओं में निम्नलिखित शामिल हैं:

20.6 HARNESSING FINTECH PARTNERSHIPS:

I. Accelerated Digital Transformation:

The Bank has strategically empaneled 139 FinTech (Financial Technology) companies and is working with 15+fintechs for development of various technological initiatives.

20.7 EXPANSION OF DIGITAL BANKING SERVICES IN FY 2024-25

I. Social Listening & Market Research: To continuously refine our strategies, we actively utilize social media listening tools. These tools provide valuable data on audience engagement, brand sentiment, and competitor activity, allowing us to adapt and improve our marketing efforts.

II. Bank through its defined social media strategy and engaging content have a follower base of more than 65 lakh across all social media platforms (Facebook, X, LinkedIn, Instagram & Youtube) taken together.

25.4 Building Trust Through Public Relations:

I. Community Engagement: We actively participate in sponsorships, CSR (Corporate Social Responsibility) activities, and charitable initiatives. These efforts not only demonstrate our commitment to social good but also help build strong public relations and reinforce our positive brand identity.

25.5 Looking Forward:

Bank is taking progressive efforts for embracing digital transformation while maintaining a strong focus on personalized customer engagement. By leveraging advanced data analytics, Bank understands customer behavior, tailor marketing strategies, and launching targeted campaigns that resonate with diverse audience segments.

26 नागरिक चार्टर

बैंक ने 2000-01 से नागरिक चार्टर को अपनाया है, जो अपने ग्राहक के प्रति बैंक के कर्तव्यों और जिम्मेदारियों की जनकारी प्रदान करता है। चार्टर को सभी शाखाओं और बैंक की वेबसाइट पर प्रदर्शित किया गया है।

26 Citizen's Charter

The Bank has adopted the Citizen's Charter since 2000-01, which details the duties and responsibilities of the Bank towards its customer. The charter is displayed at all the branches and Bank's website.

27 बैंक ऑफ महाराष्ट्र में कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व - बेहतर कल का निर्माण:

बैंक ऑफ महाराष्ट्र अपनी कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी (सीएसआर) के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है, जो समाजिक कार्यों और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए निरंतर प्रयासरत है। बैंक सक्रिय रूप से उन पहलों में शामिल है जो शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, खेल और महिला सशक्तिकरण, पर्यावरणीय स्थिरता एवं सामुदायिक विकास को बढ़ावा देती हैं। सामाजिक कल्याण के व्यापक लक्ष्यों के साथ अपने सीएसआर प्रयासों को जोड़कर, समाज के वंचित वर्गों का उत्थान करना और समावेशी विकास को बढ़ावा देना इसका उद्देश्य है। बैंक ऑफ महाराष्ट्र वित्तीय साक्षरता कार्यक्रमों, ग्रामीण विकास परियोजनाओं या वन्यजीव संरक्षण के माध्यम से एक सामाजिक रूप से जागरूक और संवेदनशील संस्थान के रूप में अपनी जिम्मेदारी को निभाते हुए अपने समुदायों के कल्याण के लिए समर्पित है।

27.1 फोकस क्षेत्र:

हमारी सीएसआर गतिविधियाँ कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों को लक्षित करती हैं, जिनका लक्ष्य वंचितों के जीवन में एक मापनीय अंतर पैदा करना है:

I. **स्वास्थ्य सेवा:** हम एम्बुलेंस, डायलिसिस मशीन, नेत्र जांच शिविर और विभिन्न स्वास्थ्य मुद्दों पर जागरूकता अभियानों के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करके आवश्यक चिकित्सा सेवाओं में सहयोग करते हैं।

II. **शिक्षा:** हम स्कूलों में प्रवेश, छात्रवृत्ति और बुनियादी ढांचे के उन्नयन को प्रायोजित करके वंचित बच्चों के लिए शैक्षिक अवसरों को बढ़ावा देते हैं।

III. **खेल और कौशल विकास:** खेल मानव गतिविधियों के लिए प्रमुख क्षेत्रों में से एक है जो युवाओं को देश के लिए ख्याति प्राप्त करने हेतु सक्षम बनाता है। हाल के वर्षों में बैंक अंतर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न पुरस्कार, प्रोत्साहन, पदक और स्मृति चिन्ह प्राप्त करने में भारतीय खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करता है। यह हमारे संरक्षकों के लिए हमारे ब्रांड मूल्य को बढ़ावा देने का सबसे प्रभावशाली माध्यम है। तदनुसार वि. व. 2024-25 में बैंक ने 12 प्रतिभाशाली वॉलीबॉल महिला खिलाडियों की भर्ती की है।

IV. **महिला सशक्तिकरण:** हम स्वरोजगार के लिए प्रशिक्षण प्रदान करने, महिला उद्यमियों का सहयोग करने और संसाधनों तक पहुँच को सुगम बनाने वाली पहलों के माध्यम से महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देते हैं।

V. **स्वच्छता:** हम सैनिटरी पैड वेंडिंग मशीनों और कचरा संग्रहण पॉइंट के लिए सौंदर्यीकरण परियोजनाओं को प्रायोजित करके बेहतर स्वच्छता में योगदान देते हैं।

VI. **पर्यावरण:** हम वृक्षारोपण अभियान और सौर ऊर्जा ग्रिड प्रणालियों की स्थापना के माध्यम से पर्यावरणीय स्थिरता का सक्रिय रूप से समर्थन करते हैं।

27 Corporate Social Responsibility (CSR) at Bank of Maharashtra – Creating a better tomorrow:

Bank of Maharashtra is deeply committed to its Corporate Social Responsibility (CSR), consistently striving to give back to society and contribute to nation-building. The bank actively engages in initiatives that support education, healthcare, promoting sports and women empowerment, environmental sustainability, and community development. By aligning its CSR efforts with the broader goals of social welfare, it aims to uplift underprivileged sections of society and promote inclusive growth. Whether it is through financial literacy programs, rural development projects, or wildlife conservation, Bank of Maharashtra continues to uphold its responsibility as a socially conscious and compassionate institution dedicated to the well-being of the communities it serves.

27.1 Focus Areas:

Our CSR activities target a range of critical areas, aiming to create a measurable difference in the lives of the underprivileged:

I. **Healthcare:** We support essential medical services by providing financial assistance for ambulances, dialysis machines, eye checkup camps, and awareness campaigns on various health issues.

II. **Education:** We promote educational opportunities for underprivileged children by sponsoring admissions, scholarships, and infrastructure upgrades in schools.

III. **Sports & Skill Development:** Sports is one of the eminent areas for human activities which enables youth to become face for the nation. The bank admires excellent performances of Indian Sportspersons in achieving different awards, accolades, medals, and souvenirs at the International as well as National level in the recent years. It is the most influential medium for promoting our brand value to our patrons. Accordingly, Bank has recruited 12 Meritorious Volleyball Sportswomen in the FY 2024-25.

IV. **Women Empowerment:** We champion women's empowerment through initiatives that provide training for self-employment, support women entrepreneurs, and facilitate access to resources.

V. **Sanitation:** We contribute to improved sanitation by sponsoring sanitary pad vending machines and beautification projects for garbage collection points.

VI. **Environment:** We actively support environmental sustainability through tree plantation drives and installation of solar power grid systems.

VII. **वन्यजीव संरक्षण:** बैंक लुप्तप्राय प्रजातियों और प्राकृतिक आवासों की रक्षा के लिए पर्यावरण संगठनों के साथ साझेदारी करता है। बैंक ने रणथंभौर राष्ट्रीय उद्यान को चिकित्सा उपकरणों के साथ एक पशु एम्बुलेंस प्रदान की है। साथ ही, बैंक द्वारा केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान (पूर्व में भरतपुर पक्षी अभ्यारण्य), भरतपुर को इलेक्ट्रिक गाड़ियाँ प्रदान की गईं।

VIII. **अनुसंधान और विकास परियोजनाएँ:** इनक्यूबेटरों को योगदान, गुजरात फाउंडेशन फॉर एंटरप्रेन्योरियल एक्सीलेंस को अंतर्राष्ट्रीय उद्यमिता और प्रौद्योगिकी केंद्र (आईक्रिएट) कॉर्पस फंड में योगदान के माध्यम से उनकी उद्यमशीलता की यात्रा में सहयोग करना।

27.2 प्रमुख पहल:

I. वित्तीय सहायता: हमने एम्बुलेंस, चिकित्सा उपकरण स्थापना, इलेक्ट्रिक कार्ट, शैक्षिक छात्रवृत्ति और कौशल विकास कार्यक्रमों सहित विभिन्न परियोजनाओं के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की है।

II. महिलाओं को सशक्त बनाना: हमने प्रशिक्षण कार्यक्रमों, प्रदर्शनियों के लिए प्रायोजन और उद्यमिता को बढ़ावा देने वाले कार्यक्रमों के माध्यम से महिलाओं के स्वरोजगार का समर्थन किया है।

III. एमएसएमई सहायता: हमने महिला उद्यमियों के लिए विशेष रूप से डिज़ाइन की गई प्रदर्शनियों और सम्मेलनों को प्रायोजित करके सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के विकास को सुविधाजनक बनाया है।

27.3 भविष्य की ओर:

बैंक ऑफ महाराष्ट्र बैंकिंग से इतर सकारात्मक बदलाव लाने में अपनी भूमिका को पहचानते हुए अपनी सामाजिक जिम्मेदारी के लिए दृढ़ प्रतिबद्ध है। समाज के लिए अपना योगदान देने में दृढ़ विश्वास के साथ, बैंक ऑफ महाराष्ट्र सामाजिक रूप से जागरूक और संवेदनशील संस्थान के रूप में अपनी जिम्मेदारी को निभाते हुए अपने समुदायों के कल्याण के लिए समर्पित है।

VII. **Wildlife Conservation:** The Bank partners with environmental organizations to protect endangered species and natural habitats. Bank has provided an Animal Ambulance with medical equipment to Ranthambore National Park. Also, Electric Carts were provided to Keoladeo National Park (erstwhile Bharatpur Bird Sanctuary), Bharatpur.

VIII. **Research & Development projects:** Contribution to incubators, supporting their entrepreneurial journey through contributions to International Centre for Entrepreneurship and Technology (iCreate) corpus fund to Gujarat Foundation for Entrepreneurial Excellence.

27.2 Key Initiatives:

I. Financial Assistance: We have provided financial aid for various projects, including ambulances, medical equipment installations, electric carts, educational scholarships, and skill development programs.

II. Empowering Women: We have supported women's self-employment through training programs, sponsorships for exhibitions, and events promoting entrepreneurship.

III. MSME Support: We have facilitated the growth of Micro, Small, and Medium Enterprises (MSMEs) by sponsoring exhibitions and conferences specifically designed for women entrepreneurs.

27.3 Looking Ahead:

Bank of Maharashtra is firmly committed to its social responsibility, recognizing its role in driving positive change beyond banking. With a strong belief in giving back to society, Bank of Maharashtra continues to integrate social responsibility into its core values, reinforcing its identity as a responsible and compassionate corporate citizen.

28 हिंदी को प्रोत्साहित करना: बैंक ऑफ महाराष्ट्र में राजभाषा कार्यान्वयन

वर्ष 2024-25 के दौरान, बैंक ने राजभाषा कार्यान्वयन के क्षेत्र में विभिन्न उल्लेखनीय उपलब्धियाँ प्राप्त की हैं:

28.1 हिंदी भाषा के प्रोत्साहन में उत्कृष्टता की ओर:

I. बैंक को राजभाषा हिंदी के बेहतर कार्यान्वयन के लिए गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा राजभाषा के लिए दिया जाने वाला सर्वोच्च पुरस्कार "राजभाषा कीर्ति पुरस्कार" से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार 14 सितंबर, 2024 को भारत मंडपम, नई दिल्ली में आयोजित एक भव्य समारोह में "सर्वश्रेष्ठ गृह पत्रिका" श्रेणी में दिया गया।

28 Championing Hindi: Official Language Implementation at Bank of Maharashtra

During the year 2024-25, the Bank has achieved various remarkable achievements in the field of Official Language implementation:

28.1 Path of Excellence in promoting Hindi Language:

I. Bank was awarded "Rajbhasha Kirti Puraskar" for better implementation of Rajbhasha Hindi, which is the highest award given by MHA, GoI for Rajbhasha. The award was given in "Best House Magazine" category in a grand function on 14th September, 2024, held at Bhart Mandapam, New Delhi.

II. बैंक को राजभाषा हिंदी के बेहतर कार्यान्वयन के लिए भारत सरकार, वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवाएं विभाग द्वारा "प्रथम पुरस्कार" से सम्मानित किया गया।

III. बैंक को वर्ष के दौरान हिंदी के प्रगामी प्रयोग के लिए मुंबई स्थित प्रतिष्ठित संस्थान 'आशीर्वाद' द्वारा "उत्कृष्ट राष्ट्रीयकृत बैंक", "श्रेष्ठ गृह पत्रिका" और "राजभाषा गौरव पुरस्कार" से सम्मानित किया गया।

II. Bank was awarded "First Prize" by Department of Financial Services, Finance Ministry, Govt. of India for better implementation of Rajbhasha Hindi.

III. Bank was awarded "Utkrisht Rashtriykrit Bank", "Shreshth Grih Patrika" and "Rajbhasha Gaurav Award" by the Mumbai based prestigious institution 'Aashirwad' for progressive use of Hindi during the year.

28.2 हिंदी की संस्कृति को प्रोत्साहित करना

I. अन्य बैंक द्वारा संयोजित नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (टॉलिक) ने हमारे भुवनेश्वर अंचल कार्यालय को राजभाषा के उत्कृष्ट कार्यान्वयन के लिए पुरस्कृत किया।

II. अन्य बैंकों द्वारा संयोजित विभिन्न नगर राजभाषा कार्यान्वयन समितियों (टॉलिक) ने हमारे लखनऊ अंचल की (वाराणसी और अयोध्या) शाखाओं और जयपुर अंचल की (अजमेर और जोधपुर) शाखाओं को राजभाषा के उत्कृष्ट कार्यान्वयन के लिए पुरस्कृत किया।

III. बैंक की त्रैमासिक गृह पत्रिका 'महाबैंक प्रगति' और ई-पत्रिका 'महाबैंक संवाद सरिता' नियमित रूप से प्रकाशित की जा रही है। एक नई पहल के रूप में, बैंक की ई-पत्रिका महाबैंक संवाद सरिता, बैंक के दृष्टिबाधित कर्मचारियों के लाभार्थ ब्रेल लिपि में भी प्रकाशित की जाती है।

IV. संसदीय राजभाषा समिति ने वित्तीय वर्ष के दौरान हमारे हैदराबाद अंचल कार्यालय, भिवाणी शाखा (गुरुग्राम अंचल), मुंबई दक्षिण अंचल कार्यालय और जयपुर अंचल कार्यालय का निरीक्षण किया। समिति ने इन कार्यालयों में राजभाषा हिंदी के कार्यान्वयन की सराहना की।

V. हमारा बैंक मुंबई, पुणे, सोलापुर, लातूर और जलगांव में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (टॉलिक) का संयोजक बैंक है। इन समितियों की बैठकें पूरे वर्ष नियमित रूप से आयोजित की गईं और समितियों की विभिन्न गतिविधियाँ पूरे वर्ष निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आयोजित की गईं।

28.2 Fostering a Culture of Hindi:

I. Town Official Language Implementation Committees (TOLIC) convened by other banks awarded our Bhubaneshwar Zonal Office for excellent implementation of Official Language.

II. Various Town Official Language Implementation Committees (TOLIC) convened by other banks awarded our branches of Lucknow Zone (Varanasi and Ayodhya) & Jaipur Zone (Ajmer and Jodhpur) for excellent implementation of Official Language.

III. Bank's E-Magazine 'Mahabank Samvad Sarita' and Quarterly House Magazine 'Mahabank Pragati' are being regularly published. As a new initiative, Mahabank Samvad Sarita in Braille script is also published for the benefit of visually challenged employees of the Bank.

IV. Parliamentary Committee on Official Language inspected our Hyderabad Zonal Office, Bhiwani Branch (Gurugram Zone), Mumbai South Zonal Office and Jaipur Zonal Office during the financial year. Committee expressed its satisfaction about the Implementation of Rajbhasha Hindi in these Offices.

V. Our bank is the convener Bank of Town Official Language Implementation Committee (TOLIC) in Mumbai, Pune, Solapur, Latur & Jalgaon. Meetings of these committees were held regularly during the year and various activities of the committees were organized throughout the year as per schedule.

28.3 हिंदी की सुगमता को बढ़ावा देना:

"वाट्सएप बैंकिंग" - वाट्सएप बैंकिंग सुविधा मराठी, तमिल, मलयालम और तेलुगु जैसी अन्य भारतीय भाषाओं के साथ-साथ द्विभाषी (हिंदी और अंग्रेजी) रूप में भी उपलब्ध है।

I. बैंक की सभी शाखाओं और कार्यालयों द्वारा हर महीने के तीसरे शनिवार को "हिंदी कार्य दिवस" (हिंदी कार्य दिवस) मनाया जाता है। इस दिन, सभी कर्मचारी अपना अधिकतम कार्य हिंदी में करते हैं।

II. ग्राहकों की सुविधा के लिए बैंक के नए मोबाइल बैंकिंग प्लेटफॉर्म महा-मोबाइल प्लस का हिंदी संस्करण उपलब्ध कराया गया है।

III. बैंक की वेबसाइट मराठी के साथ-साथ हिंदी और अंग्रेजी में भी उपलब्ध है।

28.3 Promoting Hindi Accessibility:

"WhatsApp Banking" - WhatsApp Banking facility is available in bilingual (Hindi and English) along with other Indian Languages such as: Marathi, Tamil, Malayalam and Telugu.

I. "Hindi Karya Diwas" (Hindi Working Day) is being observed by all the branches & offices of the Bank on the third Saturday of every month. All the staff are doing their maximum work in Hindi on this day.

II. Hindi version of Bank's new mobile banking platform Maha-Mobile Plus has been made available for the convenience of the customers.

III. Bank's website is available in bilingual (Hindi and English) along with Marathi.

IV सभी कर्मचारियों के उपयोग के लिए बैंक के इंट्रानेट पर "ऑनलाइन राजभाषा कोश" की सुविधा उपलब्ध कराई गई है।

29 सुरक्षित और संरक्षित बैंकिंग वातावरण सुनिश्चित करना: बैंक ऑफ महाराष्ट्र की पहल

29.1 बैंक ऑफ महाराष्ट्र में, हमारे ग्राहकों, कर्मचारियों के हितों और परिसंपत्तियों की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी के लिए सुरक्षित और कुशल बैंकिंग अनुभव सुनिश्चित करने हेतु कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों को समाहित करते हुए हमारी व्यापक सुरक्षा नीति डिज़ाइन की गई है।

I. बैंक संसाधनों की सुरक्षा: हमने नकदी, सोना, महत्वपूर्ण दस्तावेज़ और अन्य कीमती सामान सहित अपनी वित्तीय और भौतिक परिसंपत्तियों को सुरक्षित करने के लिए कड़े प्रोटोकॉल के साथ सुदृढ़ उपाय लागू किए हैं। ये उपाय सभी शाखाओं, प्रशासनिक कार्यालयों, मुद्रा तिजोरियों, डेटा केंद्रों और अन्य प्रमुख स्थानों पर लागू होते हैं। सुरक्षित नकदी प्रबंधन प्रक्रिया से लेकर उन्नत वॉल्ट सिस्टम तक, हम जोखिम को प्रभावी ढंग से न्यूनतम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

II. सुरक्षित बैंकिंग वातावरण को बढ़ावा देना: ग्राहकों के विश्वास को बनाए रखने के लिए एक सुरक्षित और सौहार्द्रपूर्ण वातावरण होना आवश्यक है। हमारा बैंक सुनिश्चित करता है कि ग्राहक, कर्मचारी और आगंतुक, बैंकिंग गतिविधियों का संचालन करते समय आश्वस्त अनुभव करें। हमारी यह प्रतिबद्धता बैंकिंग प्रक्रिया में शामिल सभी लोगों के मन की शांति और समग्र अनुभव को सुखद बनाती है।

III. आपात स्थितियों के लिए तैयारी : अप्रत्याशित परिस्थितियों के लिए तैयार रहना हमारी बैंकिंग नीति की प्राथमिकता है। वह कोई प्राकृतिक आपदा हो या कोई मानव निर्मित घटना, हमारी आपदा तैयारी पहलें सभी हितधारकों की सुरक्षा और बैंकिंग संचालन की निरंतरता को प्राथमिकता देती हैं।

29.2 सक्रिय उपायों के माध्यम से सुरक्षा संवर्धन

बैंक संभावित जोखिमों का लगातार विश्लेषण और शमन करके अपने संचालन की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। हमारे सक्रिय दृष्टिकोण में शामिल हैं:

I. संभावित खतरों से निपटने हेतु व्यापक इंटेलिजेंस : हम अपराध, बैंक डकैतियों के हथकंडों, सुरक्षा उल्लंघनों और आग की घटनाओं के रुझानों की सक्रिय निगरानी और विश्लेषण करते हैं। इससे हमें संभावित खतरों का अनुमान लगाने और उनका प्रभावी ढंग से सामना करने के उपायों को लागू करने में मदद मिलती है।

IV The facility of "Online Rajbhasha Kosh" is made available on bank's Intranet for the use of all employees.

29 Ensuring a Safe and Secure Banking Environment: Bank of Maharashtra's Initiatives:

29.1 At the Bank of Maharashtra, safeguarding the interests of our customers, employees, and assets is our top priority. Our comprehensive Security Policy is designed to address multiple critical areas, ensuring a safe and efficient banking experience for all.

I. Protecting Bank Resources: We have implemented robust measures with rigorous protocols to secure our financial and physical assets, including cash, gold, important documents, and other valuables. These measures span across all branches, administrative offices, currency chests, data centers, and other key locations. From secure cash handling practices to advanced vault systems, we are committed to minimizing risks effectively.

II. Promoting a Safe Banking Environment: Creating a secure and welcoming environment is essential to fostering trust. Our bank ensures that customers, staff, and visitors feel confident while conducting their banking activities. This commitment enhances the overall experience and peace of mind for everyone involved.

III. Preparing for Emergencies: Being ready for unforeseen circumstances is a cornerstone of our policy. Whether it's a natural calamity or a man-made incident, our disaster preparedness initiatives prioritize the safety of all stakeholders and the continuity of operations.

29.2 Enhancing Security Through Proactive Measures

Bank is committed to safeguarding its operations by continuously analyzing and mitigating potential risks. Our proactive approach includes:

I. Comprehensive Threat Intelligence: We actively monitor and analyze trends in crime, bank robbery tactics, security breaches, and fire incidents. This allows us to anticipate potential threats and implement measures to counteract them effectively.

II. हमारे कार्मिकों के लिए उन्नत प्रशिक्षण : हमारे सुरक्षा कर्मियों और बैंक कर्मचारियों को विभिन्न सुरक्षा हालातों को संभालने के लिए नियमित प्रशिक्षण दिया जाता है। ये प्रशिक्षण कार्यक्रम सुनिश्चित करते हैं कि किसी भी स्थिति से तुरंत और कुशलता से निपटने के लिए हमारे कर्मचारी समुचित कौशल और ज्ञान से परिपूर्ण हैं।

III. अभिनव एटीएम ई-निगरानी : सुरक्षा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता के अंतर्गत हमने अपने एटीएम नेटवर्क की सुरक्षा के लिए अत्याधुनिक ई-निगरानी प्रणाली लागू की है।

IV. एटीएम सुरक्षा में क्रांतिकारी बदलाव की कार्यप्रणाली (ई-निगरानी) : बैंक ने अपने ग्राहकों और संपत्तियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक उन्नत एटीएम ई-निगरानी प्रणाली शुरू की है। यह प्रणाली निम्नानुसार संचालित होती है:

क)24/7 कमांड सेंटर मॉनिटरिंग: एक केंद्रीकृत सुविधा जो अत्याधुनिक तकनीक का उपयोग करते हुए चौबीसों घंटे हमारे एटीएम की निगरानी करती है।

ख)एकीकृत सेंसर और निगरानी: मोशन डिटेक्टर, थर्मल सेंसर, हाई-डेफिनिशन सीसीटीवी कैमरे और दो-तरफ़ा ऑडियो सिस्टम व्यापक कवरेज प्रदान करते हैं।

ग)तत्काल प्रतिक्रिया प्रोटोकॉल: संदिग्ध गतिविधि पाए जाने पर घुसपैठियों को माइक द्वारा सीधे चेतावनी जारी की जाती है। साथ ही, स्थानीय अधिकारियों और बैंक अधिकारियों को अलर्ट भेजे जाते हैं, जिससे त्वरित कार्रवाई संभव होती है और बैंकिंग का सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित किया जाता है।

नवीनतम सुरक्षा उपायों और एक मजबूत सुरक्षा नीति को अपनाकर, बैंक एक सुरक्षित और विश्वसनीय बैंकिंग अनुभव प्रदान करने के लिए सदैव समर्पित है।

II. Advanced Training for Personnel: Our security personnel and bank staff receive regular training to handle various security scenarios. These programs ensure they are equipped with the skills and knowledge to respond promptly and efficiently in any situation.

III. Innovative ATM E-Surveillance: As part of our commitment to security, we have implemented a cutting-edge E-surveillance system to safeguard our ATM network.

IV. Functioning of Revolutionizing ATM Security (E-Surveillance): The Bank has introduced an advanced ATM E-surveillance system to ensure the safety of our customers and assets. The system operates through:

a)24/7 Command Center Monitoring: A centralized facility staffed round-the-clock monitors ATMs using state-of-the-art technology.

b)Integrated Sensors and Surveillance: Motion detectors, thermal sensors, high-definition CCTV cameras, and two-way audio systems provide comprehensive coverage.

c)Immediate Response Protocols: In case of suspicious activity, audible warnings are issued directly to intruders. Simultaneously, alerts are sent to local authorities and bank officials, enabling swift action and ensuring a secure environment.

By adopting innovative security measures and a robust Security Policy, the Bank remains dedicated to providing a safe and reliable banking experience.

30 निदेशकों और बोर्ड का कार्यनिष्पादन मूल्यांकन:

सेबी एलओडीआर, 2015 के विनियमन 25 के अनुसार, दिनांक 24.01.2025 की बैठक में निदेशक मंडल द्वारा स्वतंत्र निदेशकों के कार्यनिष्पादन का मूल्यांकन किया गया।

साथ ही, भारत सरकार द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों के आधार पर कार्यनिष्पादन मूल्यांकन हेतु बोर्ड की समिति द्वारा पूर्णकालिक निदेशकों के कार्यनिष्पादन का मूल्यांकन किया जाता है। इसके अलावा, निदेशक मंडल द्वारा वार्षिक आधार पर गैर-सरकारी निदेशकों/शेयरधारक निदेशकों का कार्यनिष्पादन मूल्यांकन किया जाता है।

30 Performance Evaluation of The Directors and The Board:

In terms of Regulation 25 of SEBI LODR, 2015, the performance of the Independent Directors were evaluated by the Board of Directors in the Meeting dated 24.01.2025.

Further, the performance evaluation of Whole Time Directors is carried out by Committee of Board for Performance Evaluation on the basis of guidelines prescribed by Government of India. Further, Performance of non-official Directors/ Shareholder Director is done by Board of Directors on annual basis.

31 वर्ष के दौरान स्वतंत्र निदेशकों द्वारा घोषणा:

बैंक के सभी स्वतंत्र निदेशकों ने यह पुष्टि करते हुए घोषणा प्रस्तुत की है कि वे सेबी (एलओडीआर) विनियम, 2015 के विनियम 25 के अंतर्गत प्रदत्त स्वतंत्रता के मानदंडों को पूरा करते हैं।

31 Declaration By Independent Directors During The Year:

All the Independent Directors of Bank have submitted the declaration confirming that they meet the criteria of independence as provided under Regulation 25 of SEBI (LODR) Regulations, 2015.

32 बोर्ड और इसकी उप-समितियाँ:

सेबी (एलओडीआर) विनियम, भारत सरकार /भारतीय रिजर्व बैंक के दिशा-निर्देशों के अनुसार गठित किए जाने वाले बोर्ड और इसकी उप-समितियों की संरचना और उनमें आयोजित बैठकों का उल्लेख कॉर्पोरेट गवर्नेंस रिपोर्ट में किया गया है।

32 Board And Its Sub-Committees:

The composition of the Board and its Sub-committees as required to be constituted as per the SEBI (LODR) Regulations, Government of India / Reserve Bank India Guidelines and the meetings held therein are mentioned in the Corporate Governance Report.

33 सेक्रेटेरियल लेखापरीक्षा:

सेबी (लिस्टिंग अनिवार्यताएं और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के विनियम 24ए और सेबी परिपत्र संख्या सीआईआर/सीएफडी/सीएमडी1/27/2019 दिनांक 08 फरवरी, 2019 के अनुसार, बैंक ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए बैंक की सचिवीय लेखा परीक्षा करने के लिए मेसर्स एस. आर. सिद्धेश्वर एंड कंपनी, प्रैक्टिसिंग कंपनी सेक्रेटरीज, पुणे को सचिवीय लेखा परीक्षक नियुक्त किया।

सचिवीय लेखा परीक्षा रिपोर्ट इस रिपोर्ट के साथ संलग्न है।

33 Secretarial Audit :

Pursuant to Regulation 24A of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 and SEBI Circular No. CIR/CFD/CMD1/27/2019 dated February 08, 2019, Bank had appointed M/s S. R. Siddheshwar & Co., Practicing Company Secretaries, Pune as a Secretarial Auditor to undertake Secretarial audit of Bank for the financial year 2024-25.

The Secretarial Audit Report is annexed to this Report.

लेखा परीक्षक की टिप्पणी Observation of Auditer	प्रबंधन का प्रत्युत्तर Management's reply
सेबी एलओडीआर विनियम, 2015 की अपेक्षानुसार बैंक के निदेशक मंडल में कोई स्वतंत्र महिला निदेशक नहीं है। There is no Independent Woman Director on the Board of the Bank as required by SEBI LODR Regulations, 2015.	बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अधिग्रहण और अंतरण) अधिनियम, 1970 के साथ पठित राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन और विविध प्रावधान) योजना, 1970 के अनुसार, बैंक के निदेशक मंडल में निदेशकों की नियुक्ति भारत सरकार द्वारा की जाती है, केवल उन शेयरधारक निदेशकों को छोड़कर, जिनका चुनाव बैंक की सार्वजनिक शेयरधारिता के अनुसार निदेशक मंडल में किया जाता है। बैंक के निदेशक मंडल में रिक्त पदों को भरने के लिए निदेशकों की नियुक्ति संबंधी अनुरोध पत्र मासिक आधार पर डीएफएस, एमओएफ, भारत सरकार को प्रेषित किया गया है। इसके अलावा, बैंक के निदेशक मंडल में रिक्तियों का उल्लेख करते हुए निदेशकों की स्थिति डीएफएस, एमओएफ, भारत सरकार को नियमित आधार पर प्रस्तुत की जाती है। In terms of the Banking Companies (Acquisition and Transfer of Undertakings) Act, 1970 read with the Nationalized Banks (Management and Miscellaneous Provisions) Scheme, 1970, the appointment of Directors on the Board of the Bank is done by Government of India except Shareholder Directors who are elected to the Board as per public shareholding of the Bank. Request for appointment of Directors on the Board of the Bank to fill the vacant positions has been taken up with DFS, MoF, GoI vide letters written on monthly basis. Further, position of Directors on the Bank's Board, highlighting the vacancies therein, is submitted to DFS, MoF, GoI on regular basis.
सेबी एलओडीआर विनियम, 2015 की अपेक्षानुसार स्वतंत्र निदेशकों की संख्या निदेशक मंडल के सदस्यों की कुल संख्या के 50% से कम थी। Number of Independent Directors was less than 50% of its total strength of Board members as required by SEBI LODR Regulations, 2015.	बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अधिग्रहण और अंतरण) अधिनियम, 1970 के साथ पठित राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन और विविध प्रावधान) योजना, 1970 के अनुसार, बैंक के निदेशक मंडल में निदेशकों की नियुक्ति भारत सरकार द्वारा की जाती है, केवल उन शेयरधारक निदेशकों को छोड़कर, जिनका चुनाव बैंक की सार्वजनिक शेयरधारिता के अनुसार निदेशक मंडल में किया जाता है।

	बैंक के निदेशक मंडल में रिक्त पदों को भरने के लिए निदेशकों की नियुक्ति संबंधी अनुरोध पत्र मासिक आधार पर डीएफएस, एमओएफ, भारत सरकार को प्रेषित किया गया है। इसके अलावा, बैंक के निदेशक मंडल में रिक्तियों का उल्लेख करते हुए निदेशकों की स्थिति, डीएफएस, एमओएफ, भारत सरकार को नियमित आधार पर प्रस्तुत की जाती है। In terms of the Banking Companies (Acquisition and Transfer of Undertakings) Act, 1970 read with the Nationalized Banks (Management and Miscellaneous Provisions) Scheme, 1970, the appointment of Directors on the Board of the Bank is done by Government of India except Shareholder Directors who are elected to the Board as per public shareholding of the Bank. Request for appointment of Directors on the Board of the Bank to fill the vacant positions has been taken up with DFS, MoF, GoI vide letters written on monthly basis. Further, position of Directors on the Bank's Board, highlighting the vacancies therein, is submitted to DFS, MoF, GoI on regular basis.
सेबी एलओडीआर विनियम, 2015 के विनियम 17(1ई) की अपेक्षानुसार निदेशकों की रिक्ति तीन महीने के भीतर नहीं भरी गई। Vacancy of directors is not filled within three months as per Regulation 17(1E) of SEBI LODR Regulations, 2015.	बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अधिग्रहण और अंतरण) अधिनियम, 1970 के साथ पठित राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन और विविध प्रावधान) योजना, 1970 के अनुसार, बैंक के निदेशक मंडल में निदेशकों की नियुक्ति भारत सरकार द्वारा की जाती है, केवल उन शेयरधारक निदेशकों को छोड़कर, जिनका चुनाव बैंक की सार्वजनिक शेयरधारिता के अनुसार निदेशक मंडल में किया जाता है। बैंक के निदेशक मंडल में रिक्त पदों को भरने के लिए निदेशकों की नियुक्ति संबंधी अनुरोध पत्र मासिक आधार पर डीएफएस, एमओएफ, भारत सरकार को प्रेषित किया गया है। इसके अलावा, बैंक के निदेशक मंडल में रिक्तियों का उल्लेख करते हुए निदेशकों की स्थिति, डीएफएस, एमओएफ, भारत सरकार को नियमित आधार पर प्रस्तुत की जाती है। In terms of the Banking Companies (Acquisition and Transfer of Undertakings) Act, 1970 read with the Nationalized Banks (Management and Miscellaneous Provisions) Scheme, 1970, the appointment of Directors on the Board of the Bank is done by Government of India except Shareholder Directors who are elected to the Board as per public shareholding of the Bank. Request for appointment of Directors on the Board of the Bank to fill the vacant positions has been taken up with DFS, MoF, GoI vide letters written on monthly basis. Further, position of Directors on the Bank's Board, highlighting the vacancies therein, is submitted to DFS, MoF, GoI on regular basis.
बैंक की लेखा परीक्षा समिति में न्यूनतम 3 सदस्य और दो तिहाई स्वतंत्र निदेशक सदस्य के रूप में शामिल नहीं थे, साथ ही इस समिति में 20.12.2024 से 31.03.2025 तक नियमित अध्यक्ष नहीं थे, जैसा कि सेबी (एलओडीआर) विनियम, 2015 की अपेक्षानुसार दो स्वतंत्र निदेशकों का कार्यकाल पूरा होने के कारण अपेक्षित है। The Audit Committee of the Bank was not comprises of minimum 3 members and 2/3rd of Independent Directors as its members as well as committee do not have regular chairperson from 20.12.2024 till 31.03.2025 as required by SEBI (LODR) Regulations, 2015 due to completion of tenure of two independent directors.	बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अधिग्रहण और अंतरण) अधिनियम, 1970 के साथ पठित राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन और विविध प्रावधान) योजना, 1970 के अनुसार, बैंक के निदेशक मंडल में निदेशकों की नियुक्ति भारत सरकार द्वारा की जाती है, केवल उन शेयरधारक निदेशकों को छोड़कर, जिनका चुनाव बैंक की सार्वजनिक शेयरधारिता के अनुसार निदेशक मंडल में किया जाता है। बैंक के निदेशक मंडल में रिक्त पदों को भरने के लिए निदेशकों की नियुक्ति संबंधी अनुरोध पत्र मासिक आधार पर डीएफएस, एमओएफ, भारत सरकार को प्रेषित किया गया है। इसके अलावा, बैंक के निदेशक मंडल में रिक्तियों का उल्लेख करते हुए निदेशकों की स्थिति, डीएफएस, एमओएफ, भारत सरकार को नियमित आधार पर प्रस्तुत की जाती है।

	In terms of the Banking Companies (Acquisition and Transfer of Undertakings) Act, 1970 read with the Nationalized Banks (Management and Miscellaneous Provisions) Scheme, 1970, the appointment of Directors on the Board of the Bank is done by Government of India except Shareholder Directors who are elected to the Board as per public shareholding of the Bank. Request for appointment of Directors on the Board of the Bank to fill the vacant positions has been taken up with DFS, MoF, GoI vide letters written on monthly basis. Further, position of Directors on the Bank's Board, highlighting the vacancies therein, is submitted to DFS, MoF, GoI on regular basis.
बैंक की नामांकन और पारिश्रमिक समिति में 20.12.2024 से 31.03.2025 तक न्यूनतम तीन गैर-कार्यकारी निदेशक और दो तिहाई स्वतंत्र निदेशकों को सदस्य के रूप में शामिल नहीं किया गया था, जैसा कि सेबी एलओडीआर विनियमन, 2015 की अपेक्षानुसार दो स्वतंत्र निदेशकों का कार्यकाल पूरा होने के कारण आवश्यक है। बैंक को वित्तीय वर्ष 2022-23 और 2023-24 में एनआरसी बैठक आयोजित न करने के लिए सेबी से एक प्रशासनिक चेतावनी पत्र भी मिला है। Nomination & Remuneration Committee of the Bank was not comprises of minimum three non-executive directors and 2/3rd of Independent Directors as its members from 20.12.2024 till 31.03.2025 as required by SEBI LODR Regulations, 2015 due to completion of tenure of two independent directors. The bank has also received an administrative warning letter from SEBI for non-conduct of NRC meeting in the FY 2022-23 & 2023-24.	में निदेशकों की नियुक्ति भारत सरकार द्वारा की जाती है, केवल उन शेयरधारक निदेशकों को छोड़कर, जिनका चुनाव बैंक की सार्वजनिक शेयरधारिता के अनुसार निदेशक मंडल में किया जाता है। बैंक के निदेशक मंडल में रिक्त पदों को भरने के लिए निदेशकों की नियुक्ति संबंधी अनुरोध पत्र मासिक आधार पर डीएफएस, एमओएफ, भारत सरकार को प्रेषित किया गया है। इसके अलावा, बैंक के निदेशक मंडल में रिक्तियों का उल्लेख करते हुए निदेशकों की स्थिति, डीएफएस, एमओएफ, भारत सरकार को नियमित आधार पर प्रस्तुत की जाती है। वित्तीय वर्ष 2022-23 और 2023-24 में एनआरसी बैठक आयोजित न करने के संबंध में, हम सूचित करना चाहते हैं कि बैंक ने इस संबंध में आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई आरंभ की है। बैंक ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में एनआरसी बैठक आयोजित की है। In terms of the Banking Companies (Acquisition and Transfer of Undertakings) Act, 1970 read with the Nationalized Banks (Management and Miscellaneous Provisions) Scheme, 1970, the appointment of Directors on the Board of the Bank is done by Government of India except Shareholder Directors who are elected to the Board as per public shareholding of the Bank. Request for appointment of Directors on the Board of the Bank to fill the vacant positions has been taken up with DFS, MoF, GoI vide letters written on monthly basis. Further, position of Directors on the Bank's Board, highlighting the vacancies therein, is submitted to DFS, MoF, GoI on regular basis. With regard to non-conduct of NRC meeting in the FY 2022-23 & 2023-24, we wish to inform that Bank has initiated necessary corrective actions in this regard. Bank has conducted NRC meeting in FY 2024-25.
दो स्वतंत्र निदेशकों का कार्यकाल पूरा होने के कारण बैंक की जोखिम प्रबंधन समिति में 20.12.2024 से 31.03.2025 तक कोई नियमित अध्यक्ष नहीं है, जैसा कि सेबी एलओडीआर विनियम, 2015 की अपेक्षानुसार अपेक्षित है। Risk Management Committee of the Bank does not have regular chairman from 20.12.2024 till 31.03.2025 as required by SEBI LODR Regulations, 2015 due to completion of tenure of two independent directors	बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अधिग्रहण और अंतरण) अधिनियम, 1970 के साथ पठित राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन और विविध प्रावधान) योजना, 1970 के अनुसार, बैंक के निदेशक मंडल में निदेशकों की नियुक्ति भारत सरकार द्वारा की जाती है, केवल उन शेयरधारक निदेशकों को छोड़कर, जिनका चुनाव बैंक की सार्वजनिक शेयरधारिता के अनुसार निदेशक मंडल में किया जाता है।

	बैंक के निदेशक मंडल में रिक्त पदों को भरने के लिए निदेशकों की नियुक्ति संबंधी अनुरोध पत्र मासिक आधार पर डीएफएस, एमओएफ, भारत सरकार को प्रेषित किया गया है। इसके अलावा, बैंक के निदेशक मंडल में रिक्तियों का उल्लेख करते हुए निदेशकों की स्थिति, डीएफएस, एमओएफ, भारत सरकार को नियमित आधार पर प्रस्तुत की जाती है। In terms of the Banking Companies (Acquisition and Transfer of Undertakings) Act, 1970 read with the Nationalized Banks (Management and Miscellaneous Provisions) Scheme, 1970, the appointment of Directors on the Board of the Bank is done by Government of India except Shareholder Directors who are elected to the Board as per public shareholding of the Bank. Request for appointment of Directors on the Board of the Bank to fill the vacant positions has been taken up with DFS, MoF, GoI vide letters written on monthly basis. Further, position of Directors on the Bank's Board, highlighting the vacancies therein, is submitted to DFS, MoF, GoI on regular basis.
राष्ट्रीय वित्तीय रिपोर्टिंग प्राधिकरण नियम, 2018 के नियम 3 के अनुसार प्रत्येक निकाय कॉर्पोरेट को कंपनी नहीं होने के कारण एनएफआरए-1 और एनएफआरए-2 फॉर्म दाखिल करना चाहिए, जिसका बैंक द्वारा अनुपालन नहीं किया गया है। As per the Rule 3 of National Financial Reporting Authority Rules, 2018 every Body Corporate not being a Company should file form NFRA-1 and NFRA-2 the same has not been complied by the Bank.	बैंक आवश्यक फॉर्म भरने की प्रक्रिया में है। The Bank is in the process of filing the necessary forms.
सेबी (लॉर्ड), 2015 (तृतीय संशोधन) विनियमन, 2024 की प्रयोज्यता, जो 13.12.2024 से प्रभावी है, के बाद से, बैंक परिचालन संबंधी कमी के कारण लगे सभी जुर्मानों की नियमित रूप से सूचना दे रहा है तथा स्टॉक एक्सचेंजों को समय-समय पर रिपोर्टिंग और प्रकटीकरण सुनिश्चित कर रहा है। Since the applicability of SEBI (LORD), 2015 (3rd amendment) Regulation, 2024, effective from 13.12.2024, the bank is regular in informing all the fines occurred due to operational deficiency and has ensured periodic reporting and disclosures to the stock exchanges	जैसा कि उल्लेख किया गया है, परिचालन संबंधी कमियों के कारण लगे सभी जुर्मानों की जानकारी बैंक आवधिक रूप से देता रहा है तथा स्टॉक एक्सचेंजों को समय-समय पर रिपोर्टिंग और प्रकटीकरण सुनिश्चित किया गया है। As mentioned, Bank is regular in informing all the fines occurred due to operational deficiency and has ensured periodic reporting and disclosures to the stock exchanges.

34 निदेशकों की जिम्मेदारी का कथन:

निदेशक पुष्टि करते हैं कि 31 मार्च, 2025 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए वार्षिक खाते तैयार करने में :

I. लागू लेखांकन मानकों का पालन किया गया, साथ ही उल्लेखनीय विचलन, यदि कोई हो, से संबंधित उचित स्पष्टीकरण दिया गया;

II. भारतीय रिजर्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार तैयार की गईं लेखा नीतियों का पालन किया गया। और उन्हें सुसंगत रूप से लागू किया तथा ऐसे निर्णय और अनुमान लगाए जो उचित और विवेकपूर्ण हैं, ताकि वित्तीय वर्ष के अंत में बैंक की स्थिति और उस अवधि के लिए बैंक के लाभ और हानि का सही और निष्पक्ष दृष्टिकोण प्रस्तुत किया जा सके;

III. निदेशकों ने बैंक की परिसंपत्तियों की सुरक्षा तथा धोखाधड़ी और अन्य अनियमितताओं को रोकने और उनका पता लगाने के लिए बैंक हेतु लागू कानूनों के प्रावधानों के अनुसार पर्याप्त लेखा अभिलेखों के रखरखाव के लिए उचित और पर्याप्त सावधानी बरती;

IV. निदेशकों ने वार्षिक खातों को व्यवसाय की निरंतरता के आधार पर तैयार किया;

V. निदेशकों ने यह सुनिश्चित किया कि बैंक द्वारा अपनाए जाने वाले आंतरिक वित्तीय नियंत्रण, इस संबंध में भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार हैं तथा ऐसे आंतरिक वित्तीय नियंत्रण पर्याप्त हैं और प्रभावी रूप से कार्य कर रहे हैं; तथा

VI. निदेशकों ने सभी लागू कानूनों के प्रावधानों के अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए उचित प्रणालियां तैयार कीं, ऐसी प्रणालियां पर्याप्त हैं और प्रभावी रूप से कार्य कर रही हैं।

34 Directors' Responsibility Statement:

The Directors confirm that in the preparation of the annual accounts for the Financial Year ended March 31, 2025

I. The applicable accounting standards have been followed along with proper explanation relating to material departures, if any;

II. The accounting policies framed in accordance with the guidelines of RBI were followed and applied consistently and made judgments and estimates that are reasonable and prudent so as to give a true and fair view of the state of affairs of the Bank at the end of the financial year and of the profit and loss of the Bank for that period;

III. Proper and sufficient care were taken for the maintenance of adequate accounting records in accordance with the provisions of applicable laws to the Bank for safeguarding the assets of the Bank and for preventing and detecting fraud and other irregularities.

IV. Annual accounts have been prepared on a going concern basis.

V. Internal financial controls followed by the Bank are in accordance with guidelines issued by RBI in this regard and that such internal financial controls are adequate and were operating effectively.

VI. Proper systems were in place to ensure compliance with the provisions of all applicable laws and that such systems were adequate and operating effectively.

35 निदेशक मंडल में परिवर्तन:

वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान, बैंक के निदेशक मंडल में निम्नलिखित परिवर्तन हुए:

I. बैंक में निदेशक के रूप में कार्यकाल पूरा होने पर श्री शशांक श्रीवास्तव, दिनांक 20.12.2024 से बैंक के बोर्ड में निदेशक के पद पर नहीं रहे,

II. बैंक में निदेशक के रूप में कार्यकाल पूरा होने पर श्री एस. बलजीत सिंह, दिनांक 20.12.2024 से बैंक के बोर्ड में निदेशक के पद पर नहीं रहे।

35 Changes In The Board Of Directors:

During FY 2024-25, the following changes took place in the Board of Directors:

I. Shri Shashank Shrivastava, ceased to be a Director on the Board of the Bank w.e.f. 20.12.2024 on completion of his tenure as a Director in the Bank

II. Shri S. Baljit Singh, ceased to be a Director on the Board of the Bank w.e.f. 20.12.2024 on completion of his tenure as a Director in the Bank

36 लाभांश वितरण नीति:

सेबी (लिस्टिंग अनिवार्यताएं और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के खंड 43ए के अनुसार, बैंक ने लाभांश वितरण नीति बनाई है और यह बैंक की वेबसाइट www.bankofmaharashtra.in पर उपलब्ध है।

36 Dividend Distribution Policy:

In terms of Clause 43A of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, Bank has formed a Dividend Distribution Policy and the same is available on the Bank's website i.e. www.bankofmaharashtra.in.

37 व्यावसायिक उत्तरदायित्व और स्थिरता रिपोर्ट:

सेबी (लिस्टिंग अनिवार्यताएं और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के अनुसार, वर्ष 2024-25 के लिए व्यावसायिक उत्तरदायित्व और स्थायित्व रिपोर्ट तैयार की गई है और यह वार्षिक रिपोर्ट का हिस्सा है तथा बैंक की वेबसाइट यानी www.bankofmaharashtra.in पर भी उपलब्ध है।

37 Business Responsibility and Sustainability Report:

As per the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, business responsibility and sustainability report for the year 2024-25 has been prepared and is part of Annual Report and also is available on the Bank's website i.e. www.bankofmaharashtra.in.

38 वित्तीय वर्ष 2024-25 में बैंक द्वारा प्राप्त प्रमुख पुरस्कार

I. वर्ष 2024-25 में आईबीए द्वारा 20वें वार्षिक बैंकिंग प्रौद्योगिकी सम्मेलन, एक्सपो और प्रशस्ति पत्र में बैंक को सभी सात श्रेणियों में सात पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। मध्यम आकार के बैंक की श्रेणी में यह पुरस्कार, हमारे बैंक को लगातार दूसरी बार प्राप्त हुआ।

II. बिजनेस टुडे द्वारा सर्वश्रेष्ठ बैंक पुरस्कारों में बैंक को, प्रतिष्ठित सर्वश्रेष्ठ मध्यम आकार के बैंक पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

III. डन एंड ब्रेडस्ट्रीट बीएफएसआई और फिनटेक शिखर सम्मेलन 2025 में बैंक को भारत के 'अग्रणी मध्यम आकार के सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक' के रूप में मान्यता प्रदान की गई।

IV. आपके बैंक को ईएसजी और स्थिरता पहल और परिचालन दक्षता में उत्कृष्टता के लिए आईबीईएक्स पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

V. एसोचैम द्वारा आयोजित 11वें एमएसएमई बैंकिंग ऐक्सेलेन्स अवार्ड 2025 में आपके बैंक को "सर्वश्रेष्ठ एमएसएमई ऋणप्रदाता (पीएसयू) विजेता पुरस्कार" भी प्राप्त हुआ।

VI. भारतीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम चैंबर द्वारा आयोजित एमएसएमई बैंकिंग ऐक्सेलेन्स अवार्ड 2024 के अंतर्गत "सीएसआर पहल एवं व्यावसायिक जिम्मेदारी" के लिए बैंक को पुरस्कृत किया गया।

38 Major Awards won by Bank in FY 2024-25.

I. Bank has been awarded in all seven categories in 20th Annual Banking Technology Conference, Expo & Citations by IBA in the year 2024-25. This was second consecutive time for our bank in the category of mid-size bank.

II. The Bank was honored with the prestigious best Mid-sized Bank award in the Best Bank Awards by Business Today.

III. The Bank has been recognized as India's 'Leading Mid-Sized Public Sector Bank' at the Dun & Bradstreet BFSI & FinTech Summit 2025.

IV. Your Bank was conferred with IBEX Award for excellence in ESG & Sustainability initiatives and Operational Efficiencies.

V. Your Bank also received "Best MSME Lending (PSU) Winner Award" in 11th MSME Excellence Awards 2025 hosted by ASSOCHAM.

VI. CSR Initiative & Business Responsibility" in MSME Banking Excellence Awards 2024 hosted by Chamber of Indian Micro, Small & Medium Enterprises

39 आभार:

निदेशक मंडल निवर्तमान निदेशकों द्वारा किए गए योगदान के लिए सराहना व्यक्त करता है।

निदेशक मंडल भारत सरकार, भारतीय रिजर्व बैंक, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड, बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण, भारतीय बैंक संघ, स्टॉक एक्सचेंज और डिपाजिटरीज को उनकी बहुमूल्य सलाह, मार्गदर्शन और सहायता के लिए; ग्राहकों और हितधारकों को उनके संरक्षण के लिए; प्रतिनिधियों और सहयोगियों को उनके सहयोग के लिए और "महाबैंक परिवार" के सभी कर्मचारियों को बैंक के समग्र विकास में उनकी अप्रतिम प्रतिबद्धता और योगदान के लिए हार्दिक आभार व्यक्त करना चाहता है।

निदेशक मंडल के लिए और उनकी ओर से

स्थान: पुणे
दिनांक : 25.04.2025

(निधु सक्सेना)
प्रबंध निदेशक एवं सीईओ

39 Acknowledgement:

The Board of Directors place on record their appreciation for the contribution made by the outgoing Directors.

The Board of Directors wishes to express sincere gratitude to the Government of India, the Reserve Bank of India, the Securities and Exchange Board of India, Insurance Regulatory and Development Authority, Indian Banks' Association, Stock Exchanges and Depositories for their valuable advice, guidance and support; to the Customers and Stakeholders for their patronage; to the correspondents and associates for their co-operation and to all the members of staff of "Mahabank Family" for their unstinted commitment and contribution to the overall development of the Bank.

For and on behalf of the Board of Directors

Place: Pune
Date: 25.04.2025

(Nidhu Saxena)
Managing Director and CEO

बैंक ऑफ महाराष्ट्र
Bank of Maharashtra

फॉर्म नंबर एमआर-3
सचिवीय लेखा परीक्षा रिपोर्ट

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 204 (1) और कंपनियां
नियम, 2014 के नियम क्र.9 (नियुक्ति और पारिश्रमिक कार्मिक) के अनुसरण में
और सेबी के दिनांक 08 फरवरी, 2019 के परिपत्र
परि/सीएफडी/सीएमडी1/ 27/2019 के अनुसार

सचिवीय लेखा परीक्षा रिपोर्ट
31 मार्च, 2025 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए

प्रति,
सदस्य,
बैंक ऑफ महाराष्ट्र,
"लोकमंगल", 1501, शिवाजीनगर,
पुणे - 411005

हमने लागू सांविधिक प्रावधानों के अनुपालन और मे. बैंक ऑफ महाराष्ट्र (इसके पश्चात "बैंक" कहा गया है) द्वारा श्रेष्ठ कॉर्पोरेट प्रथाओं के पालन की सचिवीय लेखा परीक्षा आयोजित की है।

सचिवीय लेखापरीक्षा इस प्रकार से की गई कि हमें कॉर्पोरेट आचार/ सांविधिक अनुपालनों का मूल्यांकन करने तथा उस पर अपनी राय व्यक्त करने के लिए एक उचित आधार प्राप्त हुआ।

बैंक द्वारा रखी गई बैंक की बहियां, कागजात, कार्यवृत्त पुस्तिकाएं, प्रपत्र और फाईल की गई विवरणियां व अन्य अभिलेख और बैंक, इसके अधिकारियों, एजेंटों और प्राधिकृत प्रतिनिधियों द्वारा सचिवीय लेखा परीक्षा के संचालन के दौरान उपलब्ध कराई गई सूचनाओं के आधार पर, हम एतद्वारा सूचित करते हैं कि हमारी राय में, बैंक ने 31 मार्च 2025 को समाप्त वित्तीय वर्ष को समाप्त अवधि के दौरान निम्नलिखित में उल्लिखित सांविधिक प्रावधानों का अनुपालन किया है और साथ ही बैंक के पास उचित बोर्ड-प्रक्रियाएं और अनुपालन-तंत्र इस सीमा तक मौजूद हैं, जिसके आधार पर इसके पश्चात निम्नानुसार रिपोर्टिंग की गई है :

हमने निम्नलिखित प्रावधानों के अनुसार 31 मार्च 2025 को समाप्त वित्तीय वर्ष हेतु बैंक की बहियों, कागजात, कार्यवृत्त पुस्तिकाएं, प्रपत्र और दर्ज की गई विवरणियों व अन्य अभिलेखों की जांच की है:

(i) कंपनी अधिनियम, 2013 ("अधिनियम") और इसके तहत बनाए गए नियम, जहां तक लागू हों;

(ii) प्रतिभूति संविदा (विनियमन) अधिनियम, 1956 ('एससीआर') और इसके अंतर्गत बनाए गए नियम;

(iii) डिपॉजिटरी अधिनियम, 1996 और विनियमों और उसके अंतर्गत बनाए गए उप नियम;

(iv) विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम, 1999 और विदेशी प्रत्यक्ष निवेश, ओवरसीज प्रत्यक्ष निवेश और बाह्य वाणिज्यिक उधार की सीमा तक उसके अंतर्गत बनाए गए नियम और विनियम ;

(v) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड अधिनियम, 1992 ('सेबी अधिनियम') के अंतर्गत निम्नलिखित विनियम और दिशानिर्देश निर्धारित हैं: -

(क) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (शेयरों और अधिग्रहणों का पर्याप्त अधिग्रहण) विनियम, 2011;

(ख) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीकरण और प्रकटीकरण आवश्यकताओं की सूची) विनियम, 2015 **("सेबी एलओडीआर विनियम, 2015")**

(ग) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (आंतरिक व्यापार का निषेध) विनियम, 2015;

(घ) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (पूंजी और प्रकटीकरण आवश्यकताओं का निर्गम) विनियम, 2018; **("सेबी एलओडीआर विनियम, 2018")**

(ङ) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (शेयर आधारित कर्मचारी लाभ) विनियम, 2014;

(च) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (अप्रत्यावर्तनीय तथा प्रतिदेय अधिमानी शेयरों का निर्गम और सूचीबद्धकरण) विनियम, 2021;

(छ) कंपनी अधिनियम और ग्राहक के साथ व्यवहार के संबंध में भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (निर्गम और शेयर हस्तांतरण एजेंट के लिए रजिस्ट्रार) विनियम, 1993

(ज) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (इक्विटी शेयरों का डीलिस्टिंग) विनियम, 2009; **(वर्ष के दौरान लागू नहीं)**

(झ) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (प्रतिभूति पुनर्खरीद) विनियम, 1998; **(वर्ष के दौरान लागू नहीं)**

(ञ) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (निर्गमन बैंककार) विनियम, 1994;

(ट) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (मर्चेंट बैंकर्स) विनियम, 1992;

(ठ) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (निक्षेपागार और सहभागी) विनियम, 2018;

(ड) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (डिबेंचर ट्रस्टी) विनियम, 1993;

(ढ) विशेष रूप से बैंक के लिए लागू अन्य कानून:

(i) बैंकिंग कंपनियाँ (उपक्रमों का अधिग्रहण और अंतरण) अधिनियम, 1970

(ii) जो बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 के साथ पढ़ा गया।

(iii) राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन और विविध प्रावधान) योजना, 1970

(iv) बैंक ऑफ महाराष्ट्र (शेयर और मीटिंग) विनियम, 2004

(v) भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934

(vi) बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949

(vii) बैंकर बुक एविडेंस एक्ट, 1891

(viii) बैंकिंग लोकपाल योजना, 2006

(ix) बैंकिंग कंपनियाँ (अभिलेखों के संरक्षण की अवधि) नियम, 1985

(x) प्रतिभूतिकरण और वित्तीय आस्तियों का पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 (सरफेसी) तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002

(xi) धनशोधन निवारण अधिनियम, 2002 तथा धनशोधन निवारण (अभिलेखों का रखरखाव) नियम, 2005

(xii) दिवाला व दिवालियापन कोड, 2016

हमने निम्नलिखित लागू खंडों के साथ अनुपालन की भी जांच की है –

(i) दी इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेटरीज़ ऑफ इंडिया द्वारा जारी सचीवीय मानक – लागू नहीं

(ii) बीएसई लिमिटेड और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड के साथ बैंक द्वारा किए गए सूचीकरण करार।

समीक्षाधीन अवधि के दौरान बैंक ने निम्नलिखित टिप्पणियों के साथ ऊपर उल्लिखित यथा लागू अधिनियम, नियमों, विनियमों, दिशानिर्देश, मानकों आदि के प्रावधानों का अनुपालन किया है:

क) सेबी एलओडीआर विनियम, 2015 के अनुसार बैंक के निदेशक मंडल में कोई स्वतंत्र महिला निदेशक नहीं है।

ख) सेबी एलओडीआर विनियम, 2015 के अनुसार स्वतंत्र निदेशकों की संख्या निदेशक मंडल के सदस्यों की कुल संख्या के 50% से कम थी।

ग) सेबी एलओडीआर विनियम, 2015 के विनियम 17(1ई) के अनुसार निदेशकों की रिक्ति तीन महीने के भीतर नहीं भरी गई।

घ) बैंक की लेखा परीक्षा समिति में न्यूनतम 3 सदस्य और दो तिहाई स्वतंत्र निदेशक सदस्य के रूप में शामिल नहीं थे, साथ ही इस समिति में 20.12.2024 से 31.03.2025 तक नियमित अध्यक्ष नहीं थे, जैसा कि सेबी (एलओडीआर) विनियम, 2015 के अनुसार दो स्वतंत्र निदेशकों का कार्यकाल पूरा होने के कारण अपेक्षित है।

